30 मई, 2025
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 219

नयी शिक्षा नीति पर राज्यपाल ने कुलपतियों संग की अहम बैठक



# शराब घोटाला : आइएएस विनय चौबे समेत चारों अधिकारी निलंबित

- कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी की, 20 मई से ही हुआ निलंबन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड शराब घोटाला मामले में आइएएस विनय चौबे, संयुक्त उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह, झाप्रसे के दो अधिकारी सुधीर कुमार और सुधीर कुमार दास को गुरुवार को निलंबित कर दिया गया। इस संबंध में सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व उत्पाद सचिव सह उत्पाद आयुक्त विनय चौबे और संयुक्त उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह को राज्य सरकार ने निलंबित कर दिया है। कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग ने मुख्यमंत्री के आदेश के बाद इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। दोनों अधिकारियों को गिरफ्तारी की तिथि 20 मई से निलंबित किया गया है। वहीं, झारखंड राज्य बेवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड महाप्रबंधक सुधीर कुमार और सुधीर कुमार दास को 21 मई से निलंबित किया गया है।

**शराब घोटाला कांड में किया गया था गिरफ्तार :** मालूम हो कि एंटी करपशन ब्यूरो (एसीबी) ने 38 करोड़ के घोटाले में विनय चौबे और गजेंद्र सिंह को 20 मई को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा भेज दिया। इसके दूसरे दिन 21 मई को एसीबी ने सुधीर कुमार और सुधीर कुमार दास को गिरफ्तार किया था। इन्हें भी न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। विनय चौबे तबियत खराब होने की बजह से फिलहाल रिम्स में भर्ती हैं।



## विनय चौबे और गजेंद्र सिंह से पूछताछ शुरू

रांची (आजाद सिपाही)। एसीबी ने आइएएस विनय चौबे और संयुक्त सचिव गजेंद्र सिंह से पूछताछ शुरू कर दी है। गजेंद्र सिंह को एसीबी मुख्यालय लाया गया। जहां उनसे शराब घोटाले मामले में पूछताछ हुई। बताते चलें कि कोर्ट ने एसीबी को विनय चौबे और गजेंद्र सिंह को दो दिन के लिए रिमांड दिया है। गुरुवार को रिमांड का पहला दिन था। उधर, शराब घोटाले मामले में गुरुवार को शिपिज त्रिवेदी से भी पूछताछ हुई। त्रिवेदी विनय चौबे के रिश्तेदार हैं।

# पत्नी कल्पना संग तीर्थ यात्रा पर गये हेमंत

## 16वें वित्त आयोग की बैठक आज, वित्त मंत्री रहेंगे मौजूद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पत्नी कल्पना सोरेन संग गुरुवार को तीर्थ यात्रा पर गये। वह उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में स्थित केदारनाथ धाम जायेंगे। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा कर एक जून को वापस रांची लौटेंगे। इधर सीएम की अनुपस्थिति में शुक्रवार को 16वें वित्त आयोग की टीम के साथ राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर बैठक करेंगे।

बताते चलें कि मुख्यमंत्री ने बुधवार को 16वें वित्त आयोग की बैठक को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की थी। उन्होंने अधिकारियों को बैठक को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये हैं। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर अधिकारियों के साथ बैठक की तैयारी में लगे हैं। वित्त आयोग की टीम ने गुरुवार को देवघर में पूजा-अर्चना की और वहां बैठक की।



फाइल फोटो

# आतंकवादियों को सौंपे और पीओके खाली करे पाकिस्तान: विदेश मंत्रालय

- भारत ने अपना पक्ष एक बार फिर साफ किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीमा पर चले संघर्ष के दौरान भारत ने अपना पक्ष साफ कर दिया है कि आतंकवाद और बातचीत एक साथ नहीं चल सकते हैं। वहीं विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि जहां तक पाकिस्तान के साथ हमारे संबंधों का सवाल है, हमारा रुख स्पष्ट है। सिर्फ दो पक्षों के ही बीच बातचीत होगी। हम दोहराना चाहेंगे कि आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ नहीं चल सकते। उन्हें भारत को उन कुख्यात आतंकवादियों को सौंपना होगा, जिनके रिकॉर्ड और सूची हमने कुछ साल पहले उन्हें सौंपी थी।

**पीओके खाली होने के बाद जम्मू-कश्मीर पर होगी बातचीत:** रणधीर जायसवाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर पर बातचीत तभी होगी जब पीओके खाली हो जायेगा और पाकिस्तान हमें वह इलाका सौंप देगा। इसके साथ ही सिंधु उन्होंने कहा कि जहां तक सिंधु जल संधि का सवाल है, यह तब तक स्थगित रहेगी जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को अपना समर्थन विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से त्याग नहीं देता।

## पाकिस्तान को ज्यादा नुकसान कर सकते थे, लेकिन हमने संयम बरता : राजनाथ सिंह



**नयी दिल्ली/श्रीनगर (आजाद सिपाही)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के लोग भारत के अपने परिवार का हिस्सा हैं। वह दिन दूर नहीं, जब वे अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनकर भारत लौट आयेंगे। उन्होंने कहा कि पीओके वाले हमारे अपने लोग हैं। पाकिस्तान से सिर्फ पीओके पर बात होगी। हम आतंकवाद बर्दाश्त नहीं करेंगे। पीओके हमारा होकर रहेगा। एक दिन पीओके कहेगा मैं भारत होकर रहूंगा। रक्षा मंत्री गुरुवार को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआइआइ) के सालाना शिखर सम्मेलन में बोल रहे थे। राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी हमलों का जवाब देते हुए हम और ज्यादा नुकसान पहुंचा सकते थे, लेकिन हमने संयम बरता। आपने देखा कि कैसे हमने पहले आतंकी ठिकाने तबाह किये और फिर दुश्मन के एयरबेस। हमने दुनिया के सामने शक्ति और समन्वय का एक उदाहरण पेश किया है। आज पाकिस्तान को आतंकवाद का कारोबार चलाने की भारी कीमत का एहसास हो गया है।

# पाकिस्तान समझ ले, तीन बार घर में घुसकर मारा है हमने : मोदी

## प्रधानमंत्री ने बंगाल में भरी हुंकार, ममता सरकार पर भी साधा निशाना

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार और कूचबिहार जिलों को 1,010 करोड़ रुपये की सौगात दी। उन्होंने यहां सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) परियोजना की आधारशिला रखी। यहां लोगों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और पाकिस्तान के दुस्साहसों का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि कैसे भारत ने तीन पाकिस्तान को उसके घर में घुसकर मारा। मोदी ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने जो बर्बरता की, उसके बाद पश्चिम बंगाल में भी बहुत गुस्सा था। आपके भीतर जो आक्रोश था, आपका जो गुस्सा था, उसको मैं भलीभांति समझता था। आतंकवादियों ने हमारी बहनों का सिंदूर मिटाने का दुस्साहस किया। हमारी सेना ने उनको सिंदूर की शक्ति का अहसास करा दिया। हमने आतंक के उन ठिकानों को तबाह किया, जिसकी पाकिस्तान ने कल्पना तक नहीं की थी।

**आतंक और नरसंहार पाकिस्तानी सेना की सबसे बड़ी एक्सपरटाइज :** प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंक को पालने वाले पाकिस्तान के पास दुनिया को देने के लिए कुछ भी सकारात्मक नहीं है। जब से वो अस्तित्व में आये हैं, तब से ही उसने सिर्फ आतंक को पाला है। 1947 में बंटवारे के बाद से ही उसने भारत पर आतंकी हमला किया। कुछ सालों के बाद उसने यहां पड़ोस में आज के बांग्लादेश में जो आतंक फैलाया, पाकिस्तान की सेना ने जिस प्रकार बांग्लादेश में दुष्कर्म और हत्याएं कीं, वो कोई भूल नहीं सकता। आतंक और नरसंहार पाकिस्तानी सेना की सबसे बड़ी एक्सपरटाइज है।

**पाकिस्तान की सेना आतंकियों का सहारा लेती है :** मोदी ने कहा कि जब सीधा युद्ध लड़ा जाता है, तब उसकी हार तय होती है, उसकी पराजय निश्चित होती है। यही कारण है कि पाकिस्तान की सेना आतंकियों का सहारा लेती है। पहलगाम हमले के बाद अब भारत ने दुनिया को बता दिया है कि अगर अब भारत पर आतंकी हमला हुआ, तो दुश्मन को उसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। पाकिस्तान समझ ले, तीन बार घर में घुसकर मारा है तुम्हे। बंगाल की इस धरती से ये 140 करोड़ भारतीयों का एलान है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है।

**टीमएसी के लोग कट कमीशन मांग रहे :** राज्य की सत्ताधारी पार्टी टीएमसी पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि केंद्र की बीजेपी सरकार देशभर में गरीबों को पक्के घर दे रही लेकिन यहां लाखों परिवारों का घर नहीं बन पा रहा है क्योंकि टीमएसी के लोग इसमें भी गरीब के पास से कट और कमीशन की मांग कर रहे हैं। आज बंगाल एक साथ कई संकटों से घिरा हुआ है। पहला संकटः समाज में फैली हिंसा और अराजकता का है। दूसराः माताओं बहनों की असुरक्षा का है। उन पर हो रहे जघन्य अपराधों का है। तीसराः नौजवानों की बेरोजगारी का है। चौथाः करप्शन का है। पांचवां- गरीबों का हक छीनने वाली सत्ताधारी पार्टी का है।

## पटना में प्रधानमंत्री ने किया रोड-शो, भाजपा कार्यालय में बैठक भी की



पटना (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो दिवसीय बिहार दौरे के तहत गुरुवार शाम को पटना पहुंचे। यहां एयरपोर्ट के नये टर्मिनल का लोकार्पण किया और बिहटा एयरपोर्ट की आधारशिला भी रखी। कार्यक्रम में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मौजूद थे। इसके बाद वहा रोड-शो करते हुए भाजपा दफ्तर पहुंचे। यहां भाजपा कोर कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक की। इसमें भाजपा के सांसद, विधायक समेत संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने पटना में 6 किमी लंबा रोड शो किया, जो 72 मिनट में पूरा हुआ। रोड शो में हजारों की भीड़ दिखी। 35 डिग्री टेंपरेचर में लोग हाथ में तिरंगा लिये सड़क किनारे खड़े दिखे। पीएम मोदी ने गाड़ी से ही लोगों का अभिवादन किया। भाजपा कार्यालय से प्रधानमंत्री राजभवन पहुंचे। यहां रात्रि विश्राम करेंगे और शुक्रवार सुबह वह रोहतास के विक्रमगंज के लिए रवाना होंगे।

## अमेरिकी कोर्ट ने ट्रंप के टैरिफ पर लगायी रोक

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ को फेडरल ट्रेड कोर्ट ने असंवैधानिक करार देते हुए रोक लगा दी है। कोर्ट ने साफ कहा कि ट्रंप ने अपनी शक्तियों का दुरुपयोग किया और संविधान के दायरे से बाहर जाकर ये टैरिफ लगाने की कोशिश की। मैनहट्टन की फेडरल कोर्ट ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड ने ट्रंप के इस कदम को गैर-कानूनी ठहराया। कोर्ट के तीन जजों की बेंच ने कहा कि ट्रंप ने इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट (आइइपीए) का गलत इस्तेमाल किया। ये कानून राष्ट्रपति को आपातकाल में कुछ खास शक्तियां देता है, लेकिन कोर्ट ने माना कि ट्रंप ने इसे बिना ठोस आधार के इस्तेमाल किया।

## मस्क ने छोड़ा ट्रंप का साथ

उधर, टेस्ला के मालिक और अमेरिकी अरबपति इलॉन मस्क ने ट्रंप प्रशासन छोड़ दिया है। उन्होंने भारतीय समय के मुताबिक गुरुवार सुबह 5.30 बजे सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी। मस्क ने कहा कि स्पेशल गवर्नमेंट एंप्लॉई के तौर पर मेरा समय पूरा हुआ। उन्होंने इस जिम्मेदारी के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को धन्यवाद भी दिया। ट्रम्प ने मस्क को डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (डीओजीइ) का जिम्मा दिया था। जिसका काम सरकार की फिजूलखर्ची कम करना था। हलांकि मस्क के इस्तीफे की स्पष्ट वजह सामने नहीं आयी है।

## न्यूज रील्स

### सुप्रीम कोर्ट को मिले तीन नये जज

नयी दिल्ली। जस्टिस एनवी अंजारिया, विजय बिश्नोई और एएस चंदुरकर को सुप्रीम कोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। यह जानकारी कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने दी। इससे पहले सीजेआइ बीआर गवई की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने इन जजों के नामों की सिफारिश की थी। सरकार के नोटिफिकेशन के साथ ही सुप्रीम कोर्ट की फुल स्ट्रेंथ 34 का कोरम पूरा हो गया है।

### पाकिस्तान सीमा से सटे राज्यों में 31 मई को होगी मॉक ड्रिल

नयी दिल्ली। ऑपरेशन शील्ड के तहत अब 31 मई को जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा और चंडीगढ़ में मॉक ड्रिल की जायेगी। यह ड्रिल पहले 29 मई को होनी थी, लेकिन प्रशासनिक कारणों से स्थगित कर दी गयी। इससे पहले 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर से कुछ घंटे पहले देशभर में मॉक ड्रिल करायी गयी थी। बता दें कि नागरिक सुरक्षा नियम, 1968 की धारा 19 के तहत मिली शक्तियों का प्रयोग करते हुए गृह मंत्रालय ने 31 मई को ऑपरेशन शील्ड आयोजित करने का फैसला लिया है।

# रामभद्राचार्य ने सेना प्रमुख से गुरु दक्षिणा में मांगा पीओके

- बोले, हमला हुआ तो पाक दुनिया के नक्शे से मिट जायेगा
- सेना प्रमुख को वही दीक्षा दी है, जो सीता माता ने हनुमान जी को लंका विजय के लिए दी थी

आजाद सिपाही संवाददाता

**सतना।** जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी से गुरु दक्षिणा के रूप में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) मांगा है। रामभद्राचार्य ने कहा कि पाकिस्तान ने दोबारा हमला किया, तो वह दुनिया के नक्शे से मिट जायेगा। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी पत्नी के साथ सतना जिले के चित्रकूट पहुंचे थे। उन्होंने यहां पद्म विभूषण जगद्गुरु रामभद्राचार्य से मुलाकात की। जगद्गुरु ने कहा कि सेना प्रमुख को वही दीक्षा दी है, जो सीता माता ने हनुमान जी को लंका विजय के लिए दी थी।



## सेना प्रमुख बोले, भगवान के बाद डॉक्टर सबसे बड़े

सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय पहुंचे जनरल द्विवेदी ने कहा कि मैं चिकित्सा पृष्ठभूमि से आता हूं और मानता हूं कि डॉक्टर भगवान के बाद सबसे बड़े होते हैं। नेत्र चिकित्सा हमारे सैनिकों के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहां जो सेवा हो रही है, वह निस्संदेह मानवता की सच्ची सेवा है।

**पद्मश्री डॉ बुधेंद्र कुमार जैन से की मुलाकात :** सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी चित्रकूट स्थित तुलसी पीठ पहुंचे थे। वहां कांच मंदिर में उन्होंने दिव्यांग छात्रों को संबोधित किया। कार्यक्रम के बाद सेना प्रमुख सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट गये। यहां उन्होंने पद्मश्री डॉ बुधेंद्र कुमार जैन से मुलाकात की और कहा कि सेना के अधिकारियों को इस सेवा कार्य को देख कर प्रेरणा लेनी चाहिए। द्विवेदी ने भारतीय सेना की ओर से डॉ जैन को स्मृति चिन्ह भेंट किया। साथ ही चार प्रतिष्ठित व्यक्तियों को वेटरन अचीवर्स अवॉर्ड से सम्मानित किया।

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

SMD TRADERS
कटहल मोड़ चौक
पटाखा गली, श्रीराम नगर
गुटवा, थाना - नगरी, राँची
हम मुर्गा छाप एवं अन्य ब्राण्डेड कंपनियों के पटाखें अन्यों से 10% कम भाव में थोक एवं खुदरा विक्रेता
जाओ मम्मी - पापा जाओ एसएमडी के पटाखे लाओ
क्यो ?..................इसलिए !
मम्मी पापा से कहते है बच्चे एसएमडी के पटाखे अच्छे
संपर्क करें :
6201474385
7488680098
9717720847

TPWODL
TP WESTERN ODISHA
DISTRIBUTION LIMITED
(A Joint Venture of Tata Power and Government of Odisha)
TPWODL की ओर से शीतलषष्ठी के अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ एवं अभिनंदन
► अवैध रूप से बिजली का उपयोग खतरे को आमंत्रित करना है और अपराध का कार्य है। अपने क्षेत्र में बिजली चोरी को रोकें।
► बिजली शक्ति को नष्ट होने से रोकें एवं ऊर्जा संसाधन को भविष्य के लिए बचाकर रखें और राष्ट्र निर्माण में सहयोग दें।
► सही क्षमता एवं आईएसआई मार्कवाले बिजली उपकरण का उपयोग करें और स्वीकृति प्राप्त इलेक्ट्रीशियनों द्वारा कार्य करवाएँ।
► किसी घरेलू बिजली उपकरण से शक या झटका महसूस होने पर सही जाँच के बिना उसका उपयोग न करें।
► बिजली के तार के नीचे किसी प्रकार का निर्माण कार्य, पूजा, मेला इत्यादि हेतु पंडाल निर्माण, परिवहन या सामान आदि जमा न करें।
► किसी भी बिजली सामग्री पर आग लगने पर उस पर पानी न डालें ।
► सुरक्षा नियम का पालन करें एवं बिजली दुर्घटना से बचते हुए धन जन हानि होने से रोकें।
बिजली ग्राहक ध्यान दें:
► बिजली का बिल बकाया न रखकर निर्धारित तारीख के बीच भुगतान करें एवं ऑनलाईन बिजली भुगतान कर 4%* से 5%* तक रियायत की सुविधा का लाभ उठाएँ।
► ग्राहक सेवा केंद्र, संपर्क केंद्र तथा विभिन्न ऑनलाईन एप के माध्यम से सरल एवं सुविधा में बिजली बिल जमा कराएँ।
* शर्तें लागू
TPWODL निरन्तर आपकी सेवा में समर्पित
बिजली सेवा संबंधित सूचना एवं शिकायत हेतु टोलफ्री नं.-1800-3456-798/1912 से संपर्क करें।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 30 मई, 2025
www.azadsipahi.in


# झारखंड में पकने लगी जातीय जनगणना, पेसा और सरना की फसल

- हर राजनीतिक दल के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं ये तीन अलग-अलग मुद्दे
- लेकिन यह विडंबना ही है कि किसी भी पार्टी का रुख नहीं रहा है साफ
- झारखंड की जनता को अब अपने रहनुमाओं के अगले कदम का है इंतजार

झारखंड की राजनीति जमीन पर इन दिनों तीन मुद्दों की फसल खूब लहलहा रही है है। ये मुद्दे हैं सरना धर्म कोड, पेसा कानून और जातीय जनगणना। दूसरे शब्दों में कहा जाये, तो राज्य की राजनीति इन तीन संवेदनशील मुद्दों के इर्द-गिर्द घूम रही है। सत्तारूढ़ गठबंधन जहां सरना धर्म कोड को लेकर सड़क से सदन तक आक्रामक मुद्रा में हैं, वहीं भाजपा ने पेसा कानून के सहारे सत्ताधारी गठबंधन पर निशाना साध लिया है। हालांकि इन मुद्दों पर तीनों ही प्रमुख दलों का अतीत संदेहों से भरा रहा है, जिससे आदिवासी समाज के वास्तविक हित सवालों के घेरे में आ गये हैं। वैसे तो सरना धर्म कोड का मुद्दा झारखंड में लंबे समय से चल रहा है, लेकिन केंद्र की मोदी सरकार ने जब से जातीय जनगणना कराने की घोषणा की है, तब से झारखंड में सरना धर्म कोड का मुद्दा जोर पकड़ चुका है। इसके जवाब में आदिवासी स्वशासन का मुद्दा, यानी पेसा कानून के बारे में भी बात होने लगी है। इन तीनों मुद्दों की सबसे खास बात यह है कि इनको लेकर किसी भी राजनीतिक दल का दृष्टिकोण पूरी तरह साफ नहीं है। जातीय जनगणना की घोषणा के बाद जिस तरह सरना और फिर उसके जवाब में पेसा कानून का मुद्दा उठाया गया है, झारखंड के लोग समझ गये हैं कि ये केवल राजनीतिक दलों की नूरा-कुश्ती है और सियासी उद्देश्य हासिल करने के लिए ही इन मुद्दों को हवा दी जा रही है। क्या हैं ये तीन मुद्दे और झारखंड की सियासत में इन तीनों का क्या है महत्व, इन सवालों के जवाब के साथ क्या है इन पर प्रमुख राजनीतिक दलों का स्टैंड, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष





राकेश सिंह

केंद्र की मोदी सरकार ने जबसे देश में जातीय जनगणना कराने की घोषणा की है, उन इलाकों की सियासत में अचानक एक उफान सा आ गया है, जो पारंपरिक राजनीति को केंद्र में रखते हैं। जातीय जनगणना का मुद्दा कांग्रेस से छीनने के बाद स्वाभाविक तौर पर भाजपा इस पर अधिक आक्रामक हो गयी है, इसलिए उसे जवाब देने की जरूरत खास कर कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को थी। इन दोनों ही पैमानों, यानी पारंपरिक राजनीतिक व्यवस्था और भाजपा विरोध की राजनीति के लिए झारखंड सबसे उपयुक्त राज्य है। सो यहां जातीय जनगणना की घोषणा के बाद सरना धर्म कोड का मुद्दा आया और फिर उसके जवाब में पेसा का मुद्दा उठाया जा रहा है।

दूसरे शब्दों में कहा जाये, तो झारखंड की राजनीति में सरना धर्म कोड, पेसा कानून और जातीय जनगणना के मुद्दे आज न केवल आदिवासी अस्मिता, बल्कि दलों की सियासी जमीन का सवाल बन चुके हैं। लेकिन इन मुद्दों के बीच यह सवाल भी बार-बार उठता है कि क्या राजनीतिक दल वाकई आदिवासी हितों के प्रति गंभीर हैं या ये केवल सियासी मोहरे हैं।

## जातीय जनगणना और सुरक्षित सीटों का गणित

बात शुरू करते हैं जातीय जनगणना से। केंद्र की मोदी सरकार ने देश में अगले साल जातीय जनगणना कराने की घोषणा की है। इसके बाद से ही झारखंड की सियासत में इसको लेकर बयानबाजी शुरू हो गयी। सत्तारूढ़ गठबंधन झारखंड में जातीय जनगणना को आदिवासी हितों के खिलाफ बता रहा है। ऐसा इसलिए, क्योंकि इस बार जनगणना में आदिवासियों की घटती संख्या की आशंका जतायी जा रही है, जिससे विधानसभा और लोकसभा की सुरक्षित सीटों की संख्या में बदलाव संभावित है। जानकारों का मानना है कि झामुमो इस मुद्दे को दबाने के लिए सरना धर्म कोड को हवा दे रहा है, ताकि जनसंख्या में गिरावट से उपजे असंतोष को रोका जा सके। वहीं भाजपा ने यह मुद्दा उठाकर यह संकेत दिया है कि वह आने वाले समय में आरक्षण, सीटों के पुनः निर्धारण और राजनीतिक समीकरणों को लेकर आक्रामक रणनीति अपनायेगी।

## सरना धर्म कोड: राजनीति की नयी जमीन

सरना धर्म कोड की मांग आदिवासी समाज की धार्मिक पहचान को मान्यता देने की पुरानी मांग रही है, लेकिन अब यह झारखंड की राजनीति में तूफान बन चुकी है। झामुमो और कांग्रेस ने इसे प्रमुख राजनीतिक मुद्दा बना लिया है और लगातार धरना-प्रदर्शन से सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा भी पीछे नहीं है। पार्टी ने इसे 'वोट बैंक की राजनीति' करार देते हुए विपक्ष को कठघरे में खड़ा किया है। लेकिन इतिहास बताता है कि इन दलों का अतीत उनके आज के दावों से मेल नहीं खाता। कांग्रेस पर आरोप है कि आजादी के बाद 1961 की जनगणना से आदिवासियों के लिए अलग कॉलम हटा दिया गया, जबकि 1951 तक यह कॉलम मौजूद था। वहीं झामुमो भी तब चुप्पी साधे रहा, जब केंद्र में यूपीए की सरकार थी। अब भाजपा की सरकार आने पर यह मुद्दा गर्मा गया है। भाजपा की विचारधारा भी सरना धर्म को एक स्वतंत्र धर्म मानने की जगह उसे हिंदू धर्म का हिस्सा मानती रही है।

## पेसा पर नयी चालें

पेसा कानून, जो आदिवासी क्षेत्रों में परंपरागत स्वशासन को मान्यता देने वाला महत्वपूर्ण कानून है, अब भाजपा के लिए आदिवासी समुदाय में अपनी पैठ बनाने का माध्यम बन गया है। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मौजूदा सरकार पर पेसा नियमावली लागू नहीं करने का आरोप लगाया है। भाजपा का कहना है कि सरकार जानबूझ कर नियमावली को लटका रही है, ताकि ग्रामीण इलाकों में आदिवासी समुदाय का सशक्तिकरण न हो सके। वहीं विपक्षी खेमा इसे राजनीतिक स्टंट बता रहा है और भाजपा की नीयत पर सवाल उठा रहा है।

## क्या है इन मुद्दों पर दलों का स्टैंड

कांग्रेस पर आरोप है कि आजादी के बाद उसने जनगणना में आदिवासियों के लिए बने सरना कॉलम को हटा दिया। 1951 तक आदिवासियों के लिए जनगणना में कॉलम था। बीच-बीच में कार्तिक उरांव सरीखे नेताओं ने आदिवासियों के लिए अलग कॉलम की मांग की। कांग्रेस दशकों देश की सत्ता पर काबिज रही, लेकिन जनगणना में आदिवासियों के लिए कोई कॉलम का प्रावधान नहीं किया गया।

आदिवासियों की अलग पहचान को कायम नहीं होने दिया। भाजपा तो शुरू से ही आदिवासियों को हिंदू धर्म का ही एक पंथ मानती रही है। आरएसएस इसके लिए काफी सिद्दत से काम करता रहा है। बात झामुमो की आती है तो उसका भी सरना धर्म कोड के मुद्दे पर दामन दागदार ही रहा। झामुमो ने कभी सरना धर्म कोड के मुद्दे को उस तरह मुद्दा नहीं बनाया, जब जब केंद्र में यूपीए या कांग्रेस की सरकार रही। लेकिन केंद्र में भाजपा की सरकार के होने के पर सरना धर्म कोड के मसले को वह हवा दे रहा है।

## दूसरे मुद्दों पर क्या है दलों का रुख

जहां तक जातीय जनगणना और पेसा का सवाल है, तो इन मुद्दों पर भी दलों की अलग-अलग डफली और अलग-अलग राग है। भाजपा ने अब इस मुद्दे को जोर से पकड़ा है। उसने वर्तमान सरकार पर पेसा लागू नहीं कर आदिवासी विरोधी होने का आरोप लगाया है। पेसा के मुद्दे पर भाजपा अनुसूचित क्षेत्र में आदिवासी, मुसलिम और इसाइ के गठजोड़ को समाप्त करना चाहती है। झामुमो के इस संगठित वोट बैंक में दरार पैदा करना चाहती है।

भाजपा का तर्क है कि पेसा आदिवासी हितों के लिए संसद से बनाया गया कानून है। इस कानून के माध्यम से आदिवासियों की परंपरा, संस्कृति और परंपरागत स्वशासन व्यवस्था को मजबूती दी गयी है। लेकिन राज्य सरकार इसे लंबित रख कर ग्रामीण इलाकों में आदिवासियों को मजबूत होने नहीं देना चाहती है।

राजनीतिक दलों के बीच इन तीन संवेदनशील मुद्दों को लेकर चल रहे विवाद के बीच झारखंड की जनता के सवाल कहीं नेपथ्य में चले गये हैं।

इस बात में कोई संदेह नहीं है कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झामुमो और उसकी सहयोगी कांग्रेस इस समय सरना धर्म कोड को लेकर जिस तरह उत्साहित है, उससे आदिवासियों के बीच उम्मीद की किरण जगी है। लेकिन जातीय जनगणना होने तक बाकी दोनों मुद्दों की नूरा-कुश्ती से झारखंड के आदिवासियों को क्या हासिल होगा, यह अभी वक्त के गर्भ में है।

---

# वायुसेना प्रमुख बोले-एक बार जो हमने कमिट कर दिया, फिर अपने-आप की भी नहीं सुनते

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने गुरुवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' को राष्ट्रीय की जीत बताया। उन्होंने कहा कि सभी भारतीय बलों ने मिल कर इसे बहुत ही पेशेवर तरीके से अंजाम दिया। सीआइआइ बिजनेस समिट में अपने संबोधन में उन्होंने यह भी कहा, 'हम सच्चाई के रास्ते पर चल रहे थे, मुझे लगता है कि इसमें भगवान भी हमारे साथ थे।' इस दौरान उन्होंने 'प्राण जाय पर वचन न जाये...' और 'एक बार हमने जो कमिट कर लिया है, उसके बाद अपने आप की भी नहीं सुनता' जैसी बातें भी कहीं।

वायुसेना प्रमुख ने कहा, 'हम जिस ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बात कर रहे हैं, यह एक राष्ट्रीय जीत है। मैं हर भारतीय का शुक्रिया अदा करता हूं। मुझे यकीन है कि हर भारतीय इस जीत की उम्मीद कर रहा था।' उन्होंने कहा, 'जैसा कि बार-बार कहा जाता रहा है कि यह एक ऐसा ऑपरेशन था, जिसे सभी ने बहुत ही पेशेवर तरीके से अंजाम दिया, सभी एजेंसियां, सभी बल, हम सभी एक साथ आये और जब सच्चाई आपके साथ होती है, तो सब कुछ अपने आप हो जाता है।'

उन्होंने कहा कि चाहे वह जमीन की ताकत हो या जल की, वायुसेना हमेशा रहेगी। वायु सेना को इन दोनों के लिए दिलचस्प होना होगा। हम जो भी ऑपरेशन करते हैं, हम उसे वायु सेना के बिना नहीं कर सकते। मुझे लगता है कि इस ऑपरेशन के दौरान भी यह बहुत अच्छी तरह से साबित हुआ है। हम सिर्फ भारत में उत्पादन के बारे में बात नहीं कर सकते। हमें भारत में ही डिजाइनिंग और विकास शुरू करने की जरूरत है। जब संख्या में उत्पादन की बात आती है, तो क्षमता सामने आती है। इसलिए हमें सेनाओं और उद्योग के बीच इस विश्वास को बनाये रखने की जरूरत है।

वायुसेना प्रमुख ने कहा, समयसीमा एक बड़ा मुद्दा है। इसलिए एक बार समयसीमा तय हो जाने के बाद मुझे लगता है कि एक भी परियोजना समय पर पूरी नहीं हुई है। इसलिए हमें इस पर गौर करना होगा। हम ऐसा वादा क्यों करें, जो पूरा नहीं हो सकता? अनुबंध पर हस्ताक्षर करते समय कभी-कभी हमें यकीन होता है कि यह काम पूरा नहीं होगा, लेकिन हम अनुबंध पर हस्ताक्षर कर देते हैं।

**'अभी से भविष्य के लिए तैयार रहना होगा'** : एयर चीफ मार्शल ने कहा, 'ऐसा समय था, जब हमें भारतीय उद्योग पर हमेशा संदेह रहता था कि यह वह उत्पाद नहीं दे सकता जो हम चाहते थे और हम बाहर की ओर अधिक देखते थे, लेकिन पिछले एक दशक से अधिक समय में चीजें काफी बदल गयी हैं। अब दुनिया की मौजूदा स्थिति ने हमें एहसास दिलाया है कि आत्मनिर्भरता ही एकमात्र समाधान है, हमें अभी से भविष्य के लिए तैयार रहना होगा।'

**'ऑपरेशन सिंदूर एक राष्ट्रीय जीत'** : एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा, 'मैं ऑपरेशन सिंदूर को रिकॉर्ड में रखना चाहता हूं, जिसके बारे में हम बात कर रहे हैं। यह एक राष्ट्रीय जीत है। मैं यहां मौजूद हर भारतीय को धन्यवाद देता हूं। मुझे यकीन है कि हर भारतीय ने इस जीत में योगदान दिया है। जैसा कि बार-बार कहा गया है, यह एक ऐसा ऑपरेशन था, जिसे सभी एजेंसियों, सभी बलों की ओर से बहुत ही पेशेवर तरीके से अंजाम दिया गया था। हम सभी एक साथ आए और जब सच्चाई एक साथ होती है, तो सब कुछ अपने आप हो जाता है।'

### युद्ध का चरित्र तेजी से बदला है और ऐसा होता रहेगा : नौसेना प्रमुख

इससे पहले सीआइआइ वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने भी हिस्सा लिया। उन्होंने कहा, '...युद्ध का चरित्र तेजी से बदला है और ऐसा होता रहेगा। सबसे पहले युद्ध और शांति के बीच की रेखाएं तेजी से धुंधली होती जा रही हैं। दूसरे, वाणिज्यिक प्रौद्योगिकी युद्ध को लोकतांत्रिक बनाती है, जिससे यह गैर-सरकारी लोगों के लिए उपलब्ध हो जाता है। अंत में सटीकता के युग में प्रवेश करते हुए, जहां अत्यधिक सटीक क्षमताएं और बड़ी संख्या दोनों ही हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं। हम यह भी जानते हैं कि आतंकी कृत्यों जैसे गैर-पारंपरिक खतरे व्यापक संघर्ष में बदल सकते हैं। बिना युद्ध विराम के संघर्ष छेड़ने के लिए अंतरिक्ष और साइबर डोमेन के साथ-साथ गैर-संपर्क युद्ध का उपयोग एक नई वास्तविकता है।' एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने कहा, '...प्रधानमंत्री मोदी ने 'सागर' क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास का स्पष्ट आह्वान किया। इस विरासत को आगे बढ़ाते हुए दृष्टि को सही मायने में 'महासागर' क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास की पारस्परिक और समग्र उन्नति तक बढ़ाया गया है।'

---

# हनीट्रैप में फंस कर पाकिस्तानी जासूस बना व्यक्ति गिरफ्तार

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक व्यक्ति को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एटीएस अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी को भारत की गोपनीय जानकारी भेज रहा था। फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है। बताया जा रहा है कि पाकिस्तानी एजेंट ने महिला बन कर फेसबुक पर आरोपी से दोस्ती की। इस दौरान उसने व्यक्ति को अपने जाल में फंसा लिया और उससे खुफिया जानकारियां मांगने लगी। नवंबर 2024 से मार्च 2024 के बीच आरोपी ने व्हाट्एप के जरिए पाकिस्तान को कई संवेदनशील जानकारियां भेजीं। अधिकारी ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी गुप्त सूचना के आधार पर हुई है। मामले में दो अन्य लोगों को भी पकड़ा गया था। हालांकि पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया गया था। अब आरोपी पर जासूसी से संबंधित आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम की धारा 3 और भारतीय न्याय संहिता के तहत कार्रवाई की जायेगी। बता दें कि इसके पहले राजस्थान में भी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए गिरफ्तारी करने के शक में एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया था। आरोपी शकूर खान मंगलियार राज्य के रोजगार विभाग में कार्यरत है। उसे जैसलमेर स्थित ऑफिस से दबोचा गया था।

---

# पाकिस्तान में दिखा पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड सैफुल्ला

## भारत विरोधी रैली में हाफिज सईद का बेटा भी था



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के एक महीने बाद हमले का मास्टरमाइंड सैफुल्ला कसूरी सार्वजनिक रूप से नजर आया है। सैफुल्ला लश्कर-ए-तैयबा का कमांडर है और उसे हाल ही पाकिस्तान में भारत विरोधी रैली में देखा गया है। इस दौरान सैफुल्ला के साथ हाफिज सईद का बेटा भी नजर आया जिसे लश्कर का अगला उत्तराधिकारी माना जाता है। इस रैली में कई पाकिस्तानी नेता भी नजर आये हैं, जो खुलेआम आतंकियों के साथ मंच साझा कर रहे हैं।

बता दें कि पाकिस्तान में न्यूक्लियर टेस्टिंग की सफलता को हर साल यौम-ए-तकबीर के रूप में मनाया जाता है। यह रैली भी इसी जश्न का एक हिस्सा थी। इस मौके पर पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग द्वारा आयोजित आतंकियों ने भारत के खिलाफ जम कर जहर उगला है। कथित तौर पर रैली में मौजूद तल्हा सईद पहलगाम के बैसरन में हुए हमले का नेतृत्व कर रहा था। पाकिस्तान में आयोजित इस भारत विरोधी रैली में मोस्ट वांटेड आतंकियों की लिस्ट में शामिल तल्हा सईद ने जम कर जिहादी नारे लगाये हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.7°C | 23.8°C |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.23 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.03 बजे |



# केंद्र सरकार झारखंड को दे विशेष राज्य का दर्जा: सुप्रियो

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने केंद्र सरकार झारखंड को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि झारखंड की स्थिति पूर्वोत्तर के राज्यों से अलग नहीं है। यहां परमाणु रेडिएशन से प्रभावित इलाके, कोयला खनन से मलेरिया से जूझ रहे लोग और दुर्गम पहाड़ियां हैं, जहां बच्चे कई किमी की दूरी तय कर स्कूल जाते हैं। इसके बावजूद झारखंड ने अपने प्राकृतिक संसाधनों का बलिदान कर राष्ट्र निर्माण में योगदान दिया है। सुप्रियो गुरुवार को झामुमो के हरमू स्थित कैंप कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने 16 वें वित्त आयोग के सदस्यों से अपील किया कि वे केंद्र सरकार झारखंड को विशेष राज्य का दिलाने की सिफारिश करें। सुप्रियो ने कहा कि केंद्र सरकार के सौतेले व्यवहार के बावजूद हम लोग देश के विकास में जुटे हैं। राज्य की भौगोलिक स्थिति, मानव संसाधन और श्रमिक शक्ति भी इसकी विशेषता को दर्शाती है। लेह-लद्दाख जैसे क्षेत्रों में सबसे अधिक श्रमिक झारखंड से जाते हैं। विस्थापन और पलायन यहां की बड़ी समस्या है, फिर भी राज्य राष्ट्र निर्माण में पीछे नहीं रहता। धनबाद और चक्रधरपुर रेल डिवीजन रेलवे ढुलाई में सबसे अधिक राजस्व संग्रह करता है। उन्होंने कहा कि राज्य की योजनाओं में केंद्रांश 75 प्रतिशत हो और शेष 25 प्रतिशत हिस्सा राज्य का होना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र पर बकाया एक लाख 40 हजार करोड रुपये भी तमाम आग्रह के बावजूद नहीं दिया जा रहा है।

# केंद्र की योजनाओं में डकैती, झामुमो का वित्त आयोग पर प्रहार शर्मनाक : भाजपा

- विकास की राह छोड़, विवाद और घोटालों में उलझी झामुमो सरकार
- वित्त आयोग पर झामुमो की टिप्पणी संविधान और संघीय ढांचे का अपमान

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने झामुमो की हालिया बयान पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा है कि झामुमो का रवैया राज्य सरकार से भिन्न और विरोधाभासी होता जा रहा है। एक ओर झारखंड सरकार के प्रतिनिधि वित्त आयोग से मुलाकात कर राज्य की मांगें रखते हैं, वहीं दूसरी ओर झामुमो के प्रवक्ता उसी वित्त आयोग को सार्वजनिक मंचों से कोस रहे हैं। यह दोहरी राजनीति प्रदेश की जनता को भ्रमित करने का प्रयास है। साह ने झारखंड के लिए नीति आयोग की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि यह संस्था विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए राज्यों को मार्गदर्शन देती है, परंतु झामुमो के प्रवक्ता इसके विपरीत वित्त आयोग पर अशोभनीय और अमर्यादित टिप्पणी कर रहे हैं, जो संवैधानिक मर्यादा और लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है। भाजपा प्रवक्ता ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र सरकार द्वारा झारखंड को दी गयी अधिकांश योजनाओं और फंडों में भ्रष्टाचार चरम पर है। अजय साह ने कहा कि झारखंड में शहरी विकास का काम चुने हुए जनप्रतिनिधियों की बजाय नौकरशाही के हवाले कर दिया गया है, ताकि मनमानी कर घोटालों को अंजाम दिया जा सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि हेमंत सरकार को चाहिये कि वह केंद्र सरकार पर आरोप लगाने के बजाय अपने घोटालों और कुप्रबंधन पर नियंत्रण करे। साह ने कहा कि विकसित भारत का रास्ता विकसित राज्यों से होकर गुजरता है, लेकिन झामुमो-कांग्रेस गठबंधन ने झारखंड को बबार्दी की राह पर डाल दिया है। लगता है कि इस सरकार ने प्रदेश को लूट और भ्रष्टाचार का गढ़ बना देने की ठान ली है।

## कोरोना : एहतियात बरतें रांचीवासी

# डीसी ने दिया आवश्यक तैयारी करने का निर्देश

- फ्लू का लक्षण दिखे, तो मास्क पहनना जरूरी
- हल्के लक्षणवाले लोगों को घर पर ही आइसोलेट रहना चाहिए

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची जिला प्रशासन ने कोराना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए एहतियातन जिलावासियों के लिए सामान्य परामर्श जारी किया है। बहती नाक और गले में खराश वगैरह के लक्षण दिखे तो मास्क जरूर पहनें। डॉक्टर से सलाह लें। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कोरोना से बचाव के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारी करने का निर्देश दिया है। रांची-कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए जिला प्रशासन ने रांचीवासियों के लिए सामान्य परामर्श जारी किया है। अगर आप भीड़-भाड़ वाली जगह पर हैं या बहती नाक, गले में खराश, सिरदर्द या बुखार जैसे लक्षण हैं, तो मास्क पहनना जरूरी है। 2023 एम्स/आइसीएमआर-कोविड-19 नेशनल टास्क फोर्स के दिशा-निर्देशों के अनुसार हल्के लक्षण वाले लोगों को घर पर ही आइसोलेट रहना चाहिए। यदि आपको बुखार का कोई लक्षण है, तो घर पर आपको शारीरिक दूरी बनाये रखनी चाहिए। मास्क पहनना चाहिए और हाथों की साफ-सफाई पर ध्यान देना चाहिए।

अगर आपको सांस लेने में तकलीफ हो, ऑक्सीजन स्तर 93% या उससे कम हो जाये, या आपको तेज बुखार हो या पांच दिनों से ज्यादा समय तक खांसी हो, तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लें।

## राज्यपाल ने कुलपतियों के साथ की अहम बैठक

# नयी शिक्षा नीति पर मंथन

आजाद सिपाही संवाददाता



### कुलपतियों ने दिया अपने अपने विश्वविद्यालय का प्रजेंटेशन

बैठक के दौरान कुलपतियों ने राज्यपाल के समक्ष अपने-अपने विश्वविद्यालयों का प्रस्तुतीकरण दिया और बताया कि वे अपने संस्थानों में नयी शिक्षा नीति के प्रावधानों को किस प्रकार लागू कर रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से भारतीय ज्ञान परंपरा, कौशल विकास, मातृभाषा में शिक्षा, मल्टीपल एंट्री और एग्जिट व्यवस्था, चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम और एक-दो वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम जैसे पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी।

**रांची।** राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को झारखंड के विभिन्न सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ एक अहम बैठक की, जिसमें राज्य के विभिन्न सरकारी और निजी विश्वविद्यालय के कुलपति शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य नयी शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा करनी थी।

बैठक में रांची विश्वविद्यालय, जेयूटी, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, कोल्हान विश्वविद्यालय और सिद्धो कान्हू विश्वविद्यालय जैसे सरकारी विश्वविद्यालयों के कुलपति उपस्थित थे, जबकि अरका जैन विश्वविद्यालय, एमिटी विश्वविद्यालय, झारखंड राय विश्वविद्यालय, सरला बिरला विश्वविद्यालय और उषा मार्टिन विश्वविद्यालय जैसे निजी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने भी हिस्सा लिया।

राज्यपाल ने कुलपतियों से कहा कि नयी शिक्षा नीति सिर्फ पाठ्यक्रम का बदलाव नहीं है, बल्कि यह शिक्षा की पूरी सोच को परिवर्तित करने का अवसर है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य के विश्वविद्यालयों को इस दिशा में तेजी से काम करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा लक्ष्यों के साथ कदम मिला कर चलना होगा।

बैठक में उपस्थित सभी कुलपतियों ने इस दिशा में सकारात्मक सहयोग देने का आश्वासन दिया और कहा कि उनके विश्वविद्यालय नयी शिक्षा नीति को पूरी गंभीरता से लागू करने की दिशा में लगातार प्रयासरत हैं।

## बाबूलाल मरांडी की एसीबी से अपील

# शराब घोटाला मामले में जेल में बंद पूर्व उत्पाद सचिव विनय चौबे से पूछें ये सवाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को शराब घोटाले की जांच कर रही एसीबी से अपील की है। मरांडी ने कहा कि शराब घोटाला मामले में जेल में बंद पूर्व उत्पाद सचिव विनय चौबे से दो दिनों के रिमांड पर एसीबी पूछताछ कर रही है। अगर इरादा सच में सच्चाई जानने का और घोटाले की तह तक जाने का हो, तो उनसे ये सवाल जरूर पूछे जाने चाहिए।

### बाबूलाल मरांडी के सवालों की लिस्ट

1. छत्तीसगढ़ शराब घोटाले से पहले जो पत्र मैंने मुख्यमंत्रीजी को लिखा था, क्या वो आपको प्राप्त हुआ?
2. अगर मिला, तो क्या उस पत्र को आपने पढ़ा भी? या सिर्फ अलमारी में रख दिया गया?
3. यदि पढ़ा, तो उस पर आपने क्या कार्रवाई की?
4. क्या आपके पास मुख्यमंत्री कार्यालय से कोई निर्देश आया उस पत्र के संबंध में?
5. जब झारखंड के विधायक रायपुर भ्रमण पर गये थे, तो क्या वहां की व्यवस्था और गाड़ियों में भरकर उस होटल में शराब पंहुचवाने के लिये आपकी ओर से किसके आदेश पर किसी को कहा गया था?
6. उस दौरान रायपुर के किन-किन लोगों से आपकी बातचीत हुई थी?
7. क्या मार्शन सिक्योरिटीज और विजन हॉस्पिटालिटी जैसी कंपनियों का चुनाव मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप के बिना संभव था?
8. मुख्यमंत्री की भूमिका क्या रही?

उन्होंने कहा कि वैसे अगर एसीबी ये सारे सवाल नहीं पूछेगी, तो आगे स्वतंत्र एजेंसियां इन सवालों का जवाब तो ढूंढ ही निकालेगी। और फिर जनता इन जांचकर्ताओं से सवाल पूछेगी। क्योंकि झारखंड की जनता को सस्ती शराब नहीं, साफ शासन चाहिए।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — नौकरी-व्यापार के क्षेत्र में कठिनाइयों की वृद्धि संभव है, फिर भी उससे कोई हानि नहीं होगी।
- **वृष** — घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा,मानसिक चिंता बढ़ेगी। शत्रुओं पर विजय मिलेगा।
- **मिथुन** — रूके हुए काम पूरे होंगे,आर्थिक स्थिति सुदृढ़,निर्माण कार्य में प्रगति।
- **कर्क** — धार्मिक-सामाजिक समारोह में भाग लेंगे, नये लोगों से सम्पर्क, महिला मित्र के माध्यम से लाभ।
- **सिंह** — जमीन-जायदाद संबंधी कार्यों में सफलता, विपरीत स्थितियों में सुधार, सामयिक-सामाजिक विकास।
- **कन्या** — राजकीय पक्ष से सहयोग-समर्थन, धनागम के अवसर बढ़ेंगे,अवसरों का फायदा उठावें।
- **तुला** — कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा,आर्थिक परेशानी, तनाव-विवाद से कष्ट।
- **वृश्चिक** — हर क्षेत्र में सफलता,नवीन व्यापारिक योजना सफल,आर्थिक लाभ होगा।
- **धनु** — विद्यार्थियों को लेखन और अध्ययन का सुपरिणाम मिलेगा। विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास।
- **मकर** — धन एवं सुख की प्राप्ति होगी, थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे,वाहन सुख।
- **कुंभ** — सामयिक कार्यों में सफलता,नौकरी में उल्लास, संकल्पित काम पूरे होंगे।
- **मीन** — भूले बिसरे प्रसंग पुनर्जीवित होंगे, परिश्रम से महत्वपूर्ण काम पूरा होगा, आर्थिक समस्याओं का समाधान मिलेगा।

# जैक की रांची टॉपर तहरीन फातिमा के परिवार से मिले डीसी मंजुनाथ भजंत्री

- मैट्रिक परीक्षा में टॉप करने पर किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** जैक की रांची टॉपर तहरीन फातिमा के परिवार से रांची डीसी मंजुनाथ भजंत्री ने मुलाकात की। डीसी ने कहा कि यह राज्य के लिए गौरव का क्षण है। डीसी ने तहरीन फातिमा को मैट्रिक परीक्षा में टॉप करने पर सम्मानित किया। वहीं, तहरीन के माता-पिता को डीसी ने शॉल और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। डीसी ने कहा कि तहरीन की आगे की पढ़ाई में जो भी मदद जरूरी होगी, राज्य सरकार करेगी। तहरीन फातिमा ने डीसी के सामने आइएएस बनने की इच्छा जतायी। डीसी मंजुनाथ भजंत्री ने तहरीन के हौसले की सराहना करते हुए सहयोग करने का आश्वासन दिया।

# बरियातू रोड में होटल रमादा बाय विंधम का उद्घाटन आज

- अमेरिकी होटल ब्रांड रमादा बाय विन्धम ग्रुप ने रांची में शुद्ध शाकाहारी होटल के साथ किया प्रवेश

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** भारत सहित विदेशों में ग्राहकों के बीच अपनी पहचान बनाने वाला रमादा बाय विंधम ग्रुप अब रांची के बरियातू रोड में शुद्ध शाकाहारी होटल खोल रहा है। इसका उद्घाटन 30 मई शुक्रवार को शाम पांच बजे केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा संयुक्त रूप से करेंगे। उक्त जानकारी होटल रमादा बाय विन्धम के एमडी पवन बजाज और निदेशक चंद्रेश बजाज ने गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में दी।

उन्होंने बताया कि रमादा बाय विन्धम ग्रुप का देश विदेश में 9300 से अधिक होटल है। रमादा बाय विंधम अब रांची वासियों की सुविधा के लिए होटल रमादा बाय विंधम खोल रहा है। लगभग 50 हजार वर्गफीट में फैले इस होटल में 67 बड़े डीलक्स सूट प्रीमियम रूम अत्याधुनिक सुविधा के साथ कमरे उपलब्ध है। वहीं, दो बड़े हॉल है, जो शादी विवाह, पार्टी, सामाजिक समारोह, सेमिनार आदि के उपयुक्त स्थान है। इसके अलावा पांच हजार स्क्वायर फीट का वातानुकूलित हॉल के साथ शुद्ध शाकाहारी वाले होटल में लोगों को विभिन्न प्रकार के व्यंजनों को परोसा जायेगा। इस रेस्टोरेंट में 150 से अधिक लोग एक साथ बैठ सकते है। यहां ग्राहकों की पूर्ण सुविधा का ख्याल रखा गया है। साथ ही बेकरी की भी सुविधा उपलब्ध है। होटल की ओर से ग्राहकों का ख्याल रखते हुए बर्थडे पार्टी, किटी पार्टी, सालगिरह आदि के लिए स्पेशल डिश की भी व्यवस्था रहेगी। लोगों को घर जैसा माहौल मिलेगा। यहां एक साथ 150 की संख्या में गाड़ी पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है। जिम, योगा सेंटर, ओपन एरिया, वॉकिंग ट्रैक आदि की भी सुविधा उपलब्ध कराया गया है।

# आइआइटी-जेइइ और नीट की तैयारी के लिए डीआइजी ने शुरू किया नि:शुल्क यूट्यूब चैनल

- व्हाट्सअप और टेलीग्राम चैनल भी लांच, ऑफिस टाइमिंग के बाद हर रोज एक वीडियो करेंगे अपलोड
- विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई पूरी तरह नि:शुल्क मिलेगी

आजाद सिपाही संवाददाता



### यूपीएससी से पहले आइआइटी और कैट क्रैक कर चुके हैं

चंदन कुमार झा आइआइटी और कैट की परीक्षा पास कर चुके हैं। इसके बाद उन्होंने यूपीएससी की परीक्षा पास की और आइपीएस बने। श्री झा जमशेदपुर के सिटी एसपी, गुमला, चाइबासा और बोकारो जिले के एसपी रह चुके हैं। इन जिलों में अपनी पोस्टिंग के दौरान भी चंदन झा ने कई सरकारी स्कूलों में बच्चों को पढ़ाया है। जब भी खाली समय मिलता है तो ये पढ़ाने में उसे बिताना पसंद करते हैं।

**रांची।** भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी और अपराध अनुसंधान विभाग के डीआइजी सह चंदन कुमार झा ने सामाजिक पहल के तहत अपने एक दोस्त के साथ मिलकर आइआइटी-जेइइ और नीट के लिए अभ्यर्थियों के लिए एक नया यूट्यूब चैनल शुरू किया है। इस नये चैनल 'एडुकॉप' के जरिए विद्यार्थियों को निशुल्क आइआइटी-जेइइ और नीट की तैयारी करायी जायेगी। यूट्यूब के अलावा व्हाट्सअप चैनल और टेलीग्राम चैनल भी शुरू किया गया है, जिसमें सभी वीडियो के लिंक और अध्ययन से जुड़ी अन्य सामग्री उपलब्ध रहेंगी। इन चैनलों के जरिए विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई मिलेगी जो पूरी तरह से निशुल्क होगी।

**अपने इंजीनियर दोस्त के साथ शुरू की नयी पहल :** वर्ष 2011 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी चंदन कुमार झा ने बताया कि उन्होंने अपने दोस्त अजीत कुमार के साथ मिलकर ये नयी डिजिटल पहल शुरू की है। अजीत एनआइटी कालीकट से बीटेक हैं और उन्हें पढ़ाने का 11 वर्षों का अनुभव है। उन्होंने बताया कि इस यूट्यूब चैनल का नाम भी पढ़ाई और पुलिस को जोड़ कर बनाया गया है। एडु का अर्थ पढ़ाई से है और कॉप चूंकि पुलिस को बोलते हैं, इसलिए इस चैनल को एडुकॉप नाम दिया गया है। इस चैनल के जरिए वर्ष 2027 की परीक्षा के लिए तैयारी करायी जायेगी। इसमें चंदन कुमार झा गणित पढ़ायेंगे और अजीत कुमार फिजिक्स पढ़ायेंगे। इस चैनल के जरिए एनडीए, बिट सैट और अन्य राज्यों की इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा के विद्यार्थियों को भी काफी सहायता मिलेगी। वीडियो देखने के दौरान विद्यार्थी कमेंट के जरिए सवाल पूछ सकते हैं। एक ईमेल भी रहेगा, जिस पर सवाल पूछा जा सकेगा। विद्यार्थियों को होमवर्क भी दिये जायेंगे। ये पढ़ाई पूरी तरह से निशुल्क और गुणवत्तापूर्ण होगी, क्योंकि इसका उद्देश्य आर्थिक लाभ लेना नहीं, बल्कि समाज की बेहतरी के लिए एक नेक प्रयास करना है।

**चैनल पर हर रोज आयेगा एक नया वीडियो :** इस चैनल पर हर रोज फिजिक्स और मैथ्स का एक-एक नया वीडियो अपलोड किया जायेगा। इस पहल का लक्ष्य स्पष्ट है कि जो जरूरतमंद बच्चे हैं और आर्थिक रूप से जो बड़े संस्थानों में पढ़ने में सक्षम नहीं हैं, उनको इस नि:शुल्क शिक्षा का लाभ मिल सके। डीआइजी ने बताया कि वो अपने ऑफिस टाइमिंग के बाद हर रोज नियमित रूप से चैनल पर वीडियो अपलोड करेंगे।

OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER
JHARKHAND POLICE HOUSING CORPORATION LIMITED
(An undertaking of Jharkhand Govt.)
399/B, Road No. 4C, Ashok Nagar, Ranchi- 834002 ☎ 0651-2214712
(CIN: U45200JH2002SGC012154)

e-Procurement Notice No. 01/ 2025-26

Letter No.- CE/3863/386 Date: 28.05.2025

Jharkhand Police Housing Corporation Limited, Ranchi (JPHCL) invites Percentage rate/Item rate bid for various Construction/ Repair/Renovation works in the state of Jharkhand from eligible Contractors, registered in appropriate class with Jharkhand Police Housing Corporation Limited for Percentage rate bids; and for Item rate bids those contractors who are not registered with Jharkhand Police Housing Corporation Limited, Ranchi are also permitted to take part in tender process, but they should be registered in any State Government/ Central Government/Public Sector Unit/ undertaking in appropriate class. However such Contractors in the event of award of work will have to get registered with Jharkhand Police Housing Corporation Limited, Ranchi within a period of (3) Three Months from date of Award of Contract. Bid document with detailed terms and conditions, name of work, approximate value of work, cost of BOQ, earnest money and period of completion will be available online on e-tendering portal **http://jharkhandtenders.gov.in** from 02.06.2025 at 11:00 AM to 23.06.2025 up to 5:00 PM. Bids must be submitted online only at the e-tendering portal **http://jharkhandtenders.gov.in** on or before 5:00 PM on 23.06.2025. Bids received online will be opened at 11:00 AM on 25.06.2025.

Chief Engineer
JPHCL, Ranchi

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# मछली पालन में आत्मनिर्भर बनेगा झारखंड : मंत्री शिल्पी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड सरकार के कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा आयोजित झारखंड मत्स्य महोत्सव-2025 का भव्य आयोजन अगुरुवार को खेलगांव, होटवार स्थित ताना भगत इंडोर स्टेडियम में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सुरेश बैठा, विधायक, कांके और अन्य लोग भी मंच पर मौजूद थे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पीएम-एमकेएसएसवाई योजना के अंतर्गत नवगठित मत्स्य सहकारी समितियों को सशक्त करने हेतु वित्तीय सहायता का वितरण रहा।

अपने संबोधन में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा, झारखंड में मत्स्य पालन का क्षेत्र सरकार की प्राथमिकता में है। पिछले कुछ वर्षों में मत्स्य पालन में 40 प्रतिशत की वृद्धि उत्साहजनक है। विभाग इस क्षेत्र को संगठित तौर पर आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि विभाग नीतियों के निर्माण और योजनाओं के बेहतर चयन के माध्यम से मत्स्य पालकों की समस्याओं और चुनौतियों का समाधान करने की दिशा में प्रयासरत है। मैंने स्वयं मत्स्य पालकों से संवाद कर उनके सुझावों को संकलित किया है। उनके सकारात्मक और दूरदर्शी सुझावों को नीति निर्माण में अवश्य शामिल किया जायेगा।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने विश्वास जताया कि इस सहभागिता से राज्य में मत्स्य उत्पादन की क्षमता में उल्लेखनीय विकास होगा और झारखंड मत्स्य उत्पादन में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेगा।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में मत्स्य पालक, सहकारी समिति के सदस्य एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र की स्थापना आज

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय में नयी शिक्षा नीति-2020 के तहत भारतीय ज्ञान एवं परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए नयी पहल की जा रही है। इससे जुड़ी किताबों को पाठ्यक्रमों में शामिल किये जाने के अलावा यहां 30 मई को भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र की स्थापना की जा रही है। इससे विश्वविद्यालय के विद्यार्थी यहां भारतीय परपंराओं से रूबरू हो सकेंगे। साथ ही इस केंद्र में भारतीय ज्ञान परंपरा के दृष्टिकोण सहित कई विषयों से जुड़े शोध विद्यार्थियों को फायदा होगा। यह जानकारी आज विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में एसबीयू के माननीय महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक एवं कुलपति प्रो सी जगनाथन ने दी। इस अवसर पर प्रो गोपाल पाठक ने कहा कि संस्कृत, योग एवं भागवत गीता हमारी विरासत रहे हैं और हमारे यहां प्राचीनकाल से इन सभी विषयों की पढ़ाई होती रही। इस पर विचार करते हुए एसबीयू भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र की स्थापना कर रहा है। यह झारखंड का पहला केंद्र होगा। देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300 जन्म जयंती के अवसर पर यह शुरुआत हो रही है। कार्यक्रम की शुरुआत पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर को पुष्पांजलि के साथ होगी। प्रो जगनाथन ने भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र की विश्वविद्यालय में स्थापना पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भारत के गौरवशाली इतिहास और परंपरा के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि विज्ञान, ज्योतिष, तकनीक इत्यादि विषय भारत के ज्ञान और परंपरा में रहा है और कोई भी विद्यार्थी इसे सीख कर अपने स्वर्णिम भविष्य का निर्माण कर पाने में सक्षम है। इस अवसर पर डीन डॉ नीलिमा पाठक ने कहा कि शास्त्र और शास्त्र में पारंगत अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के अवसर पर भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र की स्थापना विश्वविद्यालय में किए जाने से निश्चित तौर पर भारतीय परंपराओं और नैतिकताओं का पालन सुनिश्चित हो सकेगा। उन्होंने इस केंद्र की स्थापना को सरला बिरला विश्वविद्यालय के इतिहास का सुनहरा पल करार दिया।

# शहीद शेख भिखारी कॉलेज में कला और शिल्प प्रदर्शनी सह प्रतियोगिता

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** शहीद शेख भिखारी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में गुरुवार को कला एवं शिल्प प्रदर्शनी सह प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रशिक्षणार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

इस आयोजन में प्रशिक्षणार्थियों ने अपनी कला, शिल्प, और नवाचारी सोच को प्रदर्शित किया। प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार की कलाकृतियाँ जैसे चित्रकला, मूर्तिकला, पुनर्नवीनीकरण सामग्री से बने शिल्प, और पारंपरिक हस्तशिल्प प्रस्तुत की गयी थी। साथ ही, इन कलाकृतियाँ में से प्रथम, द्वितीय और तृतीय कलाकृतियां को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सपना त्रिपाठी, ने बताया कि, इस प्रकार की प्रतियोगिताएं प्रशिक्षणार्थियों की रचनात्मकता को आत्मविश्वास प्रदान करती हैं। हमारा उद्देश्य शिक्षण के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास को भी प्रोत्साहित करना है।

# महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए नाटक का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** फातमा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज द्वारा 29 मई 2025 (गुरुवार) को सिद्दी गांव में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक नाटक का आयोजन किया गया। इस नाटक के माध्यम से महिलाओं के प्रति होने वाले भेदभाव, उनके अधिकारों, शिक्षा तथा समाज में उनके योगदान की अहमियत के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम के समन्वयक सहायक प्रोफेसर अंजुम आरा एवं प्रदीप कुजुर थे, जिनके नेतृत्व में यह जागरूकता अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। फातमा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज द्वारा किया गया यह प्रयास महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

# संत जेवियर्स कॉलेज में लैंगिक समानता पर व्याख्यान

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** सेंट जेवियर्स कॉलेज रांची के इतिहास विभाग और आइक्यूएसी द्वारा 29 मई को लैंगिक समानता पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित झारखंड उच्च न्यायालय की वरीय अधिवक्ता नलिनी झा ने महिलाओं के अधिकारों एवं समानता से संबंधित कानूनी प्रावधानों पर प्रकाश डाला। कॉलेज के प्राचार्य डॉ फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर, एसजे ने भी कार्यस्थल पर महिला-पुरुष समानता के महत्व पर विचार व्यक्त किया। डीएसडब्ल्यू सह विभागाध्यक्ष डॉ संजय सिन्हा ने लैंगिक समानता का पालन करने और इसके महत्व पर विषय प्रवेश कराया। इस दौरान प्रश्नोत्तरी सत्र भी आयोजित हुआ। कार्यक्रम में आइक्यूसी संयोजक डॉ शिव कुमार, डॉ फादर एफ्रेम बा, प्रो निशा सिंह, प्रो नाजमी अजमत और विभाग के छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए। कार्यक्रम का समापन प्रो निशा सिंह के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# पद्म श्री महावीर नायक का किया स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के अखरा कला सांस्कृतिक संस्थान संस्था के अध्यक्ष महावीर नायक को गुरुवार को पद्म श्री अवार्ड से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से दिये जाने वाला यह सम्मान गर्व का विषय है। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचे तो उनकी स्वागत में पूरा नायक समाज उमड़ पड़ा। पूरे घासी (नायक) युवा कल्याण समिती के प्रदेश अध्यक्ष संदीप टाइगर नायक कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश नायक, विजय शंकर नायक, अनिल नायक, अशिस नायक, संजय नायक, सूरज नायक, पिंटु नायक, सकलु नायक, अजय नायक, विजय नायक, सतिश तिर्की,सुरेश नायक, महावीर राम,कृष्ण नायक रौनक कुमार नायक, सुमेश नायक, निखिल नायक, मुकुल नायक, मुकेश नायक, मनटु नायक, बजरंग नायक, मुन्ना लोहरा,बबलू नायक, रोशन नायक नरेश नायक, राजन नायक, राजेश नायक, राजू नायक, सचिन नायक, शंकर नायक, देवानंद नायक, विरू नायक, सभी ने पद्म महावीर नायक का भव्य स्वागत किया।

# सेंट जेवियर्स कॉलेज और प्यूरेश डेली फूड्स के बीच एमओयू

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची ने कौशल-आधारित प्रशिक्षण, शिक्षा और अनुसंधान में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए प्यूरेश डेली फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ 29 मई को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। कॉलेज के प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा किया गया यह एमओयू अकादमिक-उद्योग सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान प्राचार्य डॉ फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर, एसजे ने दुनिया के अनुप्रयोगों के साथ शैक्षणिक ज्ञान को जोड़ने के महत्व पर जोर दिया, तो वहीं प्यूरेश डेली के निदेशक मनीष पीयूष ने डेयरी और खाद्य क्षेत्रों में छात्र जुड़ाव, अनुसंधान और सतत विकास के लिए मंच बनाने के लिए अपना उत्साह व्यक्त किया। यह समझौता ज्ञापन शिक्षा और उद्योग के बीच सहकारी पहल के माध्यम से नवाचार को बढ़ावा देने, प्रतिभा को बढ़ावा देने और रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए एक साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एमओयू दोनों संस्थानों के लिए कौशल-आधारित प्रशिक्षण, शिक्षा और अनुसंधान में संलग्न होने के लिए एक सहयोगी ढांचा स्थापित करता है, जिसका उद्देश्य छात्रों को उद्योग-प्रासंगिक ज्ञान से लैस करना और साझा विशेषज्ञता के माध्यम से नवाचार को बढ़ावा देना है। उप प्राचार्य डॉ फादर अजय अरुण मिंज, एसजे, विभागाध्यक्ष डॉ भारती सिंह रायपत, आइक्यूएसी संयोजक डॉ शिव कुमार, प्यूरेश डेली लिमिटेड के आदित्य कुमार,डॉ एनवी अप्पा राव, डॉ रितेश कुमार शुक्ला, डॉ प्रिया श्रीवास्तव, डॉ मनोज कुमार, डॉ पिपास कुमार और डॉ राकेश रंजन मौके पर मौजूद रहे।

## सिरमटोली-मेकान फ्लाईओवर रैंप विवाद को लेकर नाराजगी

**रांची (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा ने अधिकारियों की कार्यशैली पर नाराजगी जतायी है। सिरमटोली-मेकान फ्लाईओवर के रैंप विवाद को लेकर आयोग की ओर से पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री व रांची नगर निगम के प्रशासक संदीप सिंह को समन जारी कर गुरुवार को नयी दिल्ली स्थित आयोग के कार्यालय में संबंधित दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने के लिए समन जारी किया गया था, लेकिन निर्धारित तिथि पर संबंधित अधिकारी एनसीएसटी कार्यालय नहीं पहुंचे। पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने निर्धारित तिथि से एक दिन पहले 28 मई को एनसीएसटी के सचिव को ई-मेल के माध्यम से आयोग के समक्ष उपस्थित होने में अपनी असमर्थता जतायी।

### झारखंड में प्री-मॉनसून की दस्तक!

# आज से तीन भारी बारिश की संभावना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के अधिकांश जिलों में प्री-मॉनसून बारिश ने मौसम को सुहावना बना दिया है। बारिश से राजधानी रांची सहित सभी जिलों में अधिकतम औसत तापमान में कमी दर्ज की गयी है। वहीं, राज्य में तीन दिन लगातार (29, 30 और 31 मई )को भारी बारिश होने की संभावना हैं। विभाग ने वज्रपात की भी चेतावनी दी हैं। इसको लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र ने कई क्षेत्रों में मध्यम से भारी बारिश और वज्रपात को लेकर लोगों सचेत रहने और सावधानी बरतने की बात कही हैं।

मौसम विभाग ने 3 दिन लगातार बारिश के साथ तूफानी हवाएं चलने की चेतावनी दी हैं। इसको लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया हैं। इसके साथ ही वज्रपात की भी आशंका है। विभाग ने 29 मई यानी आज खूंटी, गुमला, सिमडेगा, और चाईबासा के कई जगहों पर भारी बारिश होने की चेतावनी जारी की हैं। बता दें कि इस बार मानसून ने केरल में 8 दिन पहले ही दस्तक दे दी है। ऐसे में मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि 3 से 5 जून के बीच मानसून झारखंड में दस्तक दे सकता हैं। कोल्हान और संताल परगना के रास्ते राज्य में एंट्री लेने वाला मानसून यदि अनुकूल रहा, तो 15 जून तक पूरे झारखंड को कवर कर लेगा। इस बार मानसून के दौरान अच्छी बारिश होने की संभावना जताई जा रही हैं।

# वित्त आयोग की बैठक में भाग लेंगे रामेश्वर और सूर्यकांत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने 16 वित्त आयोग की बैठक में भाग लेने कांग्रेस के वरिष्ठ दो पार्टी नेताओं को अधिकृत किया।


इस बात की जानकारी देते हुए सतीश पौल मुंजनी ने गुरुवार को बताया कि 30 मई को कांग्रेस के पूर्व वित्त मंत्री सह विधायक डॉ रामेश्वर उरांव और सूर्यकांत शुक्ला 16वें वित्त आयोग से मिल कर राज्य के लिए अधिक सहायता के लिए अपनी तार्किक मांग रखेंगे।

पार्टी के दोनों नेता आयोग के समक्ष पिछड़े राज्य को आगे लाने, दक्षता और राज्य की विशेष आवश्यकता को ध्यान में रखकर कांग्रेस का मांग पत्र रखेंगे। मुजनी ने कहा कि पार्टी की यह कोशिश होगी कि राज्य को मौजूदा शेयरिंग पैटर्न में राज्य को मिलने वाली 3.30 प्रतिशत राशि को बढाने की मांग की जायेगी।

पार्टी इसकी अनुशंसा करेगी। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि वित्त आयोग राज्य को आर्थिक पैकेज देने पर अनुशंसा करेगी। ताकि, राज्य में आधारभूत संरचना शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं का राज्य में तेजी से विकास हो और इसका लाभ राज्य के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज करेंगे कई रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मई को कई महत्वपूर्ण रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं में पटना के हार्डिंग पार्क में टर्मिनल प्लेटफार्म का शिलान्यास, सोन नगर और मोहम्मद गंज के बीच तीसरी रेल लाइन का राष्ट्र को समर्पण और सासाराम से अनुग्रह नारायण रोड तक ऑटोमेटिक सिगनलिंग का उद्घाटन शामिल है।

**हार्डिंग पार्क टर्मिनल प्लेटफार्मः** हार्डिंग पार्क में 5 टर्मिनल प्लेटफॉर्म का निर्माण 95 करोड़ रुपये की लागत से किया जायेगा। इससे पटना जंक्शन पर यात्रियों की भीड़ को संभालने की क्षमता में वृद्धि होगी और ट्रेनों के कंजेशन को कम करने में मदद मिलेगी।

**सोन नगर और मोहम्मद गंज के बीच तीसरी रेल लाइन :** सोन नगर और मोहम्मद गंज के बीच तीसरी रेल लाइन के निर्माण से संचालन क्षमता में वृद्धि होगी और अंकोरा और नबीनगर में बिजली संयंत्रों तक कोयले की तेज और अधिक कुशल आवाजाही संभव हो सकेगी।

### सासाराम से अनुग्रह नारायण रोड तक ऑटोमेटिक सिगनलिंग

सासाराम से अनुग्रह नारायण रोड तक ऑटोमेटिक सिगनलिंग का उद्घाटन 43 करोड़ रुपये की लागत से किया जायेगा। इससे नयी दिल्ली-हावड़ा मार्ग पर गति बढ़ाकर यात्रा समय कम करने में मदद मिलेगी और मौजूदा लाइन क्षमता के साथ और अधिक ट्रेनों का परिचालन संभव होगा। इन परियोजनाओं के पूरा होने से यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, ट्रेनों की गति बढ़ेगी और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

# पीसीसी पथ और आरसीसी स्लैब नाली का उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी सुखदेव नगर मंडल दक्षिणी भाग अंतर्गत वार्ड 27 एवं 28 में रांची के विधायक चंदेश्वर प्रसाद सिंह के द्वारा पीसीसी पथ एवं आर सी सी स्लैब नाली का उद्घाटन किया गया। कैलाश नगर राजेंद्र गली डोगरा गली, न्यू लाइंस क्लब रोड नंबर 5 गोपाल मंदिर राहुल चौधरी गली, पंकज पंडित के गली, राजेश मिल इन सभी स्थानों पर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित सुखदेव नगर मंडल दक्षिणी भाग के अध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा, रांची महानगर के वरीय उपाध्यक्ष राजू सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य मुकेश साहू, प्रदेश युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष राहुल चौधरी, दक्षिणी मंडल के महामंत्री अशोक पांडे, दक्षिणी मंडल के युवा मोर्चा के अध्यक्ष उज्ज्वल कुमार मिश्रा, नीरज प्रजापति, उपाध्यक्ष राजेश कुमार, फिरंगी साहू, सनी कुमार, संजीव सोनी, ओम कुमार, आनंद प्रजापति, गौरव मित्तल और नारी शक्ति और मुहल्लेवासी उपस्थित थे।






## एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव हत्याकांड का खुलासा

# एक और आरोपी गिरफ्तार, हथियार बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/हजारीबाग।** देश की महारत्न कंपनी एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव हत्याकांड मामले में एक और आरोपी को हजारीबाग पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से एक पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, तीन मोबाइल और चोरी की बाइक भी बरामद की गयी है। गिरफ्तार अपराधी 36 वर्षीय मुकेश साव उर्फ प्रभात उर्फ माईकल पिता निरंजन साव, ग्राम चेडरा थाना बारियातु जिला लातेहार का रहने वाला है। कटकमदाग थाना प्रभारी पंकज कुमार ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है।


एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव की तस्वीर

**कैसे हुई आरोपी की गिरफ्तारी:** दरअसल, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी हथियार के साथ किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए ग्राम बेस की तरफ जुटे हुए हैं। वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार एक छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल ने कार्रवाई करते हुए ग्राम बेस के पास से मुकेश साव को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ केरेडारी, कटकमसांडी, बालूमाथ, गिद्दी, गिधौर, डोरंडा व कटकमदाग थाने में कई आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं। आरोपी ने पूछताछ में क्या बताया मुकेश साव से पूछताछ करने पर बताया कि बीते 8 मार्च 2025 को ग्राम फतहा चौक पर एनटीपीसी के डीजीएम की हत्या में वह भी शामिल था। इसी के इशारे पर अन्य अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया था। साथ ही हजारीबाग और आस-पास क्षेत्रों में रंगदारी, हत्या जैसे कई अन्य आपराधिक घटनाओं में शामिल होने की बात भी स्वीकार की है। कब हुई थी डीजीएम गौरव की हत्या 8 मार्च 2025 को एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव की गोली मारकर फतह चौक पर हत्या कर दी गयी थी। इस घटना की चर्चा पूरे देश भर में हुई थी और हजारीबाग पुलिस के कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान खड़ा हुआ था। कई दिनों तक एनटीपीसी ने कोयला उत्पादन भी ठप रखा था। सुरक्षा का आश्वासन मिलने के बाद कोयला उत्पादन शुरू किया गया था। पहले भी इस मामले में कुछ अपराधियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। छापेमारी में कटकमदाग थाना प्रभारी पंकज कुमार के नेतृत्व में की गयी थी।

## देवघर पहुंचे 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष ने बाबा बैद्यनाथ धाम में की पूजा

# देश के संतुलित विकास में पिछड़े एवं आदिवासी बहुल क्षेत्रों को दी जा रही प्राथमिकताः डॉ अरविंद पनगढ़िया




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/देवघर।** 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ अरविंद पनगढ़िया गुरुवार को देवघर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अपने परिवार के साथ विश्वप्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ धाम में पूजा-अर्चना की। मंदिर पहुंचने पर तीर्थ पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ उन्हें संकल्प कराया गया। इसके बाद उन्होंने द्वादश ज्योतिर्लिंग में जलाभिषेक किया और बाबा से देश के कल्याण एवं विकास की कामना की। इसके बाद उन्होंने परिसदन स्थित सभागार में बैठक की अध्यक्षता की। इसमें संथाल परगना प्रमंडल के अंतर्गत आने वाले देवघर, दुमका, जामताड़ा, साहिबगंज, गोड्डा और पाकुड़ जिलों के जनप्रतिनिधि, जिला परिषद अध्यक्ष, प्रमुख, नगर निकायों के प्रशासक और संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक की शुरूआत में डीसी सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने आयोग अध्यक्ष और उनके साथ आए 12 सदस्यों का स्वागत किया और संथाल परगना क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं, संभावनाओं और विकास की प्राथमिकताओं से अवगत कराया।

वहीं, उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने जिले की प्रमुख आवश्यकताओं और योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने शैक्षणिक संस्थान, स्वास्थ्य सेवा, सड़क, सिंचाई, पेयजल, रोजगार एवं आधारभूत ढांचे के विकास को लेकर विशेष ध्यान देने की मांग की। इस पर डॉ पनगढ़िया ने सभी सुझाओं को गंभीरता से सुना। कहा कि संथाल परगना क्षेत्र की सामाजिक और भौगोलिक विशिष्टताओं को ध्यान में रखते हुए आयोग ठोस सिफारिश करेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आयोग का उद्देश्य देश के सभी क्षेत्रों का संतुलित विकास सुनिश्चित करना है, जिसमें पिछड़े एवं आदिवासी बहुल क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जा रही है। बैठक के बाद आयोग अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों को प्रशासन की ओर से स्मृति चिन्ह, शॉल एवं बाबा बैद्यनाथ का प्रसाद भेंट किया गया। इस मौके पर एसपी अजित पीटर डुंगडुंग, अनुमंडल पदाधिकारी एवं बाबा मंदिर प्रभारी रवि कुमार सहित वित्त आयोग के सदस्य डॉ मनोज पंडा, डॉ सॉम्याकांति घोष, एनी जोर्जे मैथ्यूज, पुष्पांजली पंडा, डॉ प्रशांत कुमार पंडा (इकोनॉमिक एडवाइजर), कुमार विवेक (पीएस टू चेयरमैन), प्रिया सर्राफ (जॉइंट डायरेक्टर), मानसी गुप्ता, शीखा सिंह (उप निदेशक), कोमल सिंह (प्राइवेट सेक्रेटरी), श्याम लाल (जूनियर सेक्रेटेरिएट असिस्टेंट) आदि मौजूद थे। यह दौरा संथाल परगना के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है, जिससे स्थानीय जनप्रतिनिधियों की बातें सीधे केंद्र स्तर पर पहुंचीं और भविष्य की योजनाओं के लिए ठोस आधार तैयार हुआ।

# बिरसा चौक आरओबी को जून 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य, जाम से मिलेगी राहत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के बिरसा चौक में नये रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) का निर्माण शुरू हो गया है। इसकी लंबाई एप्रोच रोड मिलाकर लगभग 80 मीटर होगी। वर्तमान में ब्रिज के नीचे दो लाइन (अप-डाउन) है. रेलवे की योजना दो संटिंग लाइन के अलावा वर्तमान ट्रैक के दोनों तरफ एक-एक और लाइन बनाने की है। इसके बाद आरओबी के नीचे कुल छह ट्रैक हो जायेगा। यह योजना अगले 40 वर्षों के रेल परिचालन को देखते हुए बनायी जा रही है। इसके निर्माण पर करीब 20 करोड़ रुपये खर्च होंगे। आरओबी का निर्माण कार्य जून 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।



रांची से हटिया की तरफ आने वाली ट्रेनों के लिए दो मेन लाइन है। मेन लाइन पर ट्रेनों की संख्या अधिक होने से अक्सर ट्रेन या मालगाड़ी आधा घंटा तक खड़ी रह जाती है। इससे ट्रेनों के परिचालन में परेशानी होती है। इसलिए बिरसा चौक ब्रिज के नीचे से दो अतिरिक्त संटिंग लाइन बिछायी जायेगी, जिसे यार्ड लाइन से जोड़ दिया जायेगा। ऐसे में यार्ड की तरफ जाने वाली ट्रेनों को परेशानी नहीं होगी।

नया ब्रिज बनाने के लिए रेलवे की जमीन से अतिक्रमण हटाया गया है। वहीं, अब रेलवे की जमीन की घेराबंदी की जा रही है। इधर, पहाड़ तोड़ने के लिए बड़ी-बड़ी मशीन भी लगायी गयी है। अधिकारी ने बताया कि हार्ड रॉक के कारण ब्लास्टिंग किया जाता है। कार्य काफी तेजी से चल रहा है। नये ब्रिज की लंबाई और चौड़ाई बढ़ने से जाम से निजात मिलेगी। वर्तमान ब्रिज के छोटा होने से जाम लगता है। बिरसा चौक से विधानसभा, हाइकोर्ट एवं प्रोजेक्ट भवन के अलावा बाइपास, डीबडीह की तरफ जाने वाले वाहन इसी ब्रिज से होकर गुजरते हैं। इसलिए परेशानी का सामना करना पड़ता है।

आठ साल पहले भी रेलवे ने एक नया ब्रिज बनाया था। इस ब्रिज के बनने के बाद आवागमन थोड़ा सुगम हुआ है, लेकिन पुराना ब्रिज के संकीर्ण रहने से वहां जाम अभी भी लगता है। पुराना ब्रिज को तोड़ कर नया ब्रिज बनाने के दौरान आठ साल पहले बने ब्रिज से आवागमन होगा। इससे लोगों को कुछ दिन परेशानी होगी।

बिरसा चौक आरओबी का निर्माण कार्य तेजी से हो रहा है। इसे जून 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। कुल चार ट्रैक बनने हैं। इसमें वर्तमान ट्रैक के दोनों साइड में एक-एक लाइन के अलावा दो संटिंग लाइन भी बनेगी।

आरओबी व अतिरिक्त लाइन बनने से ट्रेनों के परिचालन में सुगमता आयेगी।




# 9 साल बाद फाइनल में पहुंची आरसीबी

## पंजाब किंग्स अपने घरेलू मैदान पर नहीं जीत सकी पंजाबियों का दिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स को पहले क्वालिफायर में हरा कर 9 साल बाद फाइनल में जगह बना ली है। मुल्लांपुर में खेले गये मैच में आरसीबी (आरसीबी) ने पंजाब (बीपीकेएस) को 8 विकेट से मात दी। गेंदबाजों की घातक गेंदबाजी के बाद फिल साल्ट के नाबाद अर्धशतक की बदौलत आरसीबी ने फाइनल का टिकट हासिल किया। मामूली से लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी ने जल्दी ही विराट कोहली (12) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद फिल साल्ट ने मयंक अग्रवाल के साथ मिलकर 54 रन की साझेदारी की। मयंक अग्रवाल 19 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, दूसरे छोर से फिल साल्ट तूफानी बल्लेबाजी करते रहे। फिल साल्ट ने 23 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया।



### चौथी बार फाइनल में पहुंची आरसीबी

आरसीबी ने 10वें ओवर में दो विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। आरसीबी चौथी बार आइपीएल के फाइनल में पहुंची है। आखिरी बार आरसीबी ने 2016 में फाइनल खेल था। आरसीबी इससे पहले 2009, 2011 और 2016 में फाइनल खेला है। इससे पहले टॉस जीतकर रायल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने गेंदबाजी करने का फैसला किया। कप्तान रजत पाटीदार के फैसले को टीम के गेंदबाजों ने सही साबित किया। सुयश शर्मा और हेजलवुड ने तीन -तीन विकेट झटके। सुयश शर्मा ने तीन ओवर में 17 रन देकर तीन विकेट झटके। हेजलवुड ने 3.1 में 21 रन देकर तीन विकेट, यश दयाल ने चार ओवर में 26 रन देकर दो विकेट झटके, जबकि भुवेश्वर कुमार ने दो ओवर में 17 रन देकर एक विकेट और रोमारियो शेफर्ड ने एक ओवर में पांच रन देकर एक विकेट झटका।

### पावरप्ले में टूटी कमर

पंजाब किंग्स की शुरुआत बेहद खराब रही। दूसरे ओवर में ही प्रियांश आर्या (7) आउट हो गये और जल्द ही प्रभसिमरन सिंह (18), श्रेयस अय्यर (2), और जोश इंग्लिस (4) भी चलते बने। पावरप्ले में टीम ने 4 विकेट खोकर सिर्फ 48 रन बनाये और 17 डॉट गेंदें खेलीं। सुयश शर्मा ने अपने एक ही ओवर में दो विकेट लेकर किंग्स की रही-सही उम्मीदों को भी खत्म कर दिया। स्टोइनिस ने 26 रन बनाकर कुछ संघर्ष जरूर किया, लेकिन उनके आउट होते ही बची-खुची पारी भी धराशायी हो गयी। मैच के दूसरे ओवर में यश दयाल ने सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्या (7) को क्रुणाल पंड्या के हाथों कैच आउट करवा कर टीम को पहली सफलता दिलायी। टीम अभी इस झटके से उभर भी नहीं पायी थी। पंजाब ने 27 रन के स्कोर पर भुवनेश्वर ने सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह (18) को विकेटकीपर जितेश के हाथों कैच आउट करवाया।

### गेंदबाजों का दिखा कहर

इसके बाद गेंदबाजी करने आये हेजलवुड ने पावरप्ले में पंजाब को बैकफुट पर धकेल दिया। उन्होंने चौथे ओवर की चौथी गेंद पर श्रेयस अय्यर (2) को विकेटकीपर जितेश शर्मा के हाथों कैच आउट करवाया। वहीं छठे ओवर की पहली गेंद पर जोश इंग्लिस (4) को भुवनेश्वर के हाथों कैच आउट करवाया। पावर प्ले में पंजाब किंग्स ने चार विकेट गंवाकर 48 रन बनाये। इस दौरान किंग्स ने 17 डाट गेंद खेली।

यश दलाल ने सातवें ओवर में नेहल वढेरा (8) को बोल्ड किया। मैच का नौंवा ओवर करवाने आये सुयश ने दो विकेट झटके। सुयश ने ओवर की दूसरी गेंद पर शशांक सिंह (3) को बोल्ड किया। वहीं पांचवीं गेंद पर बतौर इंपैक्ट प्लेयर खेलने आये मुशीर खान (शन्यू) को एलबीडबल्यू आउट किया। मैच के 11वें ओवर में सुयश ने मार्कस स्टोयनिस (26) बोल्ड कर मैच में अपनी तीसरी विकेट झटकी। हरप्रीत बराड़ (4) को रोमारियो शेफर्ड ने बोल्ड किया। अजमतुल्लाह उमरजई (18) ने टीम को स्कोर को 100 के पार पहुंचाया, लेकिन वह भी अपनी पारी को बड़ा नहीं कर पाये। उन्हें हेजलवुड ने विकेटकीपर जितेश शर्मा के हाथों कैच आउट करवाया। पंजाब किंग्स 14.1 ओवर में 101 रन पर आलआउट हो गयी थी।

# देवघर पहुंचे न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/देवघर।** झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद गुरुवार को का देवघर स्थित स्टेट हाइकोर्ट हाउस पहुंचे। जहां प्रधान जिला जज अशोक कुमार, डीसी नमन प्रियेश लकड़ा, एसपी अजित पीटर डुंगडुंग और अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर न्यायाधीश का गर्मजोशी से स्वागत किया। न्यायाधीश के आगमन से जिले के न्यायिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र में एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ है।



# प्रोफेसर डॉ रवि प्रकाश यादव की पुस्तक का गवर्नर ने किया विमोचन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल-सह-कुलाधिपति के करकमलों से तिमा भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय औद्योगिक संबंध एवं कार्मिक प्रबंध विभाग में कार्यरत यूनिवर्सिटी प्रोफेसर डॉ रवि प्रकाश यादव द्वारा बेरोजगारी और मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण विषय पर लिखित उनके 20वीं पुस्तक का विमोचन राजभवन, रांची में किया गया। यह पुस्तक ग्रामीण रोजगार और ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित करने वाली एक महत्वपूर्ण रोजगार योजना पर लिखी गयी पुस्तक है। यह पुस्तक एटलांटिक पब्लिशर्स, नयी दिल्ली द्वारा प्रकाशित की गयी है। आज इस योजना से देश के ग्रामीण करोड़ों लोगों को रोजगार मिल रहा है। साथ ही साथ ग्रामीण समाज का विकास भी हो रहा है। समाज के अधिकांश लोगों को रोजगार प्रदान करना एक बहुत बड़ी चुनौती है, लेकिन खासकर ग्रामीण भारत में रोजगार सृजन की दिशा में मनरेगा एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है।



महामहिम ने लेखक को इस पुस्तक के लिए बधाई दी। उन्होंने इसे श्रम अध्ययन श्रृंखला में एक उपयोगी और ज्ञानवर्द्धक पुस्तक बताया। इस पुस्तक विमोचन समारोह में नवीन कुलकर्णी, प्रधान सचिव, एडीसी नवीन कुमार एवं गणमान्य उपस्थित थे। सभी ने इस पुस्तक को रोजगार सृजन के क्षेत्र में उपयोगी व महत्वपूर्ण पुस्तक बताया। इस अवसर पुस्तक के लेखक प्रो (डॉ) रवि प्रकाश यादव एवं सहलेखक डॉ निशित रंजन को उत्कृष्ट लेखन के लिए बधाई दिये और कहा इस तरह का लेखन कार्य आगे जारी रखें।

**पूर्व तट रेलवे**

फाइल सं. DRM/Engg/KUR/25-26/ E-Tender/21, दिनांक : 26.05.2025

(1) eTender-CenKUR-75-2025, दिनांक: 19.05.2025
**विवरण :** खोरधा रोड मण्डल के सीनियर सेक्शन इंजीनियर (P.WAY) तालचेर के अधीन बुढ़ापंक यार्ड में कम्प्लीट ट्रैक नवीकरण का निष्पादन (द्वितीयक)।
**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 49.60 लाख, EMD : ₹ 99,200/-

(2) eTender-CenKUR-74-2025, दिनांक: 19.05.2025
**विवरण :** खोरधा रोड मण्डल के बुढ़ापंक से हिन्दोल रोड तक लूप लाइन में गति को 30 कि.मी. प्रति घन्टे से 50 कि.मी. प्रति घन्टे तक प्रस्तावित वृद्धि के लिए P.WAY से जुड़े कार्य का निष्पादन।
**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 49.95 लाख, EMD : ₹ 99,900/-

(3) e-Tender-estatekur-73-25, दिनांक: 20.05.2025
**विवरण :** चन्द्रशेखरपुर, भुवनेश्वर में रेल सदन (क्षेत्रीय मुख्यालय भवन) के कार्यालयों, शौचालयों एवं अन्य अनुषंगी कार्य का प्रस्तावित उन्नयन।
**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 301.82 लाख, EMD : ₹ 3,00,900/-

(4) e-Tender-NORTHKUR-76-2025, दिनांक: 21.05.2025
**विवरण :** खोरधा रोड मण्डल के DATR-टमका स्टेशन के बीच रेलवे कि.मी. 147/44-148/2 पर मौजूदा मावनयुक्त समपार नं. JD-01 के स्थान पर सीमित ऊंचाई वाले उपमार्ग (LHS) का प्रस्तावित निर्माण।
**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 298.50 लाख, EMD : ₹ 2,99,300/-

पुरा होने की अवधि: 06 (छह) महीने (क्रम सं. 1 के लिए), 10 (दस) महीने (क्रम सं. 2 के लिए), 12 (बारह) महीने (क्रम सं. 3 के लिए) एवं 08 (आठ) महीने (क्रम सं. 4 के लिए)।

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** 11.06.2025 को 1500 बजे (सभी निविदाओं के लिए)।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक / कूरियर / फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

दृष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 10 (दस) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), खोरधा रोड
PR-176/Q/25-26

# शादी की खुशियां मातम में बदली बारात में फायरिंग, युवक की मौत

**रांची/चतरा (आजाद सिपाही)।** जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बरवा कोचवा गांव में बुधवार की रात आयी एक बारात में नाचने के दौरान आपसी कहा-सुनी में फायरिंग के दौरान गोली लगने से एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। जिससे शादी की खुशियां मातम में बदल गयी। जानकारी के अनुसार गया जिले के इमामगंज थाना क्षेत्र के बरडीह गांव से प्रतापपुर थाना क्षेत्र निवासी वृक्ष भारती के घर बरवा कोचवा गांव में बारात आयी थी। बारातियों द्वारा नाचने के दौरान आपस में कुछ कहा-सुनी हुई। जिसके बाद गोली फायरिंग की गयी। जिसमें एक युवक को गर्दन और बायें हाथ में गोली लग गयी। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। इस घटना से परिवार में चीख-पुकार मच गयी और शादी की खुशियां मातम में बदल गयी। दूल्हे के जीजा ने बताया कि बारात में आये बरडीह गांव के ही सुमित कुमार और विक्रम पासवान को देशी कट्टा के साथ पुलिस को सौंप दिया गया है। प्रतापपुर थाना की पुलिस घटना की सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया है। प्रतापपुर पुलिस दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

**रांची मंडल में मेडिकल सुविधा केंद्र, डिजिटल लॉकर और पार्सल स्कैनर के लिए ई-नीलामी**

संख्या: सी/आरएनसी/ई-ऑक्शन/2025 दिनांक: 29.05.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 ने रांची मंडल में विभिन्न सेवाओं हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की है। संबंधित कैटलॉग पहले ही आईआरईपीएस वेबसाइट पर प्रकाशित किया जा चुका है। विवरण इस प्रकार है: **श्रेणी; कैटलॉग संख्या; संपत्ति विवरण; नीलामी शुरू; नीलामी बंद होने की तिथि** ● विविध स्टेटिक्स (चिकित्सा सुविधा); आरएनसीएमएफसी20; रांची स्टेशन पर चिकित्सा सुविधा के लिए ई-नीलामी; 02.06.2025 को 12:00 बजे; 02.06.2025 को 12:30 बजे ● विविध स्टेटिक्स (डिजिटल लॉकर); आरएनसीडिजीलॉकर1; रांची डिवीजन में रांची स्टेशन पर प्रमोशनल कियोस्क की स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए ई-नीलामी; 09.06.2025 को 10:00 बजे; 09.06.2025 को 10:40 बजे ● पार्सल स्कैनर; आरएनसीपीएस15; रांची डिवीजन के रांची और हटिया पार्सल कार्यालय में पर्सेल स्कैनर की स्थापना और संचालन; 16.06.2025 को 16.06.2025 को 10:40 बजे। **नोट:** संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें। लॉट-वार विवरण ऊपर उल्लिखित सूची के अंतर्गत उपलब्ध हैं।

(PR-216) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / रांची


दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

# कोर्ट की हिदायत

सोशल मीडिया पोस्ट पर पुणे की छात्रा की गिरफ्तारी और कॉलेज से निष्कासन के मामले में बॉम्बे हाइकोर्ट की सख्त टिप्पणी केवल महाराष्ट्र ही नहीं, देश की सभी सरकारों के लिए एक सबक है। हाइकोर्ट की टिप्पणी इस ओर ध्यान दिलाती है कि स्टूडेंट्स से जुड़े मामलों में ज्यादा संवेदनशीलता की जरूरत है, क्योंकि दांव पर उनका भविष्य लगा होता है।

**हाइकोर्ट की नाराजगी :** पुणे की 19 वर्षीय छात्रा ने ऑपरेशन सिंदूर पर एक पोस्ट किया था, जिस पर विवाद हो गया। हालांकि दो घंटे बाद ही उसने पोस्ट को डिलीट कर दिया और माफी भी मांग ली थी। इसके बावजूद उसके खिलाफ एफआइआर दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया। ऊपर से कॉलेज प्रशासन ने बिना उसका पक्ष जाने उसे निष्कासित भी कर दिया। इस वजह से वह सेमेस्टर एग्जाम के दो पेपर नहीं दे पायी। हाइकोर्ट ने इसी बात को लेकर नाराजगी जताते हुए कहा - ऐसा लगता है कि पुलिस अधिकारी और कॉलेज प्रशासन छात्रा की जिंदगी बर्बाद करने पर तुले हुए हैं।

**जल्दबाजी में एक्शन :** पहली नजर में ही देखने से लगता है कि पुलिस और कॉलेज प्रशासन, दोनों ने अपनी जिम्मेदारी नहीं निभायी। उन्होंने इसे किसी क्रिमिनल केस की तरह लिया और जल्दबाजी में कार्रवाई की। छात्रा का माफी मांगना जाहिर करता है कि उसे अपनी गलती का अहसास था। वहीं, अगर कॉलेज प्रशासन को लग रहा था कि मामला वाकई गंभीर है, तो छात्रा से बात कर उसकी काउंसिलिंग करनी चाहिए थी, ताकि दोबारा वह ऐसी स्थिति में न फंसे।

**बॉम्बे हाइकोर्ट ने कहा कि यह उम्र गलतियां करने और उसे सुधारने की है, लेकिन, यहां जब तक केस हाइकोर्ट में नहीं पहुंच गया, तब तक किसी ने भी छात्रा को सुधार करने का अवसर नहीं दिया।**

**दूसरा मौका :** कोर्ट ने कहा कि यह उम्र गलतियां करने और उसे सुधारने की है, लेकिन, यहां जब तक केस हाइकोर्ट में नहीं पहुंच गया, तब तक किसी ने भी छात्रा को सुधार करने का अवसर नहीं दिया। मजिस्ट्रेट ने उसकी बेल अर्जी खारिज कर दी और सेशन कोर्ट ने सुनवाई की तारीख तय कर दी। हाइकोर्ट की टिप्पणी इसी बात को उजागर करती है कि छात्रा कोई अपराधी नहीं है और राज्य की अतिवादी प्रतिक्रिया इस तरह से तो लोगों को कट्टर बना देगी।

**संतुलन की जरूरत :** इस केस के दो पहलू हैं - सोशल मीडिया का इस्तेमाल और उस पर स्टेट का रिएक्शन। दोनों में ही संतुलन लाने की जरूरत है। ऑनलाइन बातों पर विवाद होता रहा है और कई मौकों पर सुप्रीम कोर्ट तक को दखल देना पड़ा है। इस साल अप्रैल में ही शीर्ष अदालत ने पंजाब और हरियाणा हाइकोर्ट के एक फैसले को पलटते हुए कहा था कि मोरल पुलिसिंग न्यायपालिका का काम नहीं है। यह बात दरअसल पूरे सिस्टम पर लागू होती है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**हाल ही में शुरू किया गया 100- दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान इस संकल्प का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस अभियान के अंतर्गत 12 करोड़ 97 लाख लोगों की जांच की गयी और 7 लाख 19 हजार से अधिक टीबी रोगियों की जानकारी दी गयी। लेकिन जो बात इस प्रयास को अलग बनाती है, वह है टीबी के सामाजिक लक्षणों को खत्म करने की समानांतर प्रतिबद्धता। 13 करोड़ 46 लाख नि-क्षय शिविर या सामुदायिक जांच और जागरूकता शिविरों का आयोजन, इस मान्यता के बारे में बहुत कुछ कहता है कि प्रभावी उपचार, दवा से परे कलंक, मिथकों और गलत सूचनाओं के उन्मूलन तक फैला हुआ है।**

# दवा से परे भारत तपेदिक (टीबी) का उपचार

**डॉ मनीषा वर्मा**



जिनेवा में हाल ही में संपन्न विश्व स्वास्थ्य सभा में, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के भारत को ट्रेकोमा-मुक्त घोषणा करना, केवल सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि नहीं है। यह सामूहिक राष्ट्रीय इच्छाशक्ति का एक उत्कृष्ट प्रमाण है।

स्वच्छता, सफाई और जागरूकता में दशकों के सक्रिय प्रयासों से प्राप्?त यह उपलब्धि, इस बात का परिचायक है कि भारत तपेदिक (टीबी) से किस प्रकार निपट रहा है। वास्तव में, ट्रेकोमा पर जीत की गूंज, टीबी-मुक्त भारत की दिशा में राष्ट्र के महत्वाकांक्षी अभियान में दृढ़ता को दर्शाती है।

जिस तरह मौलिक सार्वजनिक स्वास्थ्य सिद्धांतों पर निरंतर ध्यान ने ट्रेकोमा के खिलाफ लड़ाई को रेखांकित किया, उसी तरह टीबी के खिलाफ वर्तमान लड़ाई भी समान रूप से व्यापक और महत्वपूर्ण रूप से गहराई से निहित जनभागीदारी यानी लोगों की भागीदारी के सिद्धांत के साथ लड़ी जा रही है। यह केवल एक नारा नहीं है, बल्कि यह सरकार की रणनीति का आधार है। हाल ही में शुरू किया गया 100-दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान इस संकल्प का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस अभियान के अंतर्गत 12 करोड़ 97 लाख लोगों की जांच की गयी और 7 लाख 19 हजार से अधिक टीबी रोगियों की जानकारी दी गयी। लेकिन जो बात इस प्रयास को अलग बनाती है, वह है टीबी के सामाजिक लक्षणों को खत्म करने की समानांतर प्रतिबद्धता। 13 करोड़ 46 लाख नि-क्षय शिविर या सामुदायिक जांच और जागरूकता शिविरों का आयोजन, इस मान्यता के बारे में बहुत कुछ कहता है कि प्रभावी उपचार, दवा से परे कलंक, मिथकों और गलत सूचनाओं के उन्मूलन तक फैला हुआ है।

**टीबी उन्मूलन के संदर्भ में जन-भागीदारी जीवंत और बहुआयामी है।**

टीबी उन्मूलन के संदर्भ में जन-भागीदारी जीवंत और बहुआयामी है। यह एक ऐसा तंत्र है, जो आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं जैसे सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के अथक समर्पण का समर्थन करता है, जो दूरदराज के गांवों में संपर्क का सबसे मूल्यवान माध्यम हैं। वे संभावित मामलों की पहचान करने, उपचार नियमों का पालन सुनिश्चित करने और महत्वपूर्ण पोषण सहायता प्रदान करने वाले गुमनाम नायक हैं। इस नींव पर स्थानीय स्वयं-सहायता समूहों, गैर-सरकारी संगठनों और आस्था-आधारित संगठनों द्वारा संसाधनों को जुटाने से महत्वपूर्ण रोगी सहायता नेटवर्क स्थापित करके समुदाय-नेतृत्व वाले इस प्रयास को और मजबूती मिलती है।

हालांकि, अग्रिम पंक्ति के इन योद्धाओं के मैदान में उतरने से पहले ही, भारत के सशक्त मीडिया द्वारा जमीन तैयार की जा रही है। 100 दिवसीय अभियान का आकर्षक नारा, जन-जन का रखे ध्यान, टीबी-मुक्त भारत अभियान, सिर्फ. एक आकर्षक मुहावरा नहीं है, यह एक राष्ट्रीय आह्वान है, जो असंख्य स्थानीय भाषाओं में टेलीविजन, रेडियो और सार्वजनिक स्थानों पर गूंज रहा है।

इस व्यापक जागरूकता सृजन को अटूट राजनीतिक इच्छाशक्ति द्वारा महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा दिया गया है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित सरकार के सर्वोच्च स्तर के अधिकारी लगातार भारत की प्रगति का आधार रख रहे हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री के तत्वावधान में एक संपूर्ण-सरकार का दृष्टिकोण जिस तरह से मंत्रालयों में सहयोग को बढ़ावा दे रहा है और राज्य स्तर पर सक्रिय प्रयास जारी है, वह एकीकृत राष्ट्रीय प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

टीबी के खिलाफ भारत की लड़ाई की एक और आधारशिला, इसकी पंचायती राज संस्थाओं की व्यापक पहुंच है। 2,50,000 से ज्यादा पंचायतें टीबी उन्मूलन को चर्चा में ला रही हैं और सरपंचों तथा ग्राम प्रधानों को सार्वजनिक स्वास्थ्य के अग्रणी के रूप में शामिल कर रही हैं। टीबी के बारे में अब खुलकर चर्चा की जाती है और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि ग्रामीण स्तर पर इस पर कार्रवाई की जाती है।

सार्वजनिक स्वास्थ्य सहयोगी के रूप में मीडिया इस महान प्रयास में मीडिया की भूमिका अपरिहार्य है। सरकारी पहलों, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और समुदाय द्वारा संचालित उपायों की प्रेरक कहानियों पर प्रकाश डाल कर, मीडिया जनता का विश्वास बढ़ाता है और देखभाल के लिए आगे आने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह विकेंद्रीकृत, जन-केंद्रित मॉडल निक्षय-मित्र पहल के रूप में अपनी अभिव्यक्ति को उजागर करता है। पोषण और टीबी उपचार परिणामों को जोड़ने वाले भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के साक्ष्य के बारे में व्यापक मीडिया कवरेज ने सामुदायिक कार्रवाई की एक शक्तिशाली लहर को प्रज्वलित किया, जिससे निगम, गैर-सरकारी संगठन, व्यक्ति और यहां तक कि बच्चे भी निक्षय मित्र बनने के लिए आगे आये। हाल ही में 100 दिनों के अभियान के दौरान 1.05 लाख से अधिक निक्षय मित्रों द्वारा टीबी रोगियों और उनके परिवारों को 3.06 लाख से अधिक खाद्य टोकरियां वितरित की गयीं, जो जमीनी स्तर पर इस दृष्टिकोण के दूरगामी प्रभाव को स्पष्ट रूप से उजागर करती हैं।

संभवतः सबसे शक्तिशाली रूप से, टीबी से उबरने वाले लोगों के विजेता के रूप में सामने आने से यह कहानी बदल गई है। ये व्यक्ति, सफलतापूर्वक अपने स्वयं के ठीक होने की कहानी को आगे बढ़ाते हुए, अब अभिन्न सहयोगी हैं, जो सहानुभूति, मार्गदर्शन और प्रमाण देते हैं कि टीबी पूरी तरह से उपचार-योग्य है। उनका संरचित प्रशिक्षण- जहां वे टीबी को समझते हैं, वे तरीके जिनसे यह रोगी को मनोवैज्ञानिक रूप से प्रभावित करता है तथा सामुदायिक नेटवर्क बनाने की तकनीकें - तथा अनुभवों को सार्वजनिक रूप से साझा करने से उपचार अनुपालन को प्रेरित करता है तथा महत्वपूर्ण सामुदायिक सहानुभूति का निर्माण करता है। जैसे-जैसे देश टीबी-मुक्त भारत की ओर अग्रसर हो रहा है, इन प्रमुख उत्प्रेरकों और जन-भागीदारी की भावना के बीच निरंतर तालमेल सर्वोपरि होगा। सूचना देने, प्रेरित करने और लोगों को संगठित करने की उनकी संयुक्त शक्ति निस्संदेह भारत की सबसे बड़ी संपत्ति है।

प्रौद्योगिकी का रणनीतिक लाभ उठाकर, नवीन संचार रणनीतियों को बढ़ावा देकर और सामुदायिक भागीदारी को मजबूत करके, भारत केवल एक बीमारी को खत्म करने का प्रयास नहीं कर रहा है, वह एक स्वस्थ, अधिक सक्रिय समाज का भी निर्माण कर रहा है जहां हर नागरिक जागरूक है, हर रोगी को सहायता दी जाती है और जहां टीबी वास्तव में अतीत की बात बन जाती है।

**(लेखक : अपर महानिदेशक (मीडिया), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार हैं।)**


## कोल्हान की खबरें

### मुखी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने पुरानी प्रणाली से जाति प्रमाण पत्र निर्गत कराने की मांग की



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** मुखी समाज के एक प्रतिनिधि मंडल जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान एक ज्ञापन सौंपकर जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने की पुरानी प्रणाली को पुनः लागू करने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल का कहना है पूर्व में मुखिया एवं स्थानीय पदाधिकारियों की अनुशंसा पर प्रमाण पत्र निर्गत होता था। लेकिन अब खतियान की मांग की जा रही है, जो भूमिहीन समुदाय के लिए असंभव है। प्रतिनिधियों ने बताया मुखी समाज झारखंड का मूलवासी है, जिनकी कई पीढ़ियां इसी भूमि पर बसी हैं ।उसके बावजूद उन्हें जाति प्रमाण पत्र नहीं मिल पा रहा है। जिससे समाज के युवाओं का भविष्य संकट में पड़ गया है ।उन्होंने कहा अधिकतर समाज के लोग मेहनत-मजदूरी कर जीवनयापन करते हैं ।सभी भूमि के स्वामित्व से वंचित हैं। खतियान जैसी शर्तें उनके लिए असंभव हैं ।उन्होंने विधायक से आग्रह किया पूर्व की प्रणाली को पुनः लागू कर, जाति प्रमाण पत्र निर्गत की प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाया जाए। मौके पर समाज के अध्यक्ष मनोज मुखी, सुरेश मुखी, राजू मुखी, नितिन मुखी, संदीप मुखी, देव मुखी, संजय कंसारी, पोरेस मुखी और अनिकेत मुखी सहित अन्य शामिल रहे।

### डीसी से मिला चैंबर ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधिमंडल



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले के नवनियुक्त डीसी नीतीश कुमार सिंह से चेंबर ऑफ कॉमर्स के एक प्रतिनिधिमंडल शिष्टाचार मुलाकात की। गुरुवार को मुलाकात के दौरान गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया ।मौके पर प्रतिनिधि मंडल ने कांड्रा से आदित्यपुर तक फ्लाई ओवर निर्माण, जिला मुख्यालय में बायपास रिंग रोड,छऊ कला के संरक्षण एवं संवर्धन पर सकारात्मक चर्चा की ।महासचिव मनोज चौधरी ने बताया डीसी से वार्ता उत्साहवर्धक रही। जिले के सर्वांगीण विकास की दिशा में ठोस पहल की उम्मीद है। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल, महासचिव मनोज कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष अरुण सेक्सरिया समेत अन्य सदस्यगण शामिल रहे।

### सरयू राय ने मंजू सिंह और प्रकाश कोया को सौंपी जिम्मेदारी

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने विधानसभा क्षेत्र में महिला, बाल विकास और अनुसूचित जनजाति मामलों को लेकर दो प्रतिनिधियों की नियुक्ति की। गुरुवार किसकी जानकारी देते हुए उन्होंने कहा शिक्षिका मंजू सिंह को महिला एवं बाल विकास मामले और प्रकाश कोया को अनुसूचित जनजाति मामलों का प्रतिनिधि नियुक्त किया गया। विधायक श्री राय ने बताया दोनों प्रतिनिधि केंद्र और राज्य सरकार की संबंधित योजनाओं को जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में प्रभावी रूप से लागू कराने के लिए जिला प्रशासन के अधीन कार्यरत विभागों से समन्वय स्थापित करेंगे।

### चोरी के मामले में आदित्यपुर पुलिस को मिली सफलता

## 16 टन चोरी का सामान बरामद, एक गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**आदित्यपुर।** सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर पुलिस ने चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जबकि अन्य दो आरोपी अब भी फरार हैं। पुलिस ने इस मामले में अप्राथमिकी अभियुक्त राजन कुमार महतो को रांची के पुनदाग ओपी क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के पास से 220 बंडल लोहे का शटर प्रोफाइल, 94 बंडल लोहे का शटर गाइड, एक लोहे की स्ट्रिप और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। जब्त सामान का कुल वजन लगभग 16 टन बताया जा रहा है। इस संबंध में आदित्यपुर थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने बताया 27 मई को जमशेदपुर के सोनारी स्थित अंकुर अपार्टमेंट निवासी अमित कुमार केसरी ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार ट्रक पर लदे लोहे के एंगल, चैनल और पट्टी को विक्की और ललितेश प्रसाद नामक व्यक्तियों द्वारा धोखे से गायब कर दिया गया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर इस मामले की जांच के लिए विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया था। छापेमारी दल ने चोरी के सारा सामान रांची के पुदांग ओपी क्षेत्र अंतर्गत ढीपा टोली, लाला लाजपत राय चौक के पास स्थित जीतू महतो के कमरे से बरामद किया है। फिलहाल मुख्य अभियुक्त विक्की और ललितेश प्रसाद की गिरफ्तारी के लिए तलाश जारी है। पुलिस ने आश्वस्त किया जल्द ही अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा। छापेमारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक आलम चंद महतो, आरक्षी दीपक कुमार और रांची पुलिस बल शामिल थे।

### अल्पसंख्यकों का शैक्षणिक-सामाजिक विकास हो सकेगा: हिदायतुल्लाह खान

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान ने मौलाना गुलाम रसूल बिलयावी को बिहार अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर बधाई दी। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा मौलाना के नेतृत्व में बिहार के अल्पसंख्यकों को शैक्षणिक, सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक विकास में बल मिलेगा। उन्होंने कहा इदारा शरिया के माध्यम से मौलाना ने पूर्व में विभिन्न राज्यों में जनजागरूकता अभियान चलाकर समाज सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए थे ।उनके अनुभव और नेतृत्व में अल्पसंख्यकों की समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

### टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के पूर्व अध्यक्ष गुरमीत सिंह ने नये अध्यक्ष का किया स्वागत



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के पूर्व अध्यक्ष गुरमीत सिंह ने नए अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद का जोरदार स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा यूनियन के सभी कमेटी सदस्यों, पदाधिकारियों और मजदूर भाइयों से मिले स्नेह और प्यार से वे अभिभूत हैं। पूर्व अध्यक्ष गुरमीत सिंह ने अपनी विदाई को भावुक क्षण बताते हुए कहा प्रबंधन,यूनियन और श्रमिकों ने जो सम्मान दिया उसे शब्दों में व्यक्त करना संभव नहीं है। उन्होंने नए अध्यक्ष के साथ महासचिव आरके सिंह और अन्य सदस्यों को भी अपनी ओर से शुभकामनाएं दीं।

### भू-माफिया और उदासीन प्रशासन के बीच न्याय की जंग लड़ रहे बुजुर्ग, सरकार से लगायी गुहार



**चांडिल (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले के चांडिल स्थित जांता गांव निवासी बुजुर्ग महिला सुमित्रा लायक वर्षों से अपनी वैध जमीन पर कब्जे के लिए संघर्ष कर रही हैं। लेकिन अब तक बुजुर्ग न्याय से वंचित होकर दर दर भटक रही हैं। उनके पास खाता संख्या-1, प्लॉट संख्या-13 व 23 में कुल 97 डिसमिल जमीन के वैध दस्तावेज हैं। जिसमें से 66 डिसमिल जमीन 2005 में उनके पिता के नाम से खरीदी गई थी ।सुमित्रा का आरोप है उनकी जमीन पर दबंगों ने अवैध कब्जा कर लिया ।अब तो निर्माण कार्य भी जारी है। 2018 और 2024 में प्रशासन द्वारा मापी व जांच के आदेश के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने चांडिल अंचल अधिकारी पर पक्षपात और रिश्वतखोरी के आरोप भी लगाए हैं। अब सवाल है क्या सुमित्रा लायक को उनकी जमीन वापस मिलेगी या उन्हें और इंतजार करना होगा। अब तो मामला प्रशासन के लिए एक नैतिक परीक्षा बन गया है। फिलहाल सुमित्रा लायक ने बर्तमान सरकार और जिला प्रसाशन से पूरे मामले की जांच कर न्याय दिलाने के लिए आग्रह कर रही है।

### सड़क हादसे में मृतक के परिजनों से मिले समीर मोहंती, दी आर्थिक सहायता



**बहरागोड़ा (आजाद सिपाही)।** बहरागोड़ा विधायक समीर कुमार मोहंती ने गामारिया पंचायत स्थित मौसाड़ गांव निवासी 45 वर्षीय स्व. प्रसन्न खामराय के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना प्रकट की। ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व प्रसन्न खामराय की पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गयी थी। विधायक ने शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया और उनकी पत्नी सबिता खामराय को श्राद्ध कर्म हेतु आर्थिक सहायता प्रदान की। विधायक ने कहा वे पीड़ित परिवार के साथ खड़े रहेंगे और हर संभव सहयोग करेंगे। इस अवसर पर झामुमो नेता सुधांशु माइति, जयंत बाग, मिथुन कर, नेत्रा खामराय सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

## इंटर जेडीसी कैरम टूर्नामेंट का समापन, ब्लास्ट फर्नेस और सिक्योरिटी विभाग बने विजेता

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में चार दिवसीय इंटर जेडीसी कैरम टूर्नामेंट 2025 का गरिमामय समापन होगया। गुरुवार को टूर्नामेंट में टाटा स्टील के विभिन्न विभागों से पुरुष एवं महिला कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने रणनीति, धैर्य और मानसिक संतुलन का बेहतरीन परिचय दिया। इससे कर्मचारियों के बीच उत्साह, सौहार्द और सहयोग की भावना प्रबल हुआ। कार्यस्थल पर सकारात्मक ऊर्जा का संचार देखने को मिला। प्रतियोगिता के दौरान पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान ब्लास्ट फर्नेस, द्वितीय स्थान हॉट स्ट्रिप मिल,तृतीय स्थान एसएमडी को मिला। वही महिला वर्ग में प्रथम स्थान सिक्योरिटी विभाग, द्वितीय स्थान एलडी 3 एवं टीएससीआर और तृतीय स्थान सप्लाई चेन विभाग ने हासिल की। समापन समारोह में स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट के चीफ मुकुल विनायक चौधरी, टाटा वर्कर्स यूनियन के उपाध्यक्ष संजय सिंह और स्पोर्ट्स हेड विभूति अधेशरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की। अपने प्रेरणादायक विचारों में कहा इस प्रकार के आयोजन कर्मचारियों के बीच टीम भावना, फिटनेस और मानसिक सजगता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इंटर जेडीसी कैरम टूर्नामेंट 2025 ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया टाटा स्टील न केवल एक उत्कृष्ट कार्यस्थल है, बल्कि एक ऐसा मंच जहाँ कर्मचारियों के समग्र विकास के लिए शारीरिक, मानसिक और सामाजिक को समान महत्व दिया जाता है। इस सफल आयोजन में मैनेजर स्पोर्ट्स अनन्या लीपी, बंसीधर महतो, पूनम कुमारी, रेनू भदौरिया और तिलक राम का विशेष योगदान रहा।

### सरयू राय ने रोशन लाल गुप्ता के लापता होने की जतायी चिंता, पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग की

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने घाटशिला पुलिस की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने बताया उनके विधानसभा क्षेत्र निवासी रोशन लाल गुप्ता, जो घाटशिला के जिला पार्षद कर्ण सिंह के खिलाफ मामले में सुलह कराने के लिए सुबह करीब आठ बजे उनके निवास से घाटशिला थाना गए थे। तब से उनका कोई पता नहीं है ।विधायक श्री राय ने बताया श्री गुप्ता ने उनसे कहा था वे कर्ण सिंह से पुराना परिचित हैं। मामले को बढ़ाए बिना सुलह करना चाहते हैं। लेकिन घाटशिला थाना पहुंचते ही पुलिस अधिकारियों ने उन्हें उनकी गाड़ी में बिठाकर किसी अन्य जगह ले जाया गया। उसके बाद से उनका मोबाइल भी बंद आ रहा है। परिजन और मित्र इस बात को लेकर चिंतित हैं। विधायक ने कहा इस तरह की कार्रवाई पुलिस की स्वस्थ कार्य संस्कृति के खिलाफ है। इसमें कोई गहरी साजिश हो सकती है। उन्होंने एसएसपी से जानकारी मांगी है और आश्वासन भी मिला है।

# पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने पदभार ग्रहण किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



गढ़वा। अमन कुमार ने गढ़वा जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) के रूप में अपना पदभार ग्रहण किया। इसके पूर्व वे खूंटी जिले में एसपी के पद पर कार्यरत थे। 2014 आईपीएस बैच के अधिकारी हैं अमन कुमार। गढ़वा समाहरणालय स्थित एसपी कार्यालय में पदभार ग्रहण के बाद अमन कुमार ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना, अपराध एवं उग्रवाद पर सख्त कार्रवाई करना, साइबर अपराध पर नियंत्रण, और जनता के साथ समन्वय बनाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास बनाये रखना जरूरी है और हर शिकायत पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। इसके लिए थाना स्तर पर निगरानी को और अधिक प्रभावी बनाया जायेगा।

# बारात में आये नवयुवक का शव कुआं से बरामद, हत्या की आशंका

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बंशीधर नगर।** थाना क्षेत्र के सिंहपुर, मर्चवार गांव में बृहस्पतिवार की रात्रि में बारात आये एक नवयुवक का शव शुक्रवार की सुबह कुआं से बरामद हुआ है। युवक की पहचान अंबिकापुर, गांधीनगर के रामाशीष विश्वकर्मा के पुत्र विकास विश्वकर्मा उम्र लगभग 32 के रूप में हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में कर छानबीन शुरू कर दिया है।

जानकारी के अनुसार मृतक विकास अपने भाई के दोस्त का बारात डंडई प्रखंड के महूडंड गांव के कैलाश ठाकुर के पुत्र राकेश कुमार ठाकुर का सिंहपुर मर्चवार गांव में प्रमोद ठाकुर के यहां आया था। मृतक विकास विश्वकर्मा उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिला के ओबरा में बिजली विभाग में जेई के पद पर कार्यरत था। वह अपने दोस्तों के साथ ओबरा से डायरेक्ट मर्चवार गांव में आया था।

वह अपने दोस्तों के साथ बारात में डांस कर रहा था इसी क्रम में वह मध्य रात्रि में अचानक गायब हो गया। कुछ देर बाद नहीं आने पर दोस्तों ने फोन लगाया, फोन नहीं लगने पर खोज बिन शुरू किया। लेकिन नहीं मिलने पर, इसके बारे में विकास के परिजनों को सूचना दिया तथा इस घटना के बारे में श्री बंशीधर नगर पुलिस को भी जानकारी दिया गया। ग्रामीणों ने शुक्रवार की सुबह एक व्यक्ति का शव नाथ भोग आटा मिल के बगल के कुआं में तैरते देखा।

जिसकी सूचना प्रशासन को दिया गया। घटना की सूचना पाकर प्रशासन स्थल पर पहुंच कर विकास का शव कुआं से बाहर निकलवाया तथा मामले की जानकारी लिया। घटना की सूचना पाकर श्री बंशीधर नगर डीएसपी सत्येंद्र कुमार घटनास्थल पहुंच कर मामले की जानकारी लिया। इस घटना की खबर गांव में आग की तरह फैल गयी और देखने के लिए लोगों का भीड़ लग गयी।

# मुस्लिम युवती ने हिंदू युवक के साथ रचायी शादी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के अरसली उतरी गांव में बुधवार को एक मुस्लिम युवती का हिंदू रीति रिवाज से शादी संपन्न कराया गया, जिसमें उक्त विवाह में विश्व हिंदू परिषद के वरीय पदाधिकारी भी शामिल रहे।

बताया जाता है कि अरसली उतरी निवासी अजय शर्मा का पुत्र कृष्णकांत शर्मा गांव में ही एक प्राइवेट स्कूल चलाता है, उसी स्कूल में एक मुस्लिम युवती शिक्षिका पढ़ाती थी, इसी दरम्यान दोनो ने प्यार मोहब्बत के बाद शादी का फैसला ले लिए परंतु युवती के घरवाले इस शादी के खिलाफ थे। मामला स्थानीय थाने तक भी पहुंचा परंतु लड़की का बालिग होने के कारण कोई दबाव लड़की पर नहीं पड़ा जिसके बाद युक्त दोनों ने घर से भाग कर कोर्ट मैरेज कर लिया। जिसके बाद बुधवार को अपने गांव में विधिवत हिन्दू रीति रिवाज से पंडितों के द्वारा शादी हुई और लोगों को प्रतिभोज भी कराया गया। परंतु कृष्ण कांत शर्मा के इस शादी से गांव गोतिया लोग दूरी बनाये रहे। शादी के बाद युवती समा प्रवीण से कनिका देवी नामकरण किया गया।

# आवास योजना में अनियमितता दो पंचायत सहायक कार्यमुक्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कांडी।** प्रखंड अंतर्गत सरकोनी पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में अनियमितता पाये जाने के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी कांडी बीडीओ राकेश सहाय ने दो पंचायत सहायकों को तत्काल प्रभाव से पदमुक्त कर दिया है। कार्यमुक्त किये गये सहायक सिताबी यादव पिता कृष्णा यादव और सविता देवी पति सिताबी यादव। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री राजीव रंजन मिश्रा द्वारा इन दोनों पंचायत सहायकों के विरुद्ध योजनाओं में अनियमितता की शिकायत की गयी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच करायी गयी, जिसके उपरांत उप विकास आयुक्त, गढ़वा द्वारा इन्हें पद से हटाने का आदेश जारी किया गया। उक्त आदेश के आलोक में बीडीओ राकेश सहाय ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों पंचायत सहायकों को पद से कार्यमुक्त कर दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता और जनहित सर्वोपरि है, और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस कार्रवाई से क्षेत्र में एक मजबूत संदेश गया है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रशासन सजग है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## महिला पुलिसकर्मी करेंट की चपेट में आने से घायल

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर थाना में पदस्थापित सहायक महिला पुलिसकर्मी पुष्पा कुमारी गुरुवार को विद्युत प्रवाहित करेंट की चपेट में आने से घायल हो गयी। थाना के एसआई दिनेश सिंह एवं नारायण प्रसाद द्वारा तत्काल उसे ईलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार महिला पुलिसकर्मी पुष्पा कुमारी थाना परिसर स्थित अपने रूम में पंखा चलाने के लिए बिजली के बोर्ड में प्लग लगा रही थी, तभी अचानक करेंट की चपेट में आने से घायल हो गयी।

# सरस्वती विद्या मंदिर बंशीधर नगर के विद्यार्थियों का रहा शानदार प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं ने जैक के द्वारा जारी की गयी मैट्रिक परीक्षा के परिणाम में जिले और राज्य स्तर पर अव्वल दर्जा प्राप्त कर विद्यालय और परिवार सहित पूरे जिले का नाम रोशन किया है। विद्यालय के सभी 102 छात्र-छात्राओं ने इस बार मैट्रिक की परीक्षा में प्रथम डिवीजन से पास होकर विद्यालय का मान बढ़ाया है। जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक रविकांत पाठक ने बतलाया कि विद्यालय का मैट्रिक परिणाम सत प्रतिशत रहा है। उन्होंने बताया कि विद्यालय के आशुतोष कुमार चौबे, पिता राधेश्याम चौबे ने 484 (96.8%) अंक लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं सुमित कुमार, पिता अनूप कुमार ने 482 (96.4%) अंक लाकर अपने विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि रोहित कुमार पिता धीरज कुमार और प्रवीण कुमार पिता रमन कुमार ने 480 (96%) अंकों के साथ संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त करने में सफलता हासिल की है। जबकि सागर कुमार पिता धर्मेंद्र सेठ ने 479 एवं आशुतोष कुमार पिता ब्रजेश लाल जायसवाल ने 478 अंक लाकर क्रमशः चौथे एवं पांचवें स्थान, अनुराग कुमार, युवराज कुमार, ओम कुमार ने संयुक्त रूप से छठा स्थान, उत्तम कुमार, अंकित विश्वकर्मा, शांभवी कुमारी, प्रियांशु कुमार और रंजन कुमार ने विद्यालय के टॉप 10 में अपना स्थान प्राप्त किया।

# सतबहिनी झरना तीर्थ में शादी समारोह के दौरान मारपीट, दो लोग घायल



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ में बुधवार की रात उस समय अफरा-तफरी मच गयी, जब एक शादी समारोह के दौरान भीषण मारपीट हो गयी। इस घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये, जिन्हें पुलिस ने मौके से उठाकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा। यह घटना नवीन यज्ञशाला के निकट स्थित सामुदायिक भवन में घटी, जहां निगम कुमार पिता - लखन राम, निवासी - चौरा, थाना केतार और आरती कुमारी पिता - संजय राम, निवासी - जंगीपुर नगर, ऊंटरी की शादी संपन्न हो रही थी। शादी के दौरान अचानक कुछ अज्ञात लोग काले स्कॉर्पियो में सवार होकर पहुंचे और देखते ही देखते हाथापाई शुरू कर दी। सूचना मिलते ही कांडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को काबू में किया। घायल व्यक्तियों की पहचान उदय कुमार चंद्रवंशी 24 वर्ष एवं उर्मिला देवी 50 वर्ष के रूप में हुई है, जो ग्राम सड़की थाना कांडी के निवासी हैं। पुलिस ने दोनों को प्राथमिक उपचार के लिए कांडी अस्पताल भेजा, जहां से गंभीर हालत में उन्हें मझिआंव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी अविनाश राज ने बताया कि घटना में शामिल दोनों पक्षों को थाना बुलाया गया है। हालांकि अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं करायी गयी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# पूर्व विधायक भानु ने दिवंगत कार्यकर्ता प्रेमचंद भूइंहार के घर पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सगमा।** पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही ने अपने वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रेमचंद भूइहर के एकादशा श्राद्ध में शामिल होकर अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए सहयोग प्रदान किया कहा हम हर सुख दुःख में परिवार के साथ खड़ा रहूंगा । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही दिन बुधवार की शाम 6:00 बजे सगमा प्रखंड के दुसैया गांव निवासी भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता लोक कलाकार प्रेमचंद भूइहार के घर पहुंचकर एकाद्स श्राद्ध में शामिल होकर अपनी यथा पार्टी को और श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि हमने पार्टी के एक कर्मठ जुझारू नेता को खो दिया है, जिसकी भरपाई करना आसान नहीं होगा। उक्त अवसर पर उन्होंने मृतक प्रेमचंद भूइहर की पत्नी के हाथो में सहयोग राशि प्रदान करते हुए कहा कि अब प्रेमचंद भूइहर जी हम सबों के बीच नहीं हैं मगर उनकी याद हर समय ताजा रहेगा। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि भगवान उनको अपने श्री चरणों में स्थान दें। इस अवसर पर पूर्व विधायक के साथ भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे जिसमे मुख्यरूप से मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव, महामंत्री धर्मजीत यादव, संतोषी कुशवाहा, दिनेश शर्मा, मणिशंकर विश्वकर्मा, आशीष विश्वकर्मा, वार्ड प्रतिनिधि उमेश राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## मेराल प्रखंड के किसान विभिन्न मांगों को लेकर गये अनिश्चितकालीन हड़ताल पर



**मेराल (आजाद सिपाही)।** मेराल प्रखंड के किसान मित्र अपने विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेश कमेटी कृषक मित्र महासंघ झारखंड के निर्देशानुसार अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये। इसे लेकर मेराल प्रखंड कृषक मित्र संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र महतो ने बीडीओ के प्रतिनिधि प्रधान सहायक सुनील कुमार एवं बीटीएम प्रवीण मिश्रा को हड़ताल पर जाने को लेकर लिखित आवेदन दिया है। दिये गये आवेदन के अनुसार झारखंड सरकार द्वारा पिछले कई वर्षों से कृषक मित्रों को प्रोत्साहन राशि नहीं दिया है। जिस कारण कृषक मित्रों में भारी नाराजगी एवं असंतोष व्याप्त है। कृषक मित्र के प्रखंड अध्यक्ष वीरेंद्र महतो ने बताया कि सरकार द्वारा किसान हित में कृषक मित्रों द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है।

# पुराना समाहरणालय भवन अवस्थित विभिन्न कार्यालयों का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**निबंधन कार्यालय गढ़वा को अनुमंडल परिसर भवन में शिफ्ट करने की बात कही**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने जिला मुख्यालय (पुराने समाहरणालय परिसर) में स्थित ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव/प्रतिनिधि की उपस्थिति में वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था, ईवीएम का रख-रखाव समेत अन्य बिंदुओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में सुरक्षा व्यवस्था, ईवीएम का रख-रखाव समेत अन्य चीजें संतोषजनक और निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार पाये गये। इस दौरान उपायुक्त ने सीसीटीवी कैमेरा, अग्निशामक समेत अन्य सुरक्षा मानकों की भी जांच की। जांच में सीसीटीवी, अग्निशामक व्यवस्था समेत अन्य क्रियान्वित पाये गये। मौके पर प्रतिनियुक्त सुरक्षा कर्मियों से भी उपायुक्त ने विभिन्न प्रकार की जानकारी लेते हुए पूरी तरह से सक्रिय होकर कर्तव्यों के निर्वहन का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर मान्यता प्राप्त विभिन्न राजनीतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव/ प्रतिनिधि समेत उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय, कोषागार पदाधिकारी प्रशांत मिंज और अन्य संबंधित पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित रहें। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त द्वारा पुराने समाहरणालय भवन परिसर का भी निरीक्षण किया गया और उनमें संचालित किये जा रहे विभिन्न विभागों के कार्यालय प्रधान को कार्यालय परिसर में समुचित साफ-सफाई की व्यवस्था रखने का निर्देश दिया गया।

# जेसीबी मशीन से कार्य कराये जाने की शिकायत पर बीडीओ ने स्थल पर पहुंचकर जांच की



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में मनरेगा योजना के अंतर्गत जेसीबी मशीन से कार्य कराये जाने की शिकायत पर प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) नंदजी राम ने स्थल पर पहुंचकर जांच की। मामला डोभा निर्माण से जुड़ा हुआ है, जिसमें कथित रूप से जेसीबी के उपयोग की बात सामने आई थी। बीडीओ के पूछने पर लाभुक बाला यादव ने स्पष्ट किया कि डोभा खुदाई का कार्य मजदूरों से कराया गया है। जेसीबी मशीन बगल के खेत में जमीन समतलीकरण के कार्य में लगी थी, जिसका बोकेट डोभा स्थल से सट गया था, जिससे भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गयी। बीडीओ ने मौके पर उपस्थित पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि वे जांच के लिए आये हैं, और पूरी स्थिति का अवलोकन करने के बाद जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंपी जायेगी। उन्होंने बताया कि किसी भी योजना में नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और जांच में यदि गड़बड़ी पायी गयी, तो आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। इस मौके पर बीपीओ आनंद कुमार, एई प्रिंस कुमार, जेई प्रमेंद्र कुमार, रोजगार सेवक जयराम, सुनील तिवारी मौजूद थे।

# मरीज को सदर अस्पताल ले जा रही 108 सरकारी एंबुलेंस बीच रास्ते में ही खराब

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से गढ़वा सदर अस्पताल रेफर किए गए एक गंभीर मरीज को ले जा रही 108 एंबुलेंस रास्ते में खराब हो गयी, जिससे मरीज को फिर से भवनाथपुर अस्पताल वापस लाना पड़ा। चिंताजनक बात यह रही कि आदिम जनजाति समुदाय से आने वाला यह मरीज घंटों तक दूसरी एंबुलेंस की प्रतीक्षा करता रहा।

मरीज की पहचान सत्येंद्र कोरवा के रूप में हुई है, जो कोरवा आदिम जनजाति समुदाय से संबंध रखते हैं। उन्हें बेहतर इलाज के लिए भवनाथपुर से गढ़वा रेफर किया गया था। एंबुलेंस चालक ने बताया कि गाड़ी जैसे ही छमईलवा के पास पहुंची, अचानक इंजन गर्म हो गया और एंबुलेंस बंद हो गयी। किसी तरह मरीज को दोबारा भवनाथपुर सामुदायिक अस्पताल लाया गया, लेकिन वहां भी घंटों तक दूसरी एंबुलेंस का इंतजार करना पड़ा। चालक ने बताया कि गाड़ी की खराबी की जानकारी पहले ही करीब 15 दिन पूर्व, जिला कोऑर्डिनेटर शमसाद अंसारी को दे दी गयी थी, लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं हुआ।

# गढ़वा एसपी दीपक पांडेय के स्थानांतरण पर झामुमो नेताओं ने विदाई दी



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिले के निवर्तमान पुलिस अधीक्षक (एसपी) दीपक कुमार पांडेय से झामुमो केंद्रीय सदस्य धीरज दुबे ने मुलाकात कर विदाई दी। इस अवसर पर श्री दुबे ने कहा की पूर्व पुलिस अधिक्षक का कार्यकाल जिले के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में दर्ज हो गया। 11 सितंबर 2023 को जब उन्होंने जिले के एसपी का पदभार ग्रहण किया, उस समय कई चुनौतियाँ उनके सामने थीं—अपराध नियंत्रण, नक्सल गतिविधियों पर रोकथाम, और आम जनता का पुलिस पर विश्वास बहाल करना। लेकिन उन्होंने अपने मजबूत नेतृत्व, नीतिगत कुशलता और असाधारण साहस से इन सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय सफलता हासिल की। एसपी दीपक पांडेय की वीरता का सबसे बड़ा उदाहरण 29 दिसंबर 2022 को लोहरदगा जिले के कोरगो जंगल में देखा गया, जब उन्होंने भाकपा माओवादी संगठन के खिलाफ एक सफल ऑपरेशन को अंजाम दिया। मौके पर जिलाध्यक्ष शंभू राम एवम झामुमो नेता शरीफ अंसारी उपस्थित थे।

# बैंकॉक में गढ़वा के राजीव भारद्वाज के पुस्तक का विमोचन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भारत की सनातन चेतना, सौहार्द और मानवता के प्रतिनिधि संत परंपरा को वैश्विक मंच पर स्थापित करने वाला एक ऐतिहासिक क्षण 26 मई को थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में रचा गया। जहां गढ़वा के राजीव भारद्वाज के पुस्तक का विमोचन हुआ। इस अंतराष्ट्रीय मंच पर थाईलैंड के महामहिम राजा जनरल ग्रैंड मास्टर डॉक्टर सुमपंद रथफट्टाया, इंडोनेशिया के महाराज वाई एस ओ के एम 11 रिच, अमरीका का दैनिक अखबार पेज थ्री के डॉक्टर परमिंदर सिंह, धराधाम अंतराष्ट्रीय केंद्र के प्रमुख डॉक्टर सौरभ पांडेय, मिसेज इंडिया यूनिवर्स पूजा निगम, दिव्य प्रेरक कहानियां के प्रमुख डॉक्टर अभिषेक कुमार, देवनागरी फाउंडेशन के प्रमुख डॉक्टर सुनील दुबे की गरिमामई उपस्थिति हुई। राजीव भारद्वाज द्वारा लिखित पुस्तक में डॉक्टर सौरभ पांडेय के जीवन, विचार और सेवायात्रा का विस्तृत विवरण है। झारखंड के एक छोटे से जिले से निकल कर राजीव भारद्वाज आज अंतराष्ट्रीय मंच पर गढ़वा का गौरव बढ़ा रहे हैं। बताते चलें कि राजीव भारद्वाज एक प्रसिद्ध हिंदी व्यंग्यकार हैं जो अपने तीखे और चुभते हुए व्यंग्यों के लिए जाने जाते हैं। उनके व्यंग्य समाज की विसंगतियों और खामियों पर कटाक्ष करते हैं और पाठकों को सोचने पर मजबूर करते हैं। उनके व्यंग्य में तीखापन और चुभन होती है जो पाठकों को सोचने पर मजबूर करती है। उनके व्यंग्य समाज की विसंगतियों और खामियों पर टिप्पणी करते हैं।उनके व्यंग्यों में हास्य का पुट होता है जो पाठकों को हंसाता है और सोचने पर मजबूर करता है।

# बाना के मुसहर परिवारों के बीच पहुंचे सदर एसडीएम

**मुसहर परिवारों की जमीन को अतिक्रमण मुक्त करवाने हेतु सीओ को निर्देश**

**दो मुसहर परिवारों के लिए इसी हफ्ते आवास निर्माण काम शुरू करवाने का बीडीओ को दिया निर्देश**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मेराल।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार मेराल प्रखंड के बाना गांव स्थित मुसहर टोली पहुंचे। वे अपने साथ मेराल अंचल के सीओ यशवंत नायक को भी लेकर गये थे। यहां सर्वप्रथम उन्होंने स्थानीय बुर्जुगों से इस गांव के मुसहरों की पृष्ठभूमि, उनकी जमीन विवरणी, उनके परिवार जनों का विवरण और उनकी वर्तमान जीविका की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। स्थानीय बुजुर्ग भोला सिंह खरवार एवं अन्य लोगों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस इलाके में बीते 40-50 सालों से मुसहर समुदाय के लोग रह रहे हैं। जिन्हें जमीनें भी बंदोबस्ती में मिली हुई थीं। कालांतर में 8-10 मुसहर परिवारों में से कुछ परिवारों के सदस्य या तो मर गये या पलायन कर गए और धीरे-धीरे इनकी संख्या घटती गयी, आज यहां मौके पर तीन परिवार ही अस्थायी झोपड़ियां बनाकर रहते हुये मिले। मुसहर परिवारों की जमीनों पर स्थानीय अनुसूचित जाति के कुछ परिवारों ने अवैध दखल कब्जा कर वहां पर या तो घर बना लिये हैं या जोत कोड़ कर रहे हैं। अवैध कब्जा होने के बावजूद भी अभी लगभग एक एकड़ से अधिक भूमि खाली पड़ी है, जिस पर भविष्य में अवैध कब्जा न हो इसको लेकर अंचल अधिकारी मेराल यशवंत नायक को अनुमंडल पदाधिकारी ने आवश्यक कदम उठाने हेतु कहा, साथ ही निर्देश दिया है कि जिन लोगों ने मुसहर समुदाय की बंदोबस्त जमीनों पर कब्जा कर लिया है उन्हें चिन्हित कर व नोटिस कर उनसे कागजात मांगे और जरूरी पड़े तो नियमानुसार जमीन मुक्त भी करायें।

**आवास निर्माण सुनिश्चित करवायें :** भ्रमण के क्रम में एसडीएम को जानकारी मिली कि यहां के रामस्वरूप मुसहर तथा मनोज मुसहर के नाम से पहले से ही सरकारी आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत हैं किंतु उनके आवास निर्माण का काम शुरू नहीं हो सका है। इस पर एसडीएम ने मौके पर ही मेराल बीडीओ सतीश भगत को फोन पर निर्देशित किया कि वे अपनी निगरानी में समन्वयात्मक सहयोग से इन दोनों मुसहर परिवारों के पूर्व-स्वीकृत आवासों का निर्माण इसी हफ्ते शुरू करवाना सुनिश्चित करेंगे।

# बीडीओ ने 4 जून तक रॉयल्टी कटौती की बकाया राशि जमा करने का आदेश जारी किया



**कांडी (आजाद सिपाही)।** बीडीओ राकेश सहाय ने मनरेगा योजना के 14 प्रखंड आपूर्तिकर्ता के विरुद्ध मनरेगा अंतर्गत कटौती की गयी रॉयल्टी की बकाया राशि जमा नहीं करने को लेकर पत्र जारी किया है। उक्त सभी प्रखंड आपूर्तिकर्ता के ऊपर छः सत्र 2018 -19 से 2024 -25 तक 42 लाख 45 हजार 206 रुपये रॉयल्टी की राशि बकाया है। जिसमें मेसर्स मां इंटरप्राइजेज, दुबे इंटरप्राइजेज, त्रिदेव स्टोन चिप्स, सच्चिदानंद पांडेय, अर्शी इंटरप्राइजेज, प्रिंस ट्रेडर्स, जगदंबा ट्रेडर्स, त्रिदेव इंटरप्राइजेज, कमलेश सिंह, गुप्ता इंटरप्राइजेज, अजय कुमार गुप्ता, एसके ट्रेडर्स व अरविंद कुमार शामिल हैं। बीडीओ राकेश सहाय ने अपने आदेश में कहा है कि मनरेगा अंतर्गत कटौती की गयी रॉयल्टी की बकाया राशि जमा नहीं करना आप सबों की स्वेच्छाचारिता एवं सरकारी राशि के गबन करने की मंशा को दर्शाता है, जो अत्यंत ही खेद जनक है। बीडीओ ने 4 जून 2025 तक रॉयल्टी कटौती की बकाया राशि जिला खनन कार्यालय गढ़वा में ऑनलाइन या डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करने का आदेश जारी किया है अन्यथा कार्रवाई की जायेगी।

### केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने झिमड़ी के लोगों से किया संवाद, कहा

# पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ा हूं

आजाद सिपाही संवाददाता



**ईचागढ़।** सरायकेला-खरसावां जिला के नीमडीह प्रखंड के लाकड़ी पंचायत भवन में गुरुवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ पहुंचे और झिमड़ी के ग्रामीणों से संवाद किया। वही केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने कहा कि झिमड़ी में कुछ दिन पूर्व एक बिटिया का माइंड वाश कर, जबरन धर्मांतरण कराया गया था। घटना के बाद से ही लगातार परिवार और ग्रामीणों के संपर्क में था। उन्होंने कहा कि गुरुवार को लाकड़ी पंचायत में पीड़ित परिवार और ग्रामीणों के साथ मुलाकात किया। वर्तमान वस्तुस्थिति की जानकारी ली और पीड़िता की मां से बात किया। ग्रामीणों ने प्रशासनिक उत्पीड़न और अनावश्यक परेशान किये जाने की बात कही। मौके पर से ही डीसी, सरायकेला से दूरभाष पर बात किया। उन्हेंने कहा कि इस प्रकरण में किसी भी निर्दोष पर कार्रवाई नहीं हो। ग्रामीणों को अनावश्यक परेशान नहीं किया जाए, यह सुनिश्चित करें। पीड़ित परिवार और ग्रामीणों की बात सुनकर, उन्हें विश्वास दिलाया कि किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होने दी जायेगी। किसी भी निर्दोष पर कार्रवाई नहीं होगी। मैं पूरी मजबूती के साथ पीड़ित परिवार और ग्रामीणों के साथ खड़ा हूं। इस घटना के दोषियों पर प्रशासन कठोर कार्रवाई करे। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष उदय सिंह देव, मधु गोराई, नंदजी प्रसाद, पप्पू वर्मा, मदन सिंह सरदार, बलराम महतो, अनीता पारित, आकाश महतो सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# डकरा, केडीएच और पुरनाडीह कांटाघर नक्सली धमकी के बाद बंद, पुलिस की पहल के बाद काम हुआ शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** एनके एरिया के डकरा, केडीएच और पुरनाडीह स्थित कांटाघर नक्सली धमकी के बाद बुधवार दोपहर से बंद कर दिया गया। कांटाघर बंद होने के बाद सभी जगह सन्नाटा पसरा पड़ा हुआ था। वहीं नक्सलियों की सीधी धमकियों के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार, उग्रवादी संगठन के नाम से कई कोयला लिफ्टरों और सीसीएल कर्मचारियों को व्हाट्सएप कॉल कर सीधे जान से मारने की धमकी देते हुए काम बंद करने की चेतावनी दी थी। वहीं कोयला लिफ्टरों ने दो दिनों से लोडिंग का काम रोक दिया। कांटा के बंद रहने से कई लोड गाड़ियों का वजन भी नहीं हो पाया, जिसके कारण कोयला लोड़ गाड़िया कांटाघर के समीप खड़ी हुई थी। कांटाघर के बंद होने से सीसीएल प्रबंधन के साथ-साथ कोयला लोड़िग में लगे लिफ्टरों और डीओ होल्डर को भी अर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। वहीं गुरूवार को खलारी डीएसपी रामनारायण चौधरी एवं खलारी थाना प्रभारी इंस्पैक्टर जयदीप टोप्पो ने बंद कांटाघरों पहुंचकर कांटाघर कर्मचारियों से बातचीत की और कांटाघरों को चालू करने का निर्देश दिया। इसके बाद दोपहर बाद कांटाघरों को आंशिक रूप से खोला गया और दो दिनों से खड़ी कोयला लोड गाड़ियों का वजन किया गया। वहीं कांटाघर में काम करने वाले कर्मियों और कोयला लिफ्टरों ने पुलिस से कार्यस्थल पर सुरक्षा की मांग की।

### आपराधिक गतिविधियों में शामिल 'बैड एलिमेंटस' को बक्शा नहीं जायेगा : डीएसपी

खलारी डीएसपी राम नारायण चौधरी ने कांटाघर निरीक्षण के दौरान कहा कि 'बैड एलिमेंट' को किसी भी कीमत पर बक्शा नही जायेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस अपराधिक गतिविधियों में शामिल 'बैड एलिमेंट' पर पुरी नजर बना हुए है, जल्द ही अपराधी पुलिस की गिरफत में होंगे।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने किया इवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण



खूंटी (आजाद सिपाही)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आर रॉनिटा ने बुधवार को ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने ईवीएम वेयर हाउस की विधि व्यवस्था से संबंधित आवश्यक पहलुओं की जांच की। उन्होंने ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी उप निर्वाचन पदाधिकारी से ली। ईवीएम वेयर हाउस निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने सीसीटीवी कैमरे एवं अन्य उपकरणों की स्थिति तथा रख रखाव का जायजा लिया। सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। साथ ही तैनात सुरक्षा बलों के लॉग बुक, अग्निशमन यंत्र आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान तैनात सशस्त्र सुरक्षा बलों को अपने कार्य एवं दायित्वों के प्रति सचेत व सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया। इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## रॉयल एफसी को हरा राज स्पोर्ट्स बुंडू फाइनल में



तमाड़ (आजाद सिपाही)। फुटबॉल लीग का पहला सेमीफइनल मैच रॉयल एफसी और राज स्पोर्ट्स बुंडू के बीच बृहस्पतिवार को जीइएल चर्च आमलेशा मैदान पर खेला गया। राज स्पोर्ट्स के अजय ने 15वें मिनट पर पहला गोल किया। काफी गहमा गहमी के बीच इसी टीम के रामेश्वर मुंडा ने 76वें मिनट पर दुसरा और गोखेन मुंडा ने 81वें मिनट पर तीसरा गोल मारकर अपने टीम को मजबूत स्थिति में ला दिया। राज स्पोर्ट्स 3-0 से शानदार जीत दर्ज कर फइनल में जगह पक्की की। मैन ऑफ द मैच राज स्पोर्ट्स के स्टार खिलाडी गोखेन मुंडा को पांच परगना स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश चंद्र मुंडा ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। मैच का संचालन करम मुंडा, गुप्तेश्वर मुंडा और महावीर पुराण ने किया। मौके पर संरक्षक हीरालाल दास, निशांत भेंगरा, प्रेम पूर्ति, रितेश गुप्ता, जॉन कमल, राजेश मुंडा श्रेया कुमारी, मिनी, चाँदमनी, प्रभा, जीविका और सरिता कुमारी के अलावे काफी संख्या मे दर्शक मौजूद थे।

## नवाडीह में रैयत विस्थापित मोर्चा की हुई बैठक



मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। रैयत विस्थापित मोर्चा रोहिणी करकट्टा ओसीपी शाखा की बैठक नवाडीह मोना टोला में हुई। जिसकी अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष शिवनारायण लोहरा तथा संचालन भरत महतो ने किया। बैठक में मुख्य रूप से मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, प्रवक्ता रामलखन गंझु, उपाध्यक्ष अमृत भोगता, अनंत मुंडा सहित कई लोग उपस्थित थे। बैठक में मोर्चा के द्वारा जमीन संबंधित समस्याओं को लेकर जून माह में खलारी अंचल कार्यालय के समक्ष आहूत धरना को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने कहा कि खलारी प्रखंड के ग्रामीणों का जमीन संबंधित मामले को लेकर अंचल कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है। इस मौके पर बिनोद मुंडा, रॉकी पाहन, मिथुन गंझू, राजू लोहरा, अजित लोहरा, जीतवाहन गंझू, रविन्द्र महतो, गणेश लोहरा, बाबूलाल गंझू, राम जतन मुंडा, सुरेश लोहरा, दीपक कुमार, राधा देवी, कंचन देवी सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# जमीन अधिग्रहण को लेकर आमसभा आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



जमीन अधिग्रहण के आम सभा में उपस्थित ग्रामीण।

**सोनाहातू।** प्रखंड सभागार में गुरुवार को जिला भू अर्जन पदाधिकारी के निर्देश पर सड़क निर्माण के लिए जमीन अधिग्रण हेतु आम सभा का आयोजन किया गया। आमसभा में जिला भू अर्जन पदाधिकारी कार्यालय के अधिकारी पंकज सिंहा, दुबराज केरकेट्टा, मनोज सिंहा और आशीष कुमार मौजूद रहे। इन्होंने बताया कि कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग पथ प्रमंडल रांची ग्रामीण के पत्राचार के आलोक में बुंडू - राहे - बंता पथ परियोजना में बाईपास सड़क निर्माण कार्य किया जाना है। जिसमें बुरूडीह, डोमनडीह, खाटंगा, महेशपुर, पुरानानगर, कुबाडीह, होटलों मौजा में जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। उसी के आलोक में ग्रामीणों को जमीन अधिग्रहण से संबंधित जमीन का खाता नंबर बताया गया। जमीन के रैयतों के सहमति पत्र पर ही जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी। इधर उपस्थित ग्रामीणों ने कहा कि 80 प्रतिशत जमीन का मुआवजा राशि मिलने के बाद ही काम प्रारंभ किया जाएगा अन्यथा जमीन अधिग्रहण करने नहीं देंगे। मौके पर जिला परिषद बादल महतो, उप प्रमुख उमेश महतो, आजसू प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर महतो सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# राहे धोबी टोला में जलजमाव को लेकर देवेंद्र नाथ ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा

### उपायुक्त मामला को गंभीरता से लेते हुए राहे बीडीओ को तत्काल इस्टीमेट भेजने का दिया आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**राहे।** राहे प्रखंड राहे ऊपर टोला, धोबी टोला से डोमटोला तक नाले का पानी निकासी बंद के कारण कीचड़ के बीचों-बीच जीवन यापन से हो रही गंभीर बीमारी व अन्य समस्या का 'अनाबद्ध निधि' से समाधान करने का किया गया मांग। जेएलकेएम केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो ने गुरुवार को रांची उपायुक्त मंजुनाथ भजंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि राहे प्रखंड के खास राहे ऊपर टोला, धोबी टोला से डोमटोला तक पिछले कई वर्षों से नाले का पानी निकासी बंद होने के वजह से विभिन्न मोहल्ले के लगभग 5000 आबादी सालों भर कचड़ा के बीचों - बीच असहाय दुर्गंध के साथ मजबूरी वश अपना जीवन यापन कर रहें हैं। बरसात के समय पूरा क्षेत्र जलजमाव हो जाता है। इस दौरान रांची उपायुक्त से गंभीर समस्या स्थायी समाधान हेतु अनाबद्ध निधि से नक्शा अनुसार नाली का नये सिरे से नापी कर जमा कचड़ा का तत्काल सफाई किया जाय। बरसात से पूर्व खराब नाली का तत्काल मरम्मत किया जाय तथा कचड़ा निकासी नाली का नियमित मेंटेनेंस किया जाय। मौके पर रांची उपायुक्त मंजुनाथ भजंत्री गंभीर मामला को तत्काल संज्ञान में लेते हुए राहे बीडीओ अशोक कुमार आवेदन फॉरवर्ड करते हुए समस्या का समाधान को लेकर तत्काल इंस्टीमेंट भेजने का निर्देश दिया है।

## चार दिवसीय समर कैंप का समापन


खूंटी (आजाद सिपाही)। आर्ट गैलरी ड्रॉइंग क्लास के तत्वावधान में नेताजी चौक खूंटी में आयोजित चार दिवसीय समर कैंप का समापन बुधवार को हो गया। कैंप में चार से 16 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों और वयस्कों ने भाग लिया। कैंप में बच्चों के लिए प्लेट पेंटिंग आर्ट और क्ले आर्ट जैसी रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गयी, जबकि वरिष्ठ प्रतिभागियों के लिए ग्रुप पेंटिंग और व्यक्तिगत चित्रकला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आशीष महतो, अमित राम, अंजलि कुमारी, रिया कुमारी, ओशी, सृष्टि जायसवाल एंजेला हेंब्रम, शेरोप केरेकेट्टा आदि ने योगदान दिया।

## झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की बैठक

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बस्ती खेल मैदान में गुरुवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के बचरा दक्षिणी पंचायत अध्यक्ष कृष्णा यादव एवं संचालन चतरा जिला उपाध्यक्ष बिजय महतो ने किया। इस बैठक में पार्टी को मजबूत बनाने और सदस्यता अभियान सहित पार्टी से संबंधित बातों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक मे मुख्य रूप से आगामी 5 जून को राँची राजभवन के समक्ष होने वाले एक दिवसीय धरना को सफल बनाने और पिपरवार क्षेत्र से सैकड़ो कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल होने का निर्णय लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि झारखंड लोकतान्त्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के अध्यक्ष सह विधायक जयराम महतो के निर्देश पर पूरे झारखंड से खतियानी पद यात्रा आरंभ है। जिसमें अंतिम सर्वे सेटलमेंट खतियान आधारित स्थानीय नियोजन नीति विस्थापन नीति, सी और डी ग्रेड की सरकारी नौकरियां पर शत प्रतिशत झारखंडियों को आरक्षण, जाति आधारित जनगणना की मांगे शामिल हैं। बैठक में मुख्य रूप से चतरा जिला सचिव श्रवण महतो, सिमरिया विधानसभा प्रत्याशी जितेंद्र राम, रांची जिला के उपाध्यक्ष दीपक महतो,चतरा जिला उपाध्यक्ष बिजय कुमार महतो, तापेश्वर, महेंद्र, राकेश, अमर, टिकेश्वर महतो सहित पार्टी के कई लोग मौजूद थे।

# मारवाड़ी युवा मंच की खूंटी नगर शाखा ने किया स्थायी अमृतधारा का लोकार्पण

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** मारवाड़ी युवा मंच खूंटी नगर शाखा द्वारा बुधवार को शहर के राजस्थान भवन परिसर में वर्तमान सत्र की पहली स्थायी अमृतधारा (वाटर कूलर) का लोकार्पण किया गया। अमृतधरा का उद्घाटन राजस्थान भवन के अध्यक्ष शेखर चंद जैन और सचिव अजय सरावगी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष अंकित जैन, सचिव मुकुल पीपुरिया, पूर्व अध्यक्ष उदय लाल भाला, पूर्व अध्यक्ष अखिल सरावगी, चिरंजी लाल जैन, अरविंद जैन, अरूण पीपुरिया, अमित सरावगी, संजय जैन, प्रवीण जैन, बजरंग बाहेती, अशोक जैन, प्रिंस अग्रवाल, राजेश मिश्रा, शालिनी जैन, रिंकू जैन सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। इस आशय की जानकारी देते हुए मंच के संदीप पीपुरिया ने बताया कि अमृत धारा के लोकार्पण का उद्देश्य सभी को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है।

# विद्यालयों में पोषण और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध करायें अधिकारी: डीडीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत जिला स्तरीय स्टीयरिंग एवं मॉनिटरिंग कमिटी की बैठक बुधवार को आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम ने की। बैठक में शिक्षा विभाग के अधिकारियों, संबंधित पदाधिकारियों और समिति के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक के दौरान योजना की प्रगति, विद्यालयों में मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता, छात्रों की पोषण स्थिति सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। उप विकास आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यालयों में पोषण युक्त और गुणवत्तापूर्ण भोजन की सतत उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इसके साथ ही, योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग और उनके सुचारू क्रियान्वयन कें लिए समुचित रणनीति अपनाने पर जोर दिया। बैठक में निर्देश दिया गया कि विद्यालयों में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के प्रयास किये जायें। डीएमएफटी, सीएसआर और अन्य मदों से विद्यालयों में थाली, गिलास आदि क्रय करने की प्रक्रिया को भी गति दी जाए। साथ ही, रसोइया, सहायिकाओं को मुख्यमंत्री राज्य वृद्धा पेंशन योजना से लाभान्वित करने, उन्हें आयुष्मान भारत और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से आच्छादित करने के निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त, वित्तीय वर्ष 2024-25 में आयोजित सामाजिक अंकेक्षण की रिपोर्ट पर भी चर्चा करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने योजना के प्रभावी संचालन के लिए अपने सुझाव भी दिये।

# संत अंद्रियास उपासना तपकारा पेरिश में 80 लोगों का पवित्र दृढ़ीकरण संस्कार संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** छोटानागपुर डायसिस अंतर्गत उत्तर भारत की कलीसिया (सीएनआई चर्च) संत अंद्रियास उपासना तपकारा पेरिश में बुधवार को पवित्र दृढ़ीकरण संस्कार बिशप बीबी बास्के की अगुवाई में संपन्न हुआ। दृढ़ीकरण में ताम्बा, रनियां और स्थानीय पेरिश तपकारा के कुल 80 मसीही भाई-बहनों ने पहली बार प्रभु भोज ग्रहण किया। पवित्र दृढ़ीकरण संस्कार में पेरिश पुरोहित रेव्ह मनु महेश हांसदा, सीएनआई डायसिस रांची केंद्र के पूर्व डायसिस सचिव निर्मल सांमद, धर्म जिला कामडारा के जिलाध्यक्ष रेव्ह अशोक मानकी तथा तपकारा पेरिश केंद्र के प्रचारक जोन तोपनो के अलावा विभिन्न मंडलियों के प्रचारक सामूहिक दृढ़ीकरण संस्कार की आराधना में शामिल हुए। कार्यक्रम में तपकारा पेरिश के अंतर्गत सभी मंडली के तपकारा, बरदा, ईटाम, जराकेल, खिजुर टोली, जिलिंगबुरू, लतौली, पाटपुर, तोरपा और अन्य पेरिश के मसीही विश्वासी मौजूद थे। मसही विश्वासियों को शुभकामनाएं देते हुए बिशप बीबी बासके ने कहा कि जो वचन पर मन लगाता, वह कल्याण पाता है और जो यहोवा पर भरोसा रखता, वह धन्य होता है।

विधायक सुदीप गुड़िया ने चर्च पहुंचकर मसीही विश्वासियों तथा दृढ़ीकरण संस्कार प्राप्त प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि परमेश्वर की सच्ची श्रद्धा के साथ आत्मिक उन्नति की असीम आशीष सबको मिले। कार्यक्रम में तपकारा पेरिश के सचिव शिरीन गुड़िया, पेरिश कोषाध्यक्ष सेनेम आश्रिता तोपनो, पूर्व पेरिश डीसीआईएम (छोटानागपुर युवा आंदोलन समिति) पूर्व निर्देशक आशीष गुड़िया, पूर्व अध्यक्ष रोहित सुरीन, पूर्व कोषाध्यक्ष अनीता हेमरोम, जीरेंन तोपना, मसीही सेवा महिला समिति अध्यक्ष आजादी हेमरोम, शशिबाला गुड़िया, पेरिस प्रभुवार पाठशाला समिति अध्यक्ष जोसेफ गुड़िया, सचिव इमानुएल गुड़िया आदि मोजूद थे।

# मैकलुस्कीगंज में समर कप अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**मैकलुस्कीगंज।** रिवोल्यूशन स्पोर्टस के तत्वावधान में चार दिवसीय समर कप अंडर 14 टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन गुरुवार को मैकलुस्कीगंज के सखुआ टांड स्थित राजा बंगला में किया। मौके पर उपस्थित झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय नाथ सहदेव, पूर्व अंतराष्ट्रीय वालीबाल कोच शेखर बोस, मिहिर टोप्पो तथा कामेश्वर प्रसाद ने संयुक्त रूप से विधिवत उद्घाटन किया। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। चार दिनों चलने वाले इस टूर्नामेंट में जमशेदपुर के कदमा क्रिकेट अकादमी, पटना की ईशान किशन अकादमी अकादमी और रांची के हरमू यूथ क्लब, अरविंदो यूथ क्लब की क्रिकेट टीम हिस्सा ले रही है। प्रत्येक टीम तीन - तीन मैच एक खेलेगी। एक जून को इस टूर्नामेंट का फाइनल खेला जायेगा।

इस का उद्घाटन मैच ईशान किशन अकादमी और हरमू यूथ के बीच खेला गया, जिसमें हरमू यूथ ने 9 विकेट से जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए ईशान किशन अकादमी ने 20 ओवरों में 4 विकेट खोकर 96 रन ही बना पायी। प्रभु ने 27 रन की पारी खेली। आदित्य ने 16 रन देकर 2 खिलाड़ियों को आउट किया। जवाबी पारी खेलने उतरी हरमू यूथ की टीम ने 11.2 ओवरों में 1 विकेट खोकर 97 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम के लिए आयुष ने नाबाद 49 और दिव्यम ने नाबाद 21 रन बनाये। दिन के दूसरे मुकाबले में अरविंदो क्रिकेट क्लब ने कदमा क्रिकेट क्लब को 87 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए अरविंदो की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 2 विकेट खोकर 178 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम के लिए हिमांशु ने नाबाद 89 रन और आशीष ने नाबाद 35 रन की पारी खेली। मनीष और अक्षत को 1-1 विकेट प्राप्त हुआ। जवाब में कदमा क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 19 ओवरों में 91 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। इस मौके पर मैच के सफल आयोजन में एसएच पी सिंह नितेश शाहदेव, निशांत सिंह राजीव वर्मा, सत्यम, विशाल शर्मा, सचिन गिरी का सराहनीय योगदान रहा।

## नामकुम में अवैध अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप जब्त, पंजाबी ढाबा मालिक गिरफ्तार



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** पुलिस उप-महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक अमर कुमार पांडेय को गुप्त सूचना मिली थी कि नामकुम थाना क्षेत्र के लदनापीड़ी गांव स्थित अपना पंजाबी ढाबा में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब की बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन एवं कार्रवाई के लिए वरीय पुलिस उपाधीक्षक (मु० प्रथम) के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। जिसने बुधवार की रात 11.30 बजे ढाबे की घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान ढाबे के कैश काउंटर के नीचे एक सफेद बोरे से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। पुलिस ने अमेठिया नगर नामकुम निवासी ढाबा मालिक सुखप्रीत सिंह (33) को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही 44.980 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब जब्त कर लिया।

## जैलेंद्र कुमार ने शिव मंडा पूजा का किया उद्घाटन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** मसरी जारा में 11 दिवसीय शिव मंडा पूजा का आयोजन हुआ, जिसमें 175 भोक्ता एवं उतने हीं सोखताइन बहने शामिल हुई कार्यक्रम के अंतिम दिन फुलखुंदी के साथ रात्रि जागरण का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार विशिष्ट अतिथि रामसाय मुंडा ने जागरण अखाड़ा का फीता काट कर शुभारंभ किया। उनके साथ संजोती देवी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य अघनू महतो, सीताराम मुंडा, जगेश्वर महतो, शिकारी महतो, संजय नायक, धनीराम महतो समिति के अध्यक्ष लालदेव महतो, महेंद्र महतो, सहदेव महतो उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी भोक्ता एवं सोखताइन जलते अंगारों पर चल कर अपनी साधना का परिचय दिया। मंडा पूजा पर जैलेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा भगवान शिव पार्वती की असीम भक्ति का यह पर्व नागवंशी राजाओं के द्वारा शुरू किया गया था, जो भारत में 3000 ईसा पूर्व आये थे, तब से आज तक बंगाल, झारखंड और कुछ ओड़िशा के क्षेत्र में यह पर्व मनाया जाता है। सुबह झूलन के साथ शिव मंडा पूजा का समापन हुआ।

## जलजमाव के खिलाफ स्थानीय युवाओं ने किया बत्तख पालन और मछली शिकार



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** वार्ड नंबर 47 अंतर्गत नामकुम-पुरुलिया रोड स्थित जोरार बस्ती में जलजमाव की गंभीर समस्या के खिलाफ स्थानीय लोगों ने गुरुवार को अनोखे तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। अशोक गोप के नेतृत्व में युवाओं ने सड़कों पर बत्तख तैराई और मछली पकड़ी, जिससे नगर निगम और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता पर व्यंग्य किया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि बरसात से पहले ही हल्की बारिश के बाद यहां की मुख्य सड़कों पर घुटनों तक पानी भर जा रहा है। पिछले कई महीनों से लगातार लिखित शिकायतों और आवेदन के बावजूद विधायक, पार्षद और रांची नगर निगम की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। कहा कि जल निकासी की व्यवस्था और नालियों की सफाई न होने के कारण यह स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। गड्ढों से भरी सड़कें और जलजमाव से लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है। युवाओं ने कहा कि जल्द ही कोई समाधान नहीं निकाला गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## आरकेडीएफ विवि में नशा मुक्ति भारत अभियान को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** आरकेडीएफ विश्वविद्यालय में गुरुवार को नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता छात्र कल्याण संघ की अध्यक्ष डॉ अनिता कुमारी ने की। उन्होंने नशा के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को इससे दूर रहने के लिए प्रेरित किया। कहा कि नशा न केवल स्वास्थ्य के लिए घातक है, बल्कि यह परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। अंत में शैक्षणिक संकायाध्यक्ष डॉ शीतल टोप्पो ने छात्रों को नशा से दूर रहने की सलाह दी और जीवन में सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका एवं नोडल पदाधिकारी मैनाक बनर्जी आदि उपस्थित थे।

## नकली चांदी दिखा कर ज्वेलर्स दुकानदार से ठगी

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के काठीटांड स्थित शंकर ज्वेलर्स नामक दुकानदार से एक ठग द्वारा सोने का सामान लेकर फरार होने का मामला प्रकाश में आया है, जिसकी कीमत करीब 20 हजार रुपये है। जानकारी के मुताबिक काठीटांड स्थित शंकर ज्वेलर्स में सुरेश प्रसाद नामक एक व्यक्ति पहुंचा। उसने चांदी का एक भारी सामान दुकानदार को देकर बदले में 20 हजार रुपये मूल्य के सोने का आभूषण खरीदा। सुरेश के जाने के बाद जब दुकानदार विवेक सोनी ने चांदी की जांच की तो कोई अन्य वस्तु को निकला। दुकानदार उस व्यक्ति से परिचित नहीं था। पर ठग का चेहरा दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। मामले को लेकर दुकानदार विवेक सोनी ने रातू थाने में ठग के खिलाफ प्रथमिकी दर्ज करायी है। वहीं, पुलिस जांच में जुट गयी है।

## बचपन प्ले स्कूल में समर कैंप का आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** राजधानी रांची स्थित बचपन प्ले स्कूल में आयोजित एक सप्ताह के समर कैंप का गुरुवार को समापन हुआ। इसमें बच्चों को योग, म्यूजिक, डांस, स्वीमिंग और रचनात्मक कार्यों का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर राजधानी के चिंतक डॉ मयंक मुरारी ने कहा कि बच्चों के सृजनात्मक क्षमता के विकास में समर कैंप का अहम योगदान है। इसके माध्यम से बच्चों में कार्य करते हुए सीखने की प्रवृत्ति का विकास होता है। विद्यालय की संचालिका अनुपम श्रीवास्तव ने बताया कि 10 दिनों के कैंप में पूल गतिविधियां, भड़कीले गतिविधियां, नृत्य, पेंटिंग, शिल्प बनाना, पॉट लक, सिमुलेशन गेम, स्टोरी बताना, आगे बढ़ना और गेम जोन पर जाना आदि कार्यक्रम किये गये। समापन समारोह में राज आर्यन ने अतिथियों का स्वागत किया। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित माता -पिता, शिक्षकों और छात्रों को अहाना ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ

# किसानों से संवाद कर दी जायेगी उन्नत तकनीकियों की जानकारी : संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता



कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ करते केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, विधायक और अन्य।

**सिकिदिरी।** रांची मोराबादी स्थित दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र एवं रांची 'आत्मा' के संयुक्त तत्वावधान में विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। जिसका उद्घाटन केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, सिल्ली विधायक अमित कुमार और रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी भवेशानंद एवं जिला कृषि पदाधिकारी रमाशंकर प्रसाद ने किया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सहयोग से आईसीएआर अटारी, पटना, जोन-4 के दिशा निर्देश में हुआ है। जिसकी शुरुआत स्वामीजी, केंद्रीय मंत्री संजय सेठ सहित अन्य अतिथियों ने किया। वहीं, दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक डॉ अजीत कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने कहा कि इस कार्यक्रम के दौरान देश के 731 कृषि विज्ञान केंद्र, 113 आइसीएआर संस्थान एवं 2170 वैज्ञानिकों द्वारा किसानों के बीच सीधा संवाद कर उन्नत तकनीकियों की जानकारी दी जाएगी। कहा कि प्रधानमंत्री जी का संकल्प साल 2047 तक देश को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ देश बनाना है। वहीं, विधायक अमित कुमार ने रांची जिले में कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से किये जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की। जिला कृषि पदाधिकारी रमाशंकर प्रसाद ने विकसित कृषि संकल्प अभियान में सरकार की विभिन्न योजनाओं, मिट्टी स्वास्थ्य कार्ड बना कर किसानों को उचित खाद का उपयोग किये जाने संबंधित जानकारी दी। जबकि संस्थान के सचिव स्वामी भवेशानंद महाराज ने स्वामीजी के सपनों को पूरा करने में किसानों की अहम भूमिका होने और प्राकृतिक खेती से कृषि में लागत कम करने, मिट्टी के स्वास्थ्य को सुधार करने को लेकर विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान आईसीएआर के वैज्ञानिकों द्वारा धान, लाह एवं सब्जियों की खेती से संबंधित तकनीकि जानकारी दी गयी। वहीं, इफ्को के चन्दन कुमार ने धान एवं अन्य फसलों में नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का उपयोग कर 10-15 प्रतिशत उपज में वृद्धि होने की जानकारी दी। इस मौके पर डॉ राघव ठाकुर, डॉ सुरेश कुमार एवं डॉ सुदर्शन विश्वास के अलावा कार्यक्रम संचालन कृषि विज्ञान केंद्र के प्रफुल्ल सीओ और कृषि अभियंता ओपी शर्मा आदि मौजूद रहे। इस बीच रांची जिले के विभिन्न प्रखंडों से लगभग 350 किसान भी उपस्थित रहे।

## रानी नहीं, गरीबों-असहायों की माता थी अहिल्याबाई होलकर: दीपक बंका




आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** राजाउलातु पंचायत स्थित बाईबीएन यूनिवर्सिटी सभागार में भाजपा रांची ग्रामीण जिला के तत्वाधान में गुरुवार को रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर भव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज ने की। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष दीपक बंका उपस्थित थे। अपने संबोधन में दीपक बंका ने कहा कि पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर केवल एक शासक ही नहीं, बल्कि वे गरीबों और असहायों की सच्ची माता थीं। उन्होंने जीवन पर्यंत भगवान शिव की प्रतिनिधि के रूप में जनता की सेवा की। उन्होंने बताया कि एक सामान्य परिवार में जन्मी अहिल्याबाई ने विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए न सिर्फ राजकाज संभाला, बल्कि 30 वर्षों के शासनकाल में कई ऐतिहासिक कार्य किए। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों और सशक्तिकरण के लिए दहेज विरोधी कानून, विधवाओं के पुनर्विवाह को नैतिक समर्थन, महिलाओं की शिक्षा, सुरक्षा के लिए कानून, महिला सैन्य टुकड़ी का गठन जैसे कई कदम उठाए। उन्होंने किसानों की भी चिंता की और उन्हें किसी भी बाजार में अपनी उपज बेचने की स्वतंत्रता दी। शराब पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया और राज्य में डाक सेवा की शुरुआत की। वहीं, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होलकर ने सिर्फ राज्य की सीमाओं तक सीमित नहीं रहकर पूरे भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान के लिए कार्य किया। उन्होंने काशी विश्वनाथ, सोमनाथ जैसे प्रमुख मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया, चारधाम स्थलों और नदियों के किनारे घाटों का निर्माण कराया। कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व रानी अहिल्याबाई की राह पर चलते हुए समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति की सेवा कर रहा है। कार्यक्रम को भाजपा नेत्री शोभा यादव ने भी संबोधित किया। जबकि संचालन प्रभुदयाल बड़ाईक व धन्यवाद ज्ञापन प्रमोद सिंह ने किया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, टाटीसिलवे मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, भाजपा नेता संजीत सिंह, रितेश उरांव, प्रज्ञा भारती, मीनू सिंह, सरोज राय, शिल्पी शालिनी, सूरज शाहदेव, सुधाकर चौबे, माधुरी देवी, नेहा सिंह, नरेश साहू, बुधराम बेदिया, शशि मेहता, लक्ष्मण सिंह मुंडा, रेखा महतो, अम्बुज रजक, सुनील महतो, खगेश महतो, महावीर सोनी, शशिकांत सिंह, मेघनाथ महतो, सोहराय बेदिया, रामनाथ महतो, रूद्रेश्वर राय आदि मौजूद थे।

## मंडा पूजा सामाजिक समरसता का प्रतीक : नवीन जायसवाल



**पिस्कानगडी (आजाद सिपाही)।** नगडी मंडा पूजा समिति के तत्वावधान में राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में आयोजित ऐतिहासिक मंडा पूजा समापन समारोह में गुरुवार को शामिल सैकड़ों भोक्ताओं ने शिवामनी महेश के गगनभेदी जयकारा लगाते हुए श्रद्धालुओं के बीच आस्था के फूल की वर्षा कर समापन किया। झूलन समारोह में 280 भोक्ताओं ने श्रद्धालुओं के बीच श्रद्धा का फूल बरसाकर भगवान भोलेनाथ से क्षेत्र में सुख शांति और समृद्धि की कामना की। इस दौरान हटिया विधायक नवीन जयसवाल, जोहार पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष कुशवाह विजय महतो, भाजपा के प्रदेश नेत्री शोभा यादव, नगड़ी जिप सदस्य पूनम देवी सहित कई गण्यमान्य लोगों शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि मंडा पूजा सामाजिक समरसता का प्रतीक है। मंडा पूजा के माध्यम से लोग भगवान महादेव के अर्धनारीश्वर रूप का मंचन कर उनके प्रति अपनी सच्ची श्रद्धा भाव अर्पित करते हैं। इसे पूर्व बुधवार को मंडा पूजा में फुलखुदी के अवसर पर लगभग 300 भोक्ताओं और सौकताइन को गोसाई मोहन गोस्वामी ने विधिवत धुवा सुवा कराया। इसके बाद बंगाल से आयी 25 महिलाओं के छऊ कलाकार एवं हल्दीगडा गांव के छऊ टीम की ओर से महाभारत और रामायण का अद्भुत मंचन कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस मौके पर नगडी मंडा पूजा समिति के अध्यक्ष चुडामणी महतो, महामंत्री दिनेश केसरी, कार्यकारी अध्यक्ष बालकरण महतो, राहुल चौधरी, कोषाध्यक्ष आदित्य केसरी और सह कोषाध्यक्ष रवि केसरी ने नगडी मंडा पूजा को सफल बनाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। वहीं, कार्यक्रम के सफल आयोजन में समाजसेवी चुड़ामणि महतो, कार्यकारी अध्यक्ष बालकरण महतो, राहुल चौधरी, महामंत्री दिनेश केशरी, कोषाध्यक्ष आदित्य केशरी आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## गमगीन माहौल में हुआ छात्र का अंतिम संस्कार

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के राज विद्या केंद्र मोड़ के समीप बुधवार की रात नौ बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार किशोर बेड़ो पांडे पारा गांव निवासी पवन उरांव (17) की मौत हो गयी थी। गुरुवार की दोपहर पोस्टमार्टम के बाद का शव प्रखंड के पांडे पारा पैतृक गांव पहुंचा। शाम को गमगीन माहौल में शव का अंतिम संस्कार गांव के कब्रिस्तान में सरना रीति रिवाज से मिट्टी दिया गया। स्वजनों ने बताया कि पवन संत पीयूष स्कूल दिघीया बेड़ो में कक्षा नौवी का छात्र था।

## तकनीकी शिक्षा ही महिलाओं को आत्मनिर्भर और समाज को प्रगतिशील बनाने का माध्यम है : जैलेंद्र

'महिला सशक्तिकरण और प्रौद्योगिकी : परिवर्तन के लिए नवाचार का उपयोग' विषय पर संगोष्ठी आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता




**अनगड़ा।** जशपुरिया बीएड कॉलेज बीसा में 'महिला सशक्तिकरण और प्रौद्योगिकी : परिवर्तन के लिए नवाचार का उपयोग' विषय पर गुरुवार से दो दिवसीय संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन जशपुरिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन जैलेंद्र कुमार ने किया। अपने संबोधन में जैलेन्द्र कुमार ने कहा कि 'नवाचार आधारित तकनीकी शिक्षा ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और समाज को प्रगतिशील बनाने का माध्यम है। जशपुरिया संस्थान इसे एक सामाजिक उत्तरदायित्व के रूप में मानता है।' वहीं, विशिष्ट अतिथियों में दो प्रमुख पत्रकार संतोष सिन्हा और जितेन्द्र कुमार साहू उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ अनिल कुमार मिश्रा ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि 'जब महिलाएं तकनीकी शिक्षा से जुड़ेंगी तभी उनका सशक्तिकरण वास्तविक रूप में संभव होगा। शिक्षा और नवाचार इस परिवर्तन के मूल आधार हैं।' वहीं, संगोष्ठी के प्रथम दिन तकनीकी सत्र आयोजित किए गए जिनमें डिजिटल साक्षरता, स्टीएम क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, और ई-गवर्नेंस जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई। इस दौरान दो सहायक प्राचार्यों सहित बीएड सत्र 2024-26 के 12 प्रशिक्षुओं ने अपने शोधपत्र प्रस्तुत किये, जिन्हें विशेषज्ञों एवं प्रतिभागियों ने सराहा। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक प्रवीण सिंह कुशवाहा ने किया। जबकि संगोष्ठी की संयोजिका सहायक प्राध्यापक रीमा उपासना कच्छप, सह-संयोजिका सहायक प्राध्यापक विभा कुमारी एवं सहायक प्राध्यापक प्रभा हेनरी रहे। आरएंडडी समन्वयक के रूप में प्रवीण सिंह कुशवाहा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। विद्यार्थी समन्वयक के रूप में श्रुति वर्मा, पल्लवी कुमारी और गणेश कुमार मौजूद रहीं। वहीं, संपादकीय समिति में सहायक प्राध्यापक रीमा उपासना कच्छप, डॉ प्रियंका शर्मा, प्रवीण कुमार रवि, विभा कुमारी और सजीव कुमार ने प्रमुख योगदान दिया। तकनीकी संचालन एवं सहयोग में सहायक प्राध्यापक सारिता कुमारी, रोहित कुमार महतो, महफूज अंसारी, मनोहर सिंह, रश्मि कुमारी, काजल गोस्वामी आदि ने भूमिका निभायी। संगोष्ठी का दूसरा दिन (30 मई) भी विविध तकनीकी सत्रों और समापन समारोह के साथ आयोजित किया जायेगा।

## धोखाधड़ी और मारपीट का आरोपित बिल्डर गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

**कांके (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने धोखाधड़ी और मारपीट के आरोपी बिल्डर सतीश कुमार उर्फ सचिन को गुरुवार को गिरफ्तार कर होटवार जेल भेज दिया। सचिन के खिलाफ कांके के सेमरटोली में श्री इनक्लेव अपार्टमेंट के निर्माण में धोखाधड़ी और गड़बड़ी करने के साथ ही जमीन मालिक राम मनोहर मिश्र के साथ मारपीट, गाली गलौज एवं पैसा छिन लेने का आरोप है। बिल्डर सतीश कुमार उर्फ सचिन पर बिना प्रोजेक्ट के रियल स्टेट रेगुलेटरी ऑथारिटी (रेरा) में निबंधित कराए हुए ही फ्लैट का एग्रीमेंट एवं बिक्री करने का आरोप भी था। उसने अपार्टमेंट में आज तक जेनरेटर, इलेक्ट्रिकल पैनल, फायर फाइटिंग सिस्टम, तड़ित चालक आदि भी नहीं लगाया है। राम मनोहर मिश्र के फ्लैट के कार्य को भी आधा- अधूरा छोड़ कर भाग गया। बिल्डर सतीश कुमार ने आरआरडीए से न तो नक्शे को रिवैलीडेट कराया ना ही वहां से ऑक्युपेंसी सर्टिफिकेट ही लिया है। बिना इसके ही फ्लैटों की बिक्री भी जालसाजी करके कर दी है। आरआरडीए के अभियंता जांच दल ने और कई गड़बड़ियां भी पकड़ी थीं। बिल्डर सतीश कुमार कथित रूप से अपनी पहुंच और पकड़ से रेरा में भी केस को प्रभावित कर रहा था। उसने जमीन मालिक राम मनोहर मिश्र के फ्लैट को हैंडओवर भी नहीं किया है, जबकि रेरा कोर्ट ने उसको फ्लैट का हैंडओवर देने का आदेश दिया था। बताते चलें उसने रिनपास की सेवानिवृत नर्सिंग अधिकारी अनिता भौमिक का भी 24 लाख एग्रीमेंट के रूप में ले रखा है लेकिन आज तक उनकी राशि नहीं लौटाया और न ही फ्लैट ही वापस दिया है। हाल ही में अनिता भौमिक का स्वर्गवास हो गया है। वह परिवार अभी भी पैसे वापस होने का इंतजार कर रहा है।

## चार प्रशिक्षु आइएएस ने किया बेड़ो प्रखंड का दौरा



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** चार सदस्प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने गुरुवार को बेड़ो प्रखंड का दौरा कर कई महत्वपूर्ण जानकारियां ली। प्रशिक्षु आईएएस की टीम ने बीडीओ राहुल उरांव एवं सीओ प्रताप मिंज के नेतृत्व में मनरेगा पार्क और मसाला फैक्ट्री का निरीक्षण किया। इस दौरान सुव्यवस्थित मनरेगा पार्क की व्यवस्था देखकर प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी अभिभूत हुए। उन्होंने अपनी खुशी का इजहार करते हुए बीडीओ और उनकी टीम की सराहना किया। साथ ही किसानों की मेहनत और लगन को सराहते हुए मनरेगा पार्क को ग्रामीण क्षेत्र की विकास के लिए एक कारगर कदम बताया। मसाला फैक्ट्री के निरीक्षण के दौरान कहा कि महिलाओं को स्वालंबी बनाने का यह एक बेहतर माध्यम है। इसी क्रम में जेएसएलपीएस के सीएफएल की महिलाओं के साथ बैठक भी की। प्रशिक्षु आईएएस ने महिलाओं से उनके कार्यों के बारे में जानकारी लिया। मौके पर प्रशिक्षु आईएएस में आनंद शर्मा, नाजिश उमर अंसारी, सिद्धांत कुमार एवं हिमांशु लाल ने दौरान खुशी जताई। उन्होंने मुखिया अनीता बाड़ा एवं समाजसेवी बुधराम बाड़ा के कार्य की सराहना की। मौके पर बीपीएम संजय तिर्की, मुखिया अनीता बाड़ा, पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा और मुकेश कुमार आदि मौजूद थे।

## मुखिया, सचिव और रोजगार सेवक की मिलीभगत से होती है सरकारी राशियों की बंदरबांट : रमेश उरांव



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** विकास का रोडमैप तैयार करने के उद्देश्य से बीडीओ कामेश्वर बेदिया ने प्रखंड के सभी राजस्व ग्राम के ग्राम प्रधानों के साथ गुरुवार को प्रखंड कार्यालय में बैठक की। इसमें सभी ग्राम प्रधानों ने ग्राम सभा से संबंधित विकास कार्यों के बारे में अपने-अपने विचार रखें। वहीं, बीडीओ ने ग्राम प्रधानों को ग्राम प्रधान एवं ग्राम सभा के शक्ति के बारे में अवगत कराया। कहा कि ग्राम सभा की बैठक में ज्यादा से ज्यादा ग्रामीण की उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। सबकी सहभागिता से जनकल्याणकारी योजनाओं का चयन कर प्रस्ताव भेजें। हम ग्राम प्रधान के साथ तालमेल बनाकर काम करने के लिए तत्पर हैं। बैठक का संचालन ओरमांझी के ग्राम प्रधान महासंघ के अध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश ग्राम प्रधान महासंघ के अध्यक्ष रमेश उरांव ने किया। उन्होंने कहा कि सभी ग्राम प्रधान अपने राजस्व ग्रामों में ग्राम सभा कर योजना का प्रस्ताव पारित करते हैं। योजना तो पास हो जाती है, लेकिन लाभुक समिति बनाकर क्रियावन की बात आते ही ग्राम सभा को दरकिनार कर पंचायत सचिव, मुखिया, रोजगार सेवक एवं अन्य सरकारी कर्मचारी-मुंशी की मिली भगत से फर्जी ग्राम सभा कर सरकारी पैसों का बंदरबाट कर लिया जाता हैं। जिस कारण ग्राम सभा कमजोर होती है और ग्राम प्रधानों की अपेक्षा की जाती है। इस विषय पर बीडीओ से आग्रह किया गया कि इन सभी बातों पर अमल करते हुए अंकुश लगाने का काम करें। ताकि प्रखंड में बढ़ रहे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कई योजनाएं बिना ग्राम सभा से पारित हुई है। बिना लाभुक समिति बनाए योजना का क्रियावन किया जा रहा है, जो गलत है। उन सभी योजनाओं की जांच होनी चाहिए और दोषी कर्मचारी पंचायत सचिव, मुखिया और संबंधित पदाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। इस मौके पर झारखंड प्रदेश ग्राम प्रधान महासंघ के अध्यक्ष रमेश उरांव, ग्राम प्रधान प्रेमनाथ मुंडा बालक पाहन, सुखराम पाहन, बालेश्वर उरांव, शंकर उरांव घाणेनाथ करमाली, जेठू मुंडा, बिरसा हेंब्रम, मनसा उरांव, कमल मुंडा, सुकरा मुंडा, दीपक मुंडा, शंकर करमाली कलेश्वर मुंडा, महेंद्र मुंडा, दीनदयाल करमाली, कैलाश बेदिया, रामगोपाल बेदिया, जगेश्वर मुंडा, भरत मुंडा, भुवनेश्वर मुंडा, लखन मुंडा, बबलू मुंडा, रंजीत पहान आदि उपस्थित थे।

## कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय महाचंडी यज्ञ शुरू



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मंदरो में गुरुवार से आयोजित तीन दिवसीय महाचंडी का शुभारंभ 201 महिलाओं के कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। कलश यात्रा का नेतृत्व पूर्व सांसद राम टहल चौधरी ने किया। कलश यात्रा यज्ञ मंडप से निकल कर नदी तट पर पहुंचास जहां यजमान को मुख्य पुजारी ने विधिवत कलश में जल भरा कर ग्राम के मंदिरों का परिक्रमा कराते हुए यज्ञ मंडप पहुंचे। नदी से लाए गए जल से यज्ञ मंडप का शुद्धीकरण कर पूजन शुरू किया गया। संध्या आरती के साथ ही अखंड मानस पाठ शुरू हुआ। वहीं, यज्ञ को सफल बनाने में मुख्य पुजारी फल इंद्र पाहन, चंद्र पाहन, मानेश्वर पाहन, शहदेव पाहन, विनोद प्रजापति, बुध राम मुंडा, महेश महतो, नरेश मुंडा, सीताराम प्रजापति, तुलेश्वर महतो, रोहित प्रजापति, महेंद्र महतो, नारायण महतो, मोहन महतो, कृष्ण प्रजापति, कामेश्वर महतो, मनेश महतो, मुखिया दशमी मिंज, मीडिया प्रभारी प्रकाश महतो आदि की भूमिका सराहनीय है।

# अटरिया में प्रतिबंधित दवा के साथ एक गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** अटरिया गांव निवासी मुबारक खान और इम्मियाज खान के घर में प्रतिबंधित नशीली दवा होने की गुप्त सूचना पर टोटो थाना की पुलिस ने बुधवार को छापामारी की। छापामारी में मुबारक खान के घर से एक बोरा से 120 बोतल ओनरेक्स कफ सिरप, 864 पीस विनस्पास्मो कैप्सूल, साठ पीस न्यूटस्पेन टेबलेट बरामद किया गया। प्रतिबंधित नशीली दवा के साथ पुलिस ने मुबारक खान को गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद पुलिस ने इम्मियाज के घर की छापामारी की। इम्मियाज घर से भाग गया। उसके घर के शौचालय से एक बोरा में 208 बोतल ओनरेक्स कफ सिरप, विनस्पास्मो 1296 कैप्सूल, न्यूटस्पेन 100 कैप्सूल बरामद किया गया। गुमला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर महेंद्र कुमार करमाली ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त मुबारक खान का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। गुमला थाना में कांड संख्या दर्ज करते हुए मुबारक खान को जेल भेज दिया गया जबकि इम्तियाज की पुलिस तलाश कर रही है।

# बिजली तार चोरों के अंतर जिला गिरोह का पर्दाफाश, छह गिरफ्तार

**भारी मात्रा में चोरी का सामान और घटना में प्रयुक्त वाहन जब्त**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** हाइ टेंशन बिजली तार की चोरी कर छुपाने और बेचने के लिए बाहर ले जाने की योजना की मिली गुप्त सूचना के आधार पर रायडीह पुलिस ने आधा दर्जन चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चोरों में सुरेन्द्र उरांव 32 वर्ष रुद्र बानटोली थाना-चंदवा जिला-लातेहार, दीपक कुमार 31 वर्ष, पतरातू थाना-चान्हो जिला-रांची, खीस्तीयानुस एक्का 45 वर्ष चिरगांव, कृष्णा लोहरा 35 वर्ष चिरगांव थाना रायडीह, जिला-गुमला, अनुज महतो 28 वर्ष तपकारा थाना-पालकोट जिला-गुमला, फादर लोहरा 35 वर्ष गड़सरू थाना जिला गुमला के नाम शामिल हैं। इनके निशानदेही पर पुलिस ने चार बंडल बिजली तार लगभग ढाई सौ किलो, पांच हेक्सा ब्लेड कटर, एक बोलेरो वाहन, एक बोलेरो पिकअप वाहन, वजन करने वाला एक बड़ा इलेक्ट्रानिक मशीन, एक आई स्मार्ट मोटरसाइकिल और दो मोबाइल को जब्त किया है। पुलिस ने इनके खिलाफ रायडीह थाना में कांड संख्या 41/2025 दर्ज करते हुए जेल भेज दिया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ललित मीणा ने बताया कि रायडीह थाना क्षेत्र के मुरमकेला जंगल के एक खेत में चोरी का बिजली तार होने और उसे वाहन में लोड कर ले जाने की उन्हें गुप्त सूचना मिली थी। छापामारी के लिए टीम का गठन किया गया। पुलिस को देखकर सभी जंगल की ओर भागने लगे। पुलिस ने चार लोगों को खदेड़ कर पकड़ लिया जिनमें सुरेंद्र उरांव, दीपक कुमार, खीस्तीयानुस एक्का और कृष्णा लोहरा के नाम शामिल थे। कुछ लोग भागने में सफल हो गये। पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार किया। इनके निशानदेही पर अनुज और फादर लोहरा की गिरफ्तारी हुइ है। चार अपराधी फरार है जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। यह सभी कर जिस गांव में शादी होती थी उसी गांव में चोरी की घटना को अंजाम देते थे ताकि पुलिस उन तक ना पहुंच पाये पूर्व में भी कई स्थानों पर इन्होंने चोरी की घटना को अंजाम दिया था गुरुवार की अपराह्न 4 बजे सभी आरोपी को न्यायालय में पेश करते हुए जेल भेज दिया गया।

# सफी नदी के पास से बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर पुलिस ने अवैध बालू तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गुरुवार को सुबह लगभग 8 बजे सफी नदी छठ घाट के पास से अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त किया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में बालू तस्करों में हड़कंप मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चैनपुर थाना प्रभारी को गुप्त सूचना मिली थी कि सफी नदी से अवैध रूप से बालू उठाया जा रहा है। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए चैनपुर थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी की। पुलिस को देख ट्रैक्टर चालक और मजदूर मौके से भाग निकले। पुलिस दोनों ट्रैक्टरों को जब्त कर अपने साथ थाना ले आयी है और आगे की कार्यवाही में जुट गयी है। पुलिस ने बताया कि जिला खनन पदाधिकारी को भी सूचना दे दी गयी है। बता दें कि चैनपुर क्षेत्र में शंख और सफी नदी से हर दिन बालू का अवैध उठाव होता है। हालांकि, यहां फिलहाल किसी भी घाट की नीलामी नहीं हुई है। इसके बावजूद बालू तस्कर चोरी-छिपे बालू उठाकर ग्रामीणों को ऊंचे दामों में बेच रहे हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध कारोबार पर लगाम लगाने की उम्मीद जताई जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि आगे भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे, ताकि क्षेत्र में अवैध रूप से हो रहे बालू की तस्करी पर रोक लगायी जा सके।

# पेड़ से टकरायी बाइक, वृद्ध की मौत

**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर थाना क्षेत्र के केडेग गांव निवासी किशोर टोप्पो पिता मार्टिन टोप्पो (54) की गुरुवार को मोटरसाइकिल दुर्घटना में मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि किशोर टोप्पो गांव के ही याकूब एक्का के साथ हराड़ीपा गये थे हराड़ीपा से वापस केडेग लौटने के दौरान सुगासरवा गांव के पास चालक याकूब एक्का अनियंत्रित होकर पुटकल के पेड़ में टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही पीछे बैठे किशोर टोप्पो की मौत हो गयी। इस दुर्घटना से घबराए चालक याकूब एक्का मौके से किशोर और मोटरसाइकिल को छोड़ फरार हो गये। स्थानीय लोगों के अनुसार याकूब को भी हल्की चोट लगी है। इधर स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना चैनपुर पुलिस को दी घटना की सूचना मिलते ही चैनपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने मोटरसाइकिल को जब्त कर थाना ले आयी है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। बता दें कि चैनपुर थाना क्षेत्र में लगातार हो रही मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक सप्ताह के अंदर पांच लोगों की मौत हो चुकी है।

# मांगों को लेकर रसोइया, संयोजिका और अध्यक्षों ने किया धरना प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** राज्य भर की रसोइयों, संयोजिकाओं और अध्यक्षों ने अपनी मांगों को लेकर डीएसइ कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया। साथ ही देवकी देवी, जिला अध्यक्ष सह प्रदेश अध्यक्ष ने मांग पत्र सौंपा। उन्होंने सरकार को से कहा कि गरीब तबके की समस्याओं का समाधान जरूरी है। मांग पत्र में छह प्रमुख मांगें रखी गयी। पहली, सभी रसोइयों और संयोजिकाओं को न्यूनतम वेतन दिया जाए। दूसरी, अध्यक्ष और संयोजिका को भी रसोइयों की तरह मानदेय से जोड़ा जाये। तीसरी, जब तक स्थायी नियमावली नहीं बनती, तब तक रसोइयों की सेवा 60 वर्ष तक बाध्यकारी की जाए। यदि कोई रसोइया असमर्थ हो, तो उसके परिवार के किसी सदस्य को काम पर रखा जाये। मांग में कहा गया कि काम के दौरान चोट या जलने की स्थिति में उचित इलाज कराया जाए। किसी अंग की क्षति होने पर मुआवजा मिले। मृत्यु की स्थिति में आश्रितों को 5 लाख रुपये का बीमा लाभ दिया जाए। पांचवीं मांग में सभी रसोइयों और संयोजिकाओं को पेंशन योजना और एपीएफ से जोड़े जाने की बात कही गयी। मकुन्दा मध्य विद्यालय की रसोइया मीना देवी को 2018 में हटाया गया था। उपायुक्त रांची और जिला शिक्षा अधीक्षक रांची ने उसे रखने का मौखिक आदेश दिया था। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी इटकी ने दो बार लिखित आदेश दिया, फिर भी मीना देवी को काम पर नहीं रखा गया। उसका बकाया मानदेय भी नहीं दिया गया। विधवा मीना देवी आज भुखमरी की स्थिति में है। उसे तुरंत काम पर रखा जाए और बकाया राशि दी जाए। प्रबंधन समिति के पुनर्गठन में संयोजिका के चयन का कोई उल्लेख नहीं है, फिर भी कई संयोजिकाओं को हटा दिया गया। इन्हें भी वापस रखा जाये। देवकी देवी ने कहा कि यदि मांगें जल्द नहीं मानी गईं, तो राज्य भर की रसोइया, संयोजिका और अध्यक्ष हड़ताल पर जायेंगी। इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी। इस दौरान डीएसई ने वार्ता कर उनकी मांगों को सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

# सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मौत

**कामडारा (आजाद सिपाही)।** गांव गाड़ा के समीप सड़क दुर्घटना मे गंभीर रुप से जख्मी हुए एक अज्ञात व्यक्ति की मौत अस्पताल मे इलाज के दौरान हो गयी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कामडारा प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत गांव गाड़ा के समीप खूंटी-सिमडेगा मुख्य पथ पर बीती बुधवार की रात लगभग आठ बजे के आसपास अज्ञात वाहन के चपेट मे आने से लगभग 60 वर्षीय एक व्यक्ति गंभीर रुप से जख्मी हो गया था।वहीं घटना की खबर लगते ही कामडारा पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और उक्त घायल व्यक्ति को उठाकर ईलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कामडारा मे भर्ती करा दिया। लेकिन इधर आज गुरुवार की सुबह मे इलाजरत उक्त व्यक्ति की मौत हो गयी। वहीं चिकित्सकों ने तुरंत कामडारा पुलिस को इसकी सूचना दी। उसके बाद कामडारा पुलिस ने उक्त अज्ञात व्यक्ति के शव की शिनाख्त और पोस्टमार्टम के लिये गुमला ले जाने की तैयारी मे लगी हुई थी।

# सांता पब्लिक स्कूल प्रबंधन ने डीसी को किया अभिनंदन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला के शास्त्री नगर स्थित सांता पब्लिक स्कूल के प्रबंधन समिति ने नवपदस्थापित उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित से मुलाकात की। विद्यालय के संरक्षक शंकरलाल जाजोदिया, निदेशक हेमंत कुमार ने उपायुक्त को बुके देकर अभिनंदन किया। मौके पर शंकरलाल जाजोदिया ने कहा कि गुमला पिछड़ा जिला है और निश्चित रूप से आपसे गुमला जिले वासियों को काफी उम्मीदें हैं। आपके नेतृत्व में गुमला जिला नई ऊंचाइयों में पहुंचेगा। वहीं निदेशक हेमंत कुमार ने कहा कि उपायुक्त से गुमला की जनता को काफी उम्मीदें हैं। उन्होंने उपायुक्त से जिले में रोजगार सृजन,नशामुक्ति और पर्यटक के क्षेत्र में कार्य करने की अपील की।शिक्षित बेरोजगारों के लिए रोजगार के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने की अपील की। उपायुक्त ने गुमला के भौगोलिक स्थिति और दूरस्थ क्षेत्रों की जानकारी ली। साथ ही भरोसा दिया कि सभी के सहयोग से गुमला का चहुमुंखी विकास होगा।

# एनडीआरएफ ने लोगों को आपदा से निपटने का दिया प्रशिक्षण



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** गृह मंत्रालय भारत सरकार और एमएचए के तत्वावधन में प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को एनडीआरएफ की ओर से आपदा से निपटने को लेकर लोगों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीडीओ सुलेमान मुंडरी और सीओ शेखर वर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम में एनडीआरएफ की टीम ने विभिन्न प्रकार के आपदा से निपटने के लिए प्रखंडकर्मियों समेत अन्य लोगों को प्रशिक्षण दिया। इस दौरान एनडीआरएफ के उप निरीक्षक हेमंत तिवारी एवं उनके टीम ने प्रखंड कर्मियों एवं उपस्थित आम लोगों को विभिन्न प्रकार के प्राकृतिक आपदा से राहत एवं बचाओ कार्य की जानकारी दी। थंडरिंग से बचाव और पानी में डूब रहे व्यक्ति का बचाव कैसे करें, रक्तस्राव को नियंत्रित करने, सीपीआर, सर्पदंश, हृदय रोग, सड़क सुरक्षा के दौरान शारीरिक क्षति से संबंधित बचाव की भी जानकारी दी। इस दौरान अंचलाधिकारी ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण आम लोगों को जागरूक और सक्षम बनाते हैं। इस मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता से मिला चैंबर प्रतिनिधि मंडल



**गुमला (आजाद सिपाही)।** चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश सिंह की अध्यक्षता में चेंबर का एक प्रतिनिधि मंडल गुमला बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता बिनय सिंह से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस मुलाकात में बिजली विभाग से संबंधित कई समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। अध्यक्ष राजेश सिंह ने सर्वप्रथम बरसात शुरू होने से पहले नगर में जितने भी जर्जर तार हैं उसे दुरुस्त करने की मांग की। दूसरे नंबर में डुमरडीह स्थित उर्मि चौक के पास जो स्विच खराब है उसे ठीक करने की मांग रखी गई। उसके बाद ट्रॉली ट्रांसफार्मर की संख्या बढ़ाने और उसके साथ हाइड्रा और पिकअप गाड़ी की व्यवस्था करने की मांग की । पदाधिकारी द्वारा सभी मांगों पर गंभीरता दिखाते हुए डुमरडीह स्थित स्विच को तुरंत फिर से चालू करने की बात कही गई, ट्रॉली ट्रांसफार्मर और हाइड्रा के लिए वरीय पदाधिकारी को पत्राचार करने की बात कही गई, नगर में जो जर्जर तार हैं उसे दुरुस्त रखने के लिए आगामी रविवार को दिन में 2 घंटे बिजली बाधित कर जहां-भी पेड़ की डाली गिरने की आशंका है जिससे तार क्षतिग्रस्त होता है उसे कटवाने की बात कही गई। मौके पर चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल सचिव बबलू वर्मा पी आर ओ प्रतीक अग्रवाल और बिजली विभाग के सह चेयरमैन पंकज सोनी आदि उपस्थित थे।

# भूतपूर्व सैनिक संगठन ने निकाली तिरंगा रैली

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में भूतपूर्व सैनिक संगठन के द्वारा गुरुवार को तिरंगा रैली निकाला गया जो ब्लॉक परिसर से शुरू होकर चांदनी चौक तक पहुंचा। इस दौरान देशभक्ति गाना व नारा लगाते हुए सभी भूतपूर्व सैनिक रैली में शामिल हुए। भूतपूर्व सैनिकों ने सामूहिक रूप से बताया कि तिरंगा रैली देश के वीर जवानों के सम्मान में निकाला गया है। जिस तरह से हमारे वीर जवानों ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में बैठे आतंकवादियों व उसके ठिकानों को नष्ट करने का काम किया है यह काबिले तारीफ है। हमें हमारे जवानों पर गर्व है। साथ ही उन्होंने युवाओं को देश सेवा के लिए आगे आने का आग्रह भी किया है। इस मौके पर मुख्य रूप से पी रमा राव, लालधर कुजूर, विलियम कुजूर, विजाय किंडो, महादेव भगत, वासुदेव नारायण मुंडा सहित कई लोग मौजूद थे।

# अंबेडकर के बनाये हुए संविधान को बदलना चाहती है भाजपा: बेला प्रसाद

आाजद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** संविधान बचाओ रैली को लेकर कांग्रेस के प्रदेश सह प्रभारी बेला प्रसाद ने गुरूवार को प्रेस वार्ता की। स्थानीय परिसदन में उन्होंने पत्रकारों को बताया कि 6 जून को प्रदेश स्तरीय संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी भीमराव अंबेडकर के बनाए हुए संविधान को बदलना चाहती है। भारतीय जनता पार्टी शासित भारत की सरकार हर उसे नियम को बदलना चाहती है जिसमें भारत के सभी लोगों को बराबर का अधिकार मिल सके। उन्होंने आगे कहा कि संविधान बचाओ रैली की व्यापक तैयारियां हो रही हैं जल्द ही दूसरा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस आयोजन की तैयारी पर विस्तृत चर्चा की जायेगी।

## रांची स्थित सिरमटोली फ्लाइ ओवर रैंप में नहीं गयी है आदिवासियों की जमीन : बंधु


सिरमटोली फ्लाई ओवर मामलेमें कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि सिरमटोली फ्लाईओवर में सरना स्थल की एक इंच जमीन नहीं गये है। उन्होंने कहा कि सरकार की नजर सरना स्थल के समीप बनने वाले रैंप पर है। सरकार सरना स्थल से लगी और जमीन सरना स्थल को दिलाने पर विचार कर रही है। आगे कहा है कि संविधान के मुददे पर भाजपा झूठ की राजनीति कर रही है। भाजपा कभी नहीं चाहती कि संविधान बचे। बाबा साहब डॉक्टर भीमराम आंबेडकर के संविधान को कमजोर करने के लिए भाजपा काम कर रही है। लेकिन कांग्रेस ऐसा होने नहीं देगी। कांग्रेस संविधान को बचाने के लिए पूरे देश में आंदोलन कर रही है।

# प्रखंड और अंचल कर्मियों को प्राकृतिक आपदा से बचाने का प्रशिक्षण मिला




**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को एनडीआरएफ के पांच सदस्यी टीम के द्वारा प्रखंड व अंचल कर्मियों को प्राकृतिक आपदा से बचाने का प्रशिक्षण दिया गया। ताकि कर्मी आम लोगों को इसकी जानकारी दे सके। इस दौरान बीडीओ दिनेश कुमार व आशीष कुमार मंडल के अलावे कई लोग मौजूद रहे। एनडीआरएफ के एसआइ हेमंत कुमार तिवारी ने लोगों को बताया कैसे प्राकृतिक आपदा से बचाना है। यदि सांप काट ले तो सांप को पहचानने का तरीका, वज्रपात, भूकंप से बचने का तरीका, सड़क दुर्घटना या किसी भी तरह की घटना से खून निकलने पर उसे तत्काल रोकने का तरीका, हृदय गति रुकने पर सीपीआर करने का तरीका साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में यदि बाढ़ आती है तो प्लास्टिक बोतल या बड़ा जरकिन को अपने शरीर में बांध ले तो पानी में डूबने से बचा जा सकता है। साथ ही आपदा से बचने के लिए कई अहम जानकारी दी गयी। बीडीओ और सीओ ने कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा है कि जो भी प्रशिक्षण ने सिखाया गया है उसे आम लोगों को बताए ताकि आपदा से बचा जा सके। इस मौके पर मुख्य रूप से बीडिओ दिनेश कुमार, सीओ आशीष कुमार मंडल, प्रमुख सबिता देवी, बीपीओ बेबी कुमारी, शंकर साहू, उपेंद्र उरांव, शंकर खेरवार, विकास गुप्ता, विवेक साहु और कलेश्वर साहू सहित के लोग मौजूद थे।

# जलमीनार ठीक कराने की मांग को लेकर कांग्रेस नेता ने बीडीओ को सौंपा आवेदन



**सिसई (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत के ग्रमिणो के शिकायत पर पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष सह कांग्रेस नेता गंगा उरांव ने नगर पंचायत के डेढ़ दर्जन खराब जलमीनार का भौतिक रूप से निरीक्षण किया। खराब जलमीनार का गांव/टोला घोड़तोपा, चरभैया, कटइदामर, लालमाटी पोड़ल टोली, लालमाटी स्कूल टोली, कुसुम टोली, सिसकारी,मेरंगबीरा खाश,मेरंगबीरा नीचे टोली, समाइध, गोंदरोटोली, नगर खाश बजरंग मंदिर, भंडार टोली, बगालटोल, इत्यादि गांवों के जलमीनार वर्षो से खराब पड़ा हुआ है। खराब जलमीनार को ठीक करने के लिए कांग्रेस नेता गंगा उरांव के नेतृत्व में, प्रखंड विकास पदाधिकारी रमेश यादव को एक लिखित आवेदन देकर शीघ्र मरम्मति कराने के लिए कहा गया है। श्री उरांव ने कहा कि एक पंचायत के निरीक्षण में डेढ़ दर्जन खराब जलमीनार है, इससे साफ जाहिर होता है कि बाकी पंचायत का भी यही र्दुदशा होगा, इस लिए प्रखंड प्रशासन सभी पंचायतों की जांच कर खराब पड़े जलमीनार एवं चपानल की शीघ्र मराम्मति हो, मौके पर, कांग्रेस पूर्व मंडल अध्यक्ष बिहारी भगत, रामधारी सिंह, जयराम उरांव,करीम अंसारी, द्वारिका साहू अनुज साहू रविन्द्र उरांव,गंदुर मुंडा आदि कई लोग शामिल थे।

## स्पोर्ट्स



चार दिनों चलने वाले इस टूर्नामेंट में जमशेदपुर के कदमा क्रिकेट अकादमी, पटना की ईशान किशन अकादमी अकादमी एवं रांची के हरमू यूथ क्लब, अरविंदो यूथ क्लब की क्रिकेट टीम हिस्सा ले रही है

# चार दिवसीय समर कप अंडर 14 टी- 20 क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**मैकलुस्कीगंज।** रिवोल्यूशन स्पोर्टस के तत्वावधान में चार दिवसीय समर कप अंडर 14 टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज गुरुवार को मैकलुस्कीगंज के सखुआ टांड स्थित राजा बंगला में किया। मौके पर उपस्थित झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय नाथ सहदेव, पूर्व अंतराष्ट्रीय वालीबाल कोच शेखर बोस, मिहिर टोप्पो कामेश्वर प्रसाद एचपी सिंह नितेश सहदेव निशांत सिंह राजीव वर्मा सत्यम कुमार विशाल शर्मा सचिन गिरी ने संयुक्त रूप से विधिवत उद्घाटन किया। चार दिनों चलने वाले इस टूर्नामेंट में जमशेदपुर के कदमा क्रिकेट अकादमी, पटना की ईशान किशन अकादमी अकादमी एवं रांची के हरमू यूथ क्लब, अरविंदो यूथ क्लब की क्रिकेट टीम हिस्सा ले रही है। प्रत्येक टीम तीन-तीन मैच एक खेलेगी। 1 जून को इस टूर्नामेंट का फाइनल खेला जायेगा। इस का उद्घाटन मैच इशान किशन अकादमी और हरमू यूथ के बीच खेला गया जिसमें हरमू यूथ ने 9 विकेट से जीत दर्ज की पहले बल्लेबाजी करते हुए इशान किशन अकादमी ने 20 ओवरों में 4 विकेट खोकर 96 रन ही बना पायी। दिन के दूसरे मुकाबले में अरविंदो क्रिकेट क्लब ने कदमा क्रिकेट क्लब को 87 रनों से हरा दिया पहले बल्लेबाजी करते हुए अरविंदो की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 2 विकेट खोकर 178 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में कदमा क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 19 ओवरों में 91 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी।

# सीएम की पहल पर गरीब आदिवासी छात्रा की आंखों की रोशनी लौटी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिशुनपुर।** प्रखंड के तुमसे गांव की रहने वाली गरीब आदिवासी छात्रा मनीषा कुमारी केराटोकोनस नामक आंख का असाध्याय बीमारी से ग्रसित थी। इधर परिवार आर्थिक रूप से कमजोर होने कारण उसका इलाज कर पाने में असमर्थ थे। तभी राजकीय मध्य विद्यालय तुमसे के शिक्षक सुधीर तिग्गा के नेतृत्व में विद्यालय के शिक्षक सुनील भारती, उमावती कुमारी हाई स्कूल बिशुनपुर के शिक्षक निखिल सिंह, चरण उरांव सहित कई लोगों ने मिलकर उसे आर्थिक सहायता प्रदान किया, जिसके बाद उसका इलाज प्रारंभ हुआ। परंतु चिकित्सकों के द्वारा बताया गया कि इस बीमारी का इलाज आयुष्मान भारत कार्ड के अस्पताल में संभव नहीं है और सहायता से मिले राशि से उसका पूरा इलाज संभव नहीं है, क्यूंकि मनीषा के आंख का लेंस को चेंज करना है। जिस कारण परिजन इलाज के लिए दर-दर भटक रहे थे तभी समाचार पत्रों में मनीषा कुमारी की कहानी छापने के बाद झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मामले को संज्ञान में लिया और गुमला जिला के तत्कालीन उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी को मनीषा का इलाज करने में आर्थिक मदद करने की बात कही। जिसके बाद उपायुक्त के पहल पर गुमला रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा मनीषा के आंख में लेंस लगाने के लिए 75 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान किया गया। इसके बाद मनीषा का इलाज रांची कोकर स्थित मातृ प्रेरणा आई हॉस्पिटल में प्रारंभ हुआ। इधर इलाज के दौरान ठहरने खाने एवं जांच के अलावा कई अन्य प्रकार की परेशानी होने लगी तो बिशुनपुर प्रखंड के मंजीरा निवासी देवघर पालोजोरी अंचलाधिकारी अमित भगत के द्वारा उन्हें आर्थिक मदद की गयी। जिसके बाद मनीषा के लिए फोरन से आंख का लेंस मंगा कर लगाया गया।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 30 मई, 2025
www.azadsipahi.in
11

### कोलकाता में कोल इंडिया के चेयरमैन से मिले पूर्व विधायक, आउटसोर्सिंग कंपनियों की शिकायत की

# कोलियरियों के मजदूरों को न तो वेतन, न ही मिल रही कोई अन्य सुविधा: डॉ लंबोदर

- पूर्व विधायक ने कोल इंडिया के चेयरमैन से मिलकर हाई पावर कमेटी के समझौत के अनुपालन कराने का किया अनुरोध

आजाद सिपाही संवाददाता



कोलकाता में कोल इंडिया के चेयरमैन से मुलाकात करते डॉ लंबोदर महतो एवं अन्य।

**बोकारो।** पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद से मिलकर बोकारो जिला अंतर्गत सीसीएल क्षेत्र से संबंधित विभिन्न समस्याओं की ओर उनका ध्यान आकृष्ट कराया है। साथ ही समाधान की दिशा में जरूरी कदम उठाने का आग्रह किया है। डॉ लंबोदर महतो ने कोलकाता में चेयरमैन से मिलकर उन्हें इस बात से अवगत कराया कि कथारा कोलियरी स्वांग फेज टू कोलियरी एवं जारंगडीह कोलियरी में संचालित सभी आउटसोर्सिंग कंपनियों द्वारा हाई पावर कमेटी के समझौत के तहत मजदूरों को न तो वेतन भुगतान हो रहा है न ही अन्य सुविधाएं दी जा रही है। इसको देखते हुए हाई पावर कमेटी के समझौते का पालन कराया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कथारा क्षेत्र के विभिन्न परियोजनाओं में संचालित आउटसोर्सिंग कंपनियों द्वारा झारखंड सरकार के निर्देशों की अवहेलना बदस्तूर जारी है। आलम यह है कि नौकरी नहीं दी जा रही है। इस स्थिति को देखते हुए 75 प्रतिशत प्रभावित विस्थापितों को नौकरी मुहैया कराई जाए। कहा कि कथारा, स्वांग जारंगड़ीह आदि वाटर फिल्टर प्लांट कई दशकों से तकनीकी रूप से खराब एवं जर्जर स्थिति में है। मजदूर कॉलोनियों के साथ ही प्रभावित ग्रामीण विस्थापितों के घरों तक नदी का गंदा पानी कई दशकों से सप्लाई किया जा रहा है। मजदूर एवं उनके परिवार सहित ग्रामीणों के स्वास्थ्य को देखते हुए इन सभी जगह पर नया वाटर फिल्टर प्लांट स्थापित करने की जरूरत है। उन्होंने कथारा कोलियरी के कोयले के फेमस में लगी भीषण आगलगी एवं जहरीले धुएं से ग्रामीणों को निजात दिलाने पर जोर देते हुए कहा कि इसके कारण बड़ी आबादी वाली झिरकी सहित अन्य गांव के लोग गंभीर बीमारियों की चपेट में तो आ ही रहे हैं। ग्रामीणों के घर के धंसने की वजह भी बन रही है। उन्होंने कथारा वाशरी प्लांट में अधिकारियों एवं अभियंताओं की कमी को दूर करने और जलपान गृह में मजदूरों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कराए जाने की भी वकालत की। कथारा क्षेत्र के विभिन्न परियोजनाओं में कार्मिक प्रबंधन अधिकारी की कमी की चर्चा की। वहीं ऑक्शन हुए मशीनों के इंजन, ट्रांसमिशन सेल्फ फिल्टर टर्बोचार्जर पीटी पंप रेडी वाटर आदि कई कीमती पार्टस पुर्जों को भी लोहा स्क्रैप के साथ मिलाकर परियोजना से बाहर भेजे जाने का आरोप लगा। कहा कि बरती गयी इस वित्तीय अनियमिता की उच्च स्तरीय जांच कर ठोस कार्रवाई की जाए। वहीं, पूर्व विधायक की बातों एवं मांगों को ध्यानपूर्वक सुनकर चेयरमैन ने समुचित कार्रवाई करने को लेकर आश्वस्त किया।

## 9 जुलाई की हड़ताल को लेकर संयुक्त ट्रेड यूनियन की बैठक

**कथारा/बेरमो (आजाद सिपाही)।** कथारा क्षेत्र में गुरुवार को संयुक्त ट्रेड यूनियन की बैठक रीक्रिएशन क्लब में हुई। जिसकी अध्यक्षता इंटक नेता वेदव्यास चौबे और संचालन एक्टू नेता बालेश्वर गोप ने किया। इसमें आगामी 9 जुलाई की हड़ताल की तैयारी को लेकर चर्चा की गयी। सर्वसम्मति से एनसीओईए सीटू नेता पीके विश्वास ने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार मजदूर विरोधी है। चार लेबर कोड लाकर मजदूरों को गुलाम बनाने पर आमादा है। अगर यह लेबर कोड लागू हो जाता है तो 8 घंटे की जगह 12 घंटा काम लिया जाएगा और मजदूरों को हड़ताल करने एवं आंदोलन करने का अधिकार को समाप्त कर दिया जाएगा। जेबीसीसीआई सहित सभी प्रकार की बनी हुई कमेटी को समाप्त कर दिया जाएगा। कोल इंडिया सहित संपूर्ण सार्वजनिक उद्योग को बड़े उद्योगपतियों के हाथों सौंप दिया जाएगा। इसलिए अपने उद्योग को बचाने और मजदूरों की 24 सूत्र मांगों पर 9 जुलाई के हड़ताल को सफल करने का आह्वान किया गया है। वक्ताओं ने कहा कि यह लड़ाई मजदूरों के जीवन मरन की लड़ाई है। 19 जून को कथारा ऑफीसर्स क्लब में एक विशाल कन्वेंशन करने का प्रस्ताव रखा गया। जिसे सर्वसम्मति से सभी ने सहमति जतायी। जिसमें राष्ट्रीय नेताओं को भी आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही 16 जून की बैठक में आगे की रणनीति तय की जाएगी। जिसमें बाइक रैली, पिट मीटिंग, मशाल जुलूस एवं पर्चा के माध्यम से हड़ताल को शत प्रतिशत सफल बनाने का निर्णय लिया जाएगा। मौके पर श्रमिक नेता अजय कुमार सिंह, बालेश्वर गोप, इकबाल अहमद, पीके विश्वास, कमलेश गुप्ता, चंद्रशेखर झा, निजाम अंसारी, अशोक रविदास, बालगोबिंद मंडल आदि मौजूद थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग,**
**भवन प्रमण्डल, हजारीबाग**

**शुद्धिपत्र/सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं०– 14/2025–26, PR संख्या –352852 Building (25-26)*D द्वारा प्रकाशित निविदा अपरिहार्य कारणवश रद्द की जाती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 353838 (Building)25-26*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची।**

**ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

टेन्डर रेफरेंन्स नं0–प0नि0वि0/राँची–03/2025–26 दिनांक :–28.05.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | नामकुम–डोरण्डा पथ के विभिन्न कि0मी0, (कुल लम्बाई 2.50 कि0मी0) में RCC Drain के निर्माण कार्य वर्ष 2025–26. |
| 2. | प्राक्कलि राशि (रू0 लाख में) | रू0 281.06743 लाख (रूपये दो करोड़ इक्यासी लाख छः हजार सात सौ तैंतालीस रूपये) मात्र। |
| 3. | अग्रधन की राशि (रू0 लाख में) | रू0 2.82 लाख (रूपये दो लाख बेरासी हजार) मात्र। |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 04 (चार) माह |
| 5. | वेबसाईड पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 30.05.2025 10.30 बजे पूर्वाह्न |
| 6. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/ समय | 19.06.2025 12.00 बजे दोपहर तक |
| 7. | निविदा खोलने तिथि/ समय | 20.06.2025 12.30 बजे |
| 8. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल राँची, मोहराबादी, राँची–834008. |
| 9. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 0651–2361018 |
| 10. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651–2403007 |

- प्राक्कलित राशि एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है, जिसे *Tender Online Upload* में देखा जा सकता है, एवं किसी भी प्रकार का बदलाव *http://jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।
- पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदकों के लिए *UCAN* निबंधन आवश्यक है।
- नियम एवं शर्तें के लिए वेबसाईट *http://jharkhandtenders.gov.in* पर देखें।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल,राँची।

PR 353789 (Road Construction Dept Road Division Ranchi) 25-26 (D)


## महुदा में मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़, पांच गिरफ्तार

- भारी मात्रा में देशी पिस्टल, अर्द्ध निर्मित हथियार एवं अन्य उपकरण बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास/धनबाद।** जिले के महुदा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंगड़ा बस्ती में बुधवार की शाम कोलकाता एसटीएफ, रांची एटीएस और धनबाद पुलिस की संयुक्त टीम ने 45 वर्षीय मुर्शीद अंसारी के झोपड़ीनुमा घर में छापामारी कर वहां संचालित मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। वहां से देशी पिस्टल, अर्धनिर्मित हथियार, हथियार निर्माण में प्रयुक्त औजार सहित अन्य उपकरण बरामद किया गया है। बाघमारा एसडीपीओ पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुर्शिद अपने घर के एक कमरे में अवैध रूप से मिनी गन फैक्ट्री स्थापित कर देशी पिस्तौल का निर्माण कर रहा था। इस कार्य में पांच शामिल थे। फैक्ट्री संचालन के संबंध में कागजात की मांग करने पर कोई भी वैध कागजात नहीं दिखा पाया। पूछताछ के दौरान पांचों व्यक्तियों ने बताया कि वे लोग अवैध रूप से देशी पिस्तौल बनाकर अलग-अलग अपराधकर्मियों एवं गिरोहों को उपलब्ध कराते थे। एसडीपीओ ने कहा कि मिनी गन फैक्ट्री से बरामद सभी समानों को जब्त कर मकान मालिक मुर्शिद अंसारी सहित बिहार के रहने वाले मोहम्मद सब्बीर अंसारी, मोहम्मद मुस्तफा उर्फ मुस्सु, मोहम्मदं परवेज उर्फ रिंकू, मोहम्मद मिस्टर को गिरफ्तार कर दिया। उन्हें महुदा थाना में कांड अंकित कर सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अदालत में पेश किया, जहां से सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वहीं, छापामारी दल में महुदा अंचल पुलिस निरीक्षक ममता कुमारी, कतरास थाना प्रभारी असित कुमार सिंह, रांची एटीएस पुअनि समीर भगत टीम, कोलकाता एसटीएफ के सार्जेंट सप्तऋषि बोस, महुदा थाना प्रभारी मुकेश शुमार सिंह, पुअनि अब्दुल कलाम असारी, पुअनि लव कुमार चौधरी (मधुबन थाना), पुअनि चिरंजीव प्रसाद (बाधमारा थामा प्रभारी), पुअनि प्रवीण कुमार (अंगारपथरा ओपी प्रभारी), पुअनि रुपेश कुमार दूबे (ईस्ट बसुरिया ओपी प्रभारी), सअनि पतरस संगा (महुदा थाना), सशस्त्र बल के हवलदार लालेश्वर राम (महुदा थाना), आरक्षी कपिलदेव राम, आनंद कुमार महतो, सतीश कुमार महतो, मुकेश कुमार महतो, सुबल कुमार गयाली, रणवीर कुमार, सिदाम महतो आदि शामिल थे।

## 10 बेसहारा बच्चों को मिला डालसा का सहारा



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से शुरू किए गए बेसहारा बच्चों के लिए अभियान साथी के तहत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी सह डालसा चेयरमैन की ओर से गठित टीम ने 10 बेसहारा बच्चों को रेस्क्यू किया। सभी पूर्वी टुंडी प्रखंड के थे। जिनके माता और पिता दोनों नहीं हैं। टीम के सदस्यों ने बच्चों को रेस्क्यू कर अवर न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव मयंक तुषार टोपनो के समक्ष पेश किया। अवर न्यायाधीश ने सीडब्ल्यूसी एवं सरकारी विभाग के सहयोग से सभी 10 बेसहारा बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना से जोड़ दिया। इस बाबत जानकारी देते हुए न्यायधीश ने बताया कि योजना के तहत अब बच्चों को प्रत्येक महीना चार हजार रुपया उनके बालिक होने तक सरकार की ओर से दिया जाएगा, ताकि वो अपनी पढ़ाई लिखाई सुचारू रूप से कर सके। बताया कि साथी परियोजना के तहत गरीब-लाचार बच्चों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए योजना चलाई जा रही है। नालसा द्वारा साथी परियोजना लांच किया गया है जिसके तहत धनबाद जिले के सभी प्रखंडों एवं पंचायत में रह रहे अनाथ बच्चों, शेल्टर होम एवं सड़क किनारे रह रहे बच्चों को आधार कार्ड एवं अन्य सरकारी योजनाएं जैसे राशन कार्ड, स्पॉन्सरशिप स्कीम आदि से जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि अधिकार मित्र ओमप्रकाश दास की ओर से 10 अनाथ बच्चों को चिन्हित किया गया था। सभी कागजी कार्रवाई करवा कर स्पॉन्सरशिप स्कीम का लाभ लेने के लिए सीडब्ल्यूसी धनबाद में गवर्नमेंट वेरिफिकेशन एवं बच्चों का काउंसलिंग करवाया गया। जल्द ही इन सभी बच्चों को स्पॉन्सरशिप स्कीम के तहत चार-चार हजार रुपया की राशि मिलना शुरू हो जाएगी। न्यायाधीश ने कहा कि साथी परियोजना को सार्थक करने के लिए जिले के प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर कार्यरत अधिकार मित्रों से समय-समय पर बैठक कर कार्य की जायजा लिया जा रहा है।


**कार्यालय, प्राचार्य, इंदिरा गाँधी बालिका विद्यालय, हजारीबाग**

**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 01/2025**

इंदिरा गाँधी बालिका विद्यालय, हजारीबाग में जुलाई 2025 से निम्नलिखित सामग्रियों की आपूर्ति हेतु मुहरबन्द निविदा प्राचार्य इंदिरा गाँधी बालिका विद्यालय, हजारीबाग के पदनाम से आमंत्रित की जाती है। ये निविदा दिनांक 24.06.2025 को 01.00 बजे अपराहन् तक प्राप्त की जायेंगी तथा प्राप्त निविदा दिनांक 24.06.2025 को 03.00 बजे अपराहन में उपस्थित निविदादाता या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। निविदा में सभी सामग्रियों का दर विद्यालय प्रागंण तक परिवहन व्यय सहित होगा। क्रय की जाने वाली सामानों की कोटि निम्नांकित है :–

| क्रम सं0 | सामग्रियों का नाम | सत्र |
|---|---|---|
| 1 | सब्जी एवं फल | जुलाई 025 से दिसम्बर 025 तक के लिए |
| 2 | लेखन/ सफाई / विद्युत सामग्री एवं जल–कल व्यवस्था संबंधी सामग्री | जुलाई 025 से जुलाई 026 तक के लिए |
| 3 | पोशाक धुलाई | जुलाई 025 से जुलाई 026 तक के लिए |
| 4 | विद्यालय पाकशाला में लगाए गए गैस चुल्हा, गैस पाईप लाईन इत्यादि का मरम्मत एवं वार्षिक रख–रखाव। | जुलाई 025 से जुलाई 026 तक के लिए |

क्रय की जाने वाली सामग्रियों की सूची, ठेके की शर्त, अग्रधन राशि इत्यादि से संबंधित पूर्ण विवरण बिल ऑफ क्वांटिटी में अंकित रहेगी। बिल ऑफ क्वांटिटी दिनांक 17.06.2025 से 23.06.2025 तक कार्यालय खुला रहने के दिन ई–चालान के माध्यम से 50/–रू0 प्रत्येक सामग्री के लिए जमा कर चालान की प्रति कार्यालय में जमा करते हुए हाथों–हाथ प्राप्त किया जा सकता है।

राशि E-GRAS में जाकर निम्न हेड में जमा करना है –
1- 58-SCHOOL EDUCATION AND LITERACY DEPARTMENT (SECONDARY EDUCATION DIVISION)
2- MAJOR CODE-0202 शिक्षा, खेलकूद, कला तथा संस्कृति
3. सामान्य– 02020160001000101
4- Office Name- HZBEDN137 PRINCIPAL IGBV HZB
5- RECEIPTS TYPE:-0101-RECEIPT

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचनापट्ट पर देखी जा सकती है।

ह0/–
प्रभारी प्राचार्य,
इंदिरा गाँधी बालिका विद्यालय,
हजारीबाग

PR 353840 School Education and Literacy (25-26)_D


## स्काउट प्रशिक्षण शिविर का समापन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** भारत स्काउट्स एंड गाइड्स जिला संघ के अध्यक्ष सह मंडल रेल प्रबंधक के मार्गदर्शन में चल रहे स्काउट प्रशिक्षण शिविर का गुरुवार को समापन हो गया। इसमें कुल 48 बच्चों ने भाग लिया। साथ ही रेलवे कॉलोनी में एक रुट मार्च निकाला गया। ताकि द भारत स्काउट एंड गाइड्स का प्रचार- प्रसार हो और बच्चे भी जुड़ सके। शिविर में बच्चों को स्काउट एंड गाइड्स के नियम, प्रतिज्ञा, टर्न आउट और नोटिंग के बारे में बताया गया। पूरे समय में बच्चों को खेल के माध्यम से स्काउटिंग गतिविधियों से जोड़े रखा गया। सभी प्रतिभागियों का प्रशिक्षण पूरा होने के बाद प्रशस्ति पत्र देकर उनका हौसला अफजाई की गयी। समापन समारोह सर्वधर्म प्रार्थना सभा से शुरू हुई। उसके बाद एक मूल्यांकन सभा हुई। बाद में नियमित झंडा तोलण कर स्काउट प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया। वहीं, कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला आयुक्त (स्काउट) सह वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी अशोक कुमार सहित अन्य का सराहनीय योगदान रहा।

## अनियंत्रित ऑटो पलटा, महिला-बच्चों सहित सात घायल

**राजगंज (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के डोमनपुर हाईवे पर गुरुवार को ऑटो के अनियंत्रित होकर पलट जाने से उसमें सवार दो महिला और दो बच्चों सहित कुल सात लोग घायल हो गए। घायलों में दलूडीह निवासी संतोष मिस्त्री की बेटी रिया कुमारी(22), बरवाअड्डा निवासी नरेश प्रसाद चौरसिया, प्रधानखांता निवासी मुसरी देवी और कलावती देवी शामिल है। जिसमें रिया के दोनों पैर, हाथ, कमर और चेहरे पर गहरी चोटें आई हैं। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## पूर्वी टुंडी सीओ ने जमीन पर अवैध कब्जे के खिलाफ की कार्रवाई



**टुंडी (आजाद सिपाही)।** पूर्वी टुंडी अंचल क्षेत्र के बड़बाद गांव में गैराबाद जमीन पर अवैध कब्जा को लेकर सीओ सुरेश प्रसाद वर्णवाल ने गुरुवार को कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि बड़बाद गांव में अवैध रूप से जमीन कब्जा किया जा रहा था। उन्होंने प्रभारी अंचल निरीक्षक दिलीप कुमार सिंह, राजस्व कर्मचारी विजय कुमार, अंचल अमीन राजकुमार के साथ जमीन पर पहुंचे और जेसीबी की मदद से अवैध कब्जा को हटवा दिया। इसके बाद उक्त प्लॉट पर सरकारी बोर्ड भी लगवा दिया। साथ ही उन्हें चेतावनी दी गयी कि पूर्वी टुंडी में जो भी सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर रहे हैं जल्द ही अपना अवैध कब्जा हटा ले। ऐसा नहीं करने पर उस पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि जो भी व्यक्ति गैर आबाद भूमि पर अवैध कब्जा या अतिक्रमण करेंगे उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बुटबाड़ी के जंगल में छापामारी, भारी मात्रा में कोयला जब्त, एक हिरासत में



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** धनबाद जिले के निरसा, चिरकुंडा और पंचेत क्षेत्रों में हो रहे कोयले के अवैध उत्खनन के खिलाफ पुलिस काफी सक्रिय हो गई है। बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर चिरकुंडा थाना प्रभारी रामजी राय के नेतृत्व में बुटबाड़ी के सूनसन जंगलों में छापामारी कर भारी मात्रा में चोरी का कोयला जब्त किया गया। पता चला है कि पुलिस ने 2500 बोरियों में भरकर रखे गये करीब 35 टन कोयला जब्त की है। लगे हाथ पुलिस ने मौके से शाहिद अंसारी नामक एक युवक को भी हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। वहीं, चिरकुंडा थाना प्रभारी रामजी राय ने बताया कि इस मामले में जाहिद अंसारी, बलराम राय और राजेश राम उर्फ माइकल के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जबकि जब्त कोयले को बगल में स्थित एक भट्ठे के जिम्मे पर दे दिया गया है।

## दो थानों के सीमा विवाद में तीन घंटे पड़ा रहा शव

### आपसी सहमति के बाद महुदा थाने ने उठाया महिला का शव

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** महुदा 4 लेन स्थित तारगा के पास निर्माणाधीन पेट्रोल पंप के पीछे जंगल में गुरुवार की सुबह एक अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ। इसकी सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। इसकी सूचना महुदा, मधुबन एवं धर्माबांद थाने को दी गई, लेकिन सीमा विवाद के चलते पुलिस के बीच असमंजस की स्थिति बनी रही। कोई भी थाना शुरूआत में शव उठाने को तैयार नहीं हुआ। इस कारण करीब तीन घंटे तक शव मौके पर ही पड़ा रहा। बाद में आपसी सहमति के आधार पर महुदा पुलिस ने विवादित क्षेत्र को अपनी सीमा मानते हुए शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है। समाचार लिखे जाने तक महिला की पहचान नहीं हो सकी है। वहीं, शव की स्थिति देखते हुए हत्या की आशंका जताई जा रही है। हालांकि महुदा थाना प्रभारी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल महिला के शव की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा**

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना– N.I.T. No.-04/2025-26

पत्रांक :– 449 दिनांक :– 29.05.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा। |
| 2. | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि– | 04.06.2025 के अपराह्न 1.00 (एक) बजे तक । |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 05.06.2025 के अपराह्न 3.00 (तीन) बजे तक । |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 05.06.2025 के अपराह्न 3.30 (साढ़े तीन) बजे । |
| 5. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, चतरा । 2. सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमण्डल सं0 01 चतरा का कार्यालय। |
| 6. | निविदा प्राप्ति का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, भवन प्रमण्डल चतरा। |
| 7. | कार्य की विवरणी | |

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्रा0 राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction Of Car Parking,Drain andLaying Of Paver Block for Open Gym , Boundary Wall Painting at Judicial Officers Colony, Chatra. | 15,48,300.00 | 31000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 2. | Renovation Of HSC at 22 Court Chatra , Dist-Chatra For The Year 2024 -25 | 6,64,600.00 | 14000.00 | 1250.00 | 01 Months |

नोट :– 1. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचनापट् पर देखा जा सकता है।
2. बैंक ड्राफ्ट निविदाकार के नाम से ही निर्गत होना चाहिए।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, चतरा

PR 353842 Building (25-26)_D

JAISWAL CCTV
अपने शहर राँची में एक कॉल पर घर या ऑफिस में टेक्निशियन बुलाएं
ऑफिस घर या दुकान में CCTV कैमरा लगवाएं
INTERCOM
BIOMETRICS
CCTV
9431584423
Raj Complex, Radium Road, Kutchery Road, Ranchi

Mob.: 9523367777, 9931699449
SRI SAI ENTERPRISES
Khelgaon Chowk, Dipatoli, Ranchi - 834009

EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
PRE-SCHOOL
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG & CLASS 1 TO 5
AGE FROM-1.8 TO 11 YEARS
Heureka, Euphonics, Mathlab, Scientific-Spark, Eurofit, Yogakids, Euro-Music, Mindful+
ENROL NOW! 2025-26
Rims Road, Tunki Tola, Kokar Ranchi // Mob:-7903079507 / 8092334348

ADMISSION OPEN
50 % OFF
TILL JUNE 2025
L.P. PUBLIC SCHOOL
50+ Years of Trusted Early Education in KOKAR
Opposite Paridhan, Near Jeep Showroom
KOKAR

WELCOME TO KIDS SECOND HOME — ESTD. - FEB-2014
LITTLE STAR KIDS PLAY SCHOOL
Your's Favorite Preschool
8252797609
Chuna Bhatha Road, Near Dislreey Pull, H.B. Road, Kokar, Ranchi (Jharkhand)

KHAN ACADEMY
CLASSES FOR SCIENCE & COMMERCE
Admissions Going On
9th | 10th ALL BOARDS
9th | 10th ALL BOARDS
7529917589, 8294330776
2ND FLOOR AVINASH COMPLEX, EAST JAIL ROAD
OPP - DR. AMIT MUKHERJEE HOSPITAL, RANCHI

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery | Nursery | KG - I | KG - II
Tiril Road, Kokar, Ranchi | 9661169815

Success Ladder Classes
Admission Open
Pre Foundation
V, VI, VII, VIII, XI, X
CBSE, ICSE, JAC
All Subject
50% OFF
English Spoken
Foundation Batch
11th & 12th
Math, Phy. Che. & BIO
+91 94303 23661
+91 87891 14335
1st Floor, Vijyvargia Complex HB. Road, Kokar
NEar Madan Dhaba, Ranchi - 834001

Mehta Hotel
MUTTON CHAWAL
CHICKEN TANDOORI
CHICKEN CHAWAL
PARATHA
BIRYANI
FISH CHAWAL
VEG THALI
TAWA ROTI
DRINK & BEVERAGES
Laxmi Tower, Near Maheshwari Hotel, Ranchi
9771477499

Saddam
7645010000
H.Q. MOTORS
Sale Purchase & Exchange of used Bike & Scooty
हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुरानी मोटरसाईकिल एवं स्कूटी की खरीद और बिक्री होती है।
रिपेयरिंग और सर्विसिंग होती है।
फाइनेंस उपलब्ध है
Old Hazaribag Road, Near, Mangal Tower, Kanta Toli Ranchi

A Jewel for every Tradition
Glossy Jewels
Let's Shine Everyday
अब आपके शहर रांची में
स्टर्लिंग सील्वर ज्वेलरी और प्रीमियम आर्टिफिशियल ज्वेलरी का विशेष संग्रह अब एक छत के नीचे
Special offer :
• Flat 20% off on Sterling Silver Jewellery
• Flat 50% off on Artificial Jewellery
Glossy Jewels.com
Near Satyabhama Tower, Hazaribagh Road, Lalpur, Ranchi-834001
Team of Glossy Jewels
@glossyjewels Contact@glossyjewels
7667873439

।। श्री गणेशाय नमः ।।
।। जय माँ काली मईया ।।
पं० शम्भुनाथ उपाध्याय
दिन सोमवार से शनिवार
समय : सुबह 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे, 3 बजे से रात्रि 08 बजे तक
दिन रविवार
समय : सुबह 7:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक
इन्द्रजीत भवन, पहाड़ी मंदिर के सामने, बानें मंजिल रोड, राँची-834001
9431585446 | 7903633179

Reg. no. JH-20-0100987
BUBU PLAY SCHOOL
ADMISSION OPEN
SESSION 2025-26
AGE GROUP
Play Group - 2 to 3 years
Nursery - 3 to 4 years
L.K.G - 4 to 5 years
U.K.G - 5 to 6 years
ADDRESS
NAGRI - BUKRU
(NEAR JATRA MAIDAN)
KANKE, RANCHI (JH.)
834006
REGISTER NOW
CONTACT NO.
+91-9334814668
+91-9798295759
WEBSITE :bpsranchi.com
EMAIL ID : bubuplayschool2025@gmail.com

MEENA GENERAL HOSPITAL
(A Unit of Meena Hospital Pvt.Ltd.)
SPECIALTIES
Anesthesiology.
Critical Care.
Dental.
Internal Medicine.
Lab & Radiology.
Obstetrics & Gynecology
Ophthalmology
Pediatrics & Neonatology.
Urology.
General Surgery.
Orthopedics & Trauma.
Physiotherapy.
Ambulance Facilities
Ghujadih, G.T.Road, Near Kulgo Toll Plaza, P.s.- Dumri, Giridih, (Jh.) 8969984705

7903636615
8434179089
www.shreebharatplywood.com
shreebharatplywood@gmail.com
SHREE BHARAT PLYWOOD
PLYWOOD | LAMINATES | VENEER
OLD H.B ROAD, KOKAR, RANCHI - 834001

Dr. Anup's
HLCCS
रांची में
स्किन एवं लेजर सेन्टर
चर्म रोग चिकित्सा केन्द्र
सभी प्रकार के चर्म रोग एवं गुप्त रोग एवं कॉस्मेटिक सर्जरी के लिए सम्पर्क करें।
Mob. 09334334935, 09431529553
हरमू बाई पास रोड, पूर्णा विहार Opp. माही रेस्टोरेन्ट, अरगोड़ा, रांची-834002

आँख अस्पताल
THIRD EYE CLINIC
अच्छा देखना सबका अधिकार
आंखो का विश्वस्तरीय जाँच
नेपाल के सुप्रसिद्ध डॉक्टर के द्वारा
DR. VISHAL CHOUDHARY
MBBS, MS (OPHTHAL) (RIMS RANCHI)
FICO (I) (U.K. LONDON)
Hospital : N.H.-33 Near Madarsha, Irba, Ormanjhi, Ranchi - 7903381944
Branch : Bandhgadi, Dipatoli, Ranchi - Mob.: 9031984410

PROPERTIES DEALER
जमीन, फ्लैट, मकान
खरीदने व बेचने एवं अपनी जमीन में बिल्डर द्वारा फ्लैट बनवाने के लिए
सम्पर्क करें
मो. 8102553784
9308973643
WATER WORLD
बोरिंग के लिए संपर्क करें ।
Lower P.P. Compound Near Gurunanak, School, Ranchi

100% आयुर्वेदिक 100% इलाज
आयुर्वेदिक अपनाएँ खुशहाल जीवन पाएँ ।
शुगर / बी. पी / थाइरॉड / जोड़ो में दर्द / खूनी बवासीर / खाँसी / दम्मा / सांस का रोग/T.V. / मोटापा का 100% ईलाज / लकवा साईटिका /पथरी का 100% ईलाज / दाद / खाज / खुजली / बालों का झड़ना सभी प्रकार का ईलाज किया जाता है ।
यहाँ मशीन के द्वारा भी चेकअप किया जाता है ।
जोड़ों का दर्द में 24 से घंटे में रिजल्ट देखें 100%
7296007167
NH.33 अनान्दी, ओरमाँझी, रांची, झारखण्ड

NEON ENTERPRISES
8210108590
8789361453
8709790158
आधार सुधार
पैन कार्ड
वोटर कार्ड
मजदूर कार्ड
E-STAMP
राशन कार्ड
पैसा निकासी
स्मार्ट कार्ड प्रिंट
अपोइंटमेंट लेकर जाने से
फार्म नहीं भरना पड़ता है
लाईन नही लगना पड़ता है
काम जल्दी हो जाता है
फोटो कॉपी
ड्राइविंग लाइसेंस
पासपोर्ट फोटो प्रिंट
जाति, आवासीय, आय
जमीन रसीद होल्डिंग
ऑनलाइन फार्म
पीएफ अप्लाई
Digital Print Designing & Advertising
Shop No.110(A) मंगल टावर, कांटाटोली चौक, राँची (झारखंड)

प्रकाशित
झारखंड अधिविद्य परिषद, राँची द्वारा आयोजित वर्ग-XI की बोर्ड परीक्षा - 2025 के लिए JCERT, राँची द्वारा जारी नये संशोधित पाठ्यक्रम (बहुविकल्पीय प्रश्न) पर पूर्णतः आधारित एक अत्यंत महत्वपूर्ण परीक्षोपयोगी प्रश्न का उत्तर सहित संकलन
Verma's Today CHAPTER WISE CLASS - XI 2025
ARTS, SCIENCE, COMMERCE
All Subjects Combined in ONE BOOK
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
VERMA PRESS PVT. LTD.
RANCHI (JHARKHAND)

श्री KRISHNA
Pure Veg Restaurant
202, 2nd Floor, Pitamber Estate, Khelgaon Chowk, Dipatoli, Ranchi
[Wedding | Corporate Parties | Birthday | Anniversary]
&
Breakfast & Lunch Packets
0651 3139475, 81020 89531, 9942000940
Indian - Rajasthani - South Indian - Chinese

EXPERIENCE Happy Riding
मात्र ₹ 38,000/- On Road
• बैटरी स्कूटी
• कम लागत
• कम रखरखाव
• लाइसेंस मुक्त
• एक साल की वारंटी
• 60 किलोमीटर रेंज
CONTACT FOR DEALERSHIP
J.K SALES
Pillar No. 83, In Between O.T.C. Ground & Piska More
Ratu Road, Beside M-Bazar, Lakdi Tall, Ranchi
M.- 9386070011

TEXMO
Borewell Submersibles
Single Phase/Three Phase
Domestic/Agricultural/Industrial Pumps
AQUATEX
Agricultural Monoblocks
Open-well Submersibles Pumps
Pressure Boosting Systems
Since : 1956
Eleven Times Export Award Winner
Manufactured Exclusively by
AQUASUB ENGG. COIMBATORE
Authorised Dealer : PUMPS & PRIMOVERS
Dr. Fateullah Road, Ranchi-834001, Jharkhand
Ph.: 0651-3580818, Mob.: 9431108785, 9334702026, 9234300862
Website : www.pumpsandprimovers.co.in, Email : jai.kissan553@gmail.com

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। संपादक : हरिनारायण सिंह, स्थानीय संपादक* : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, राज्य समन्वय संपादक : अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची में रहेगा। फोन : 9264434560, R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109, Postal Registration No. RN/249/2019-21